नई दिल्ली
सोमवार, 5 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 20
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 34

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

साक्षी बने श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट



25 लाख श्रद्धालुओं ने कराया चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के प्रमुख चारधामों में से एक बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार को विधिवत रूप से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। जैसे ही कपाट खुले तो मंदिर परिसर 'जय बद्री विशाल' के जयकारों से गूंज उठा और सेना के बैंड की मधुर धुनों ने इस पावन अवसर को और भी भव्य बना दिया। कपाट खोलने से पहले सुबह 4 बजे मंदिर समिति के अधिकारियों, कर्मचारियों ने मंदिर परिक्रमा में हिस्सा लिया और 4 बजकर 30 मिनट पर श्री कुबेर जी ने दक्षिण द्वार से मंदिर परिक्रमा में प्रवेश किया। सुबह साढ़े पांच बजे से द्वार ▶▶ शेष पेज 7 पर

### पुष्कर सिंह धामी ने की पूजा-अर्चना

इस दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की गई, जिससे पूरा धाम भक्तिमय हो गया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी इस अवसर पर श्री बद्रीनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने भगवान बद्रीनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने स्थानीय ▶▶ शेष पेज 7 पर

पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यूरोपीय देशों को सुनाई खरी-खरी

# हिंदुस्तान को नहीं चाहिए ज्ञान देने वाले, हमें सहयोगियों की जरूरत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में तनाव का माहौल है। दोनों देश युद्ध की कगार पर आ खड़े हुए हैं। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े एक्शन लिए हैं। इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूरोप समेत पूरी दुनिया को एक सीधा और साफ संदेश दिया है। विदेश मंत्री ने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत सहयोगियों की तलाश में है। हमें सहयोगी चाहिए केवल उपदेश देने वाले लोग नहीं चाहिए। उन्होंने कहा ऐसे लोगों की कोई आवश्यकता ▶▶ शेष पेज 7 पर

*भारत भागीदारों की तलाश कर रहा है, न कि ऐसे उपदेशकों की जो अपने देश में उन्हीं सिद्धांतों का पालन नहीं करते।*



### भारत और रूस के संबंधों पर क्या बोले विदेश मंत्री?

*उधर, भारत और रूस के संबंधों के एक सवाल पर उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच संसाधन प्रदाता और संसाधन उपभोक्ता के रूप में महत्वपूर्ण तालमेल और पूरकता है। जहां तक रूस का सवाल है, हमने हमेशा यह दृष्टिकोण अपनाया है कि एक रूसी यथार्थवाद है जिसकी हमने वकालत की है।*

### ग्लोबल राजनीति में भारत की भूमिका?

जयशंकर ने वैश्विक राजनीति में भारत की भूमिका का भी जिक्र किया और कहा कि दुनिया के किसी भी कोने में होने वाली कोई भी महत्वपूर्ण घटना देश के लिए मायने रखती है। इससे यूरोप पर बदलाव का दबाव बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मल्टीपोलरिटी की वास्तविकताएं सामने आ रही हैं। मुझे लगता है कि यह अभी भी पूरी तरह से समायोजित और आत्मसात नहीं हुआ है। अमेरिका ने नाटकीय रूप से अपने रुख में बदलाव किया है। चीन वही कर रहा है जो वह कर रहा था। कॉन्फ्रेंस में भारत की भूमिका विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत की भागीदारी के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि देश चार दशकों से अधिक समय से अंटार्कटिका में सक्रिय है और हाल ही में एक समर्पित नीति और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से आर्कटिक में अपनी भागीदारी को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि अंटार्कटिका के साथ हमारी भागीदारी पहले से भी अधिक थी, जो अब 40 वर्षों से अधिक हो गई है। हम ▶▶ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### छात्रों का जनेऊ उतारा ब्राह्मणों का प्रदर्शन

**कलबुर्गी।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में नीट के एक परीक्षा केंद्र के समक्ष ब्राह्मण समुदाय के सदस्यों ने रविवार को विरोध प्रदर्शन किया और समुदाय के कुछ छात्रों को 'जनेऊ' उतारने के लिए कहने वालों की जवाबदेही तय करने की मांग की। रविवार को ब्राह्मण अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले जनेऊ उतारने को कहा गया या उसे काट दिया गया।



### वक्फ मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सोमवार को सुनवाई करेगा। पहले सरकार ने शीर्ष अदालत के प्रश्नों के मद्देनजर इस कानून के दो मुख्य बिंदुओं के कार्यान्वयन पर रोक लगा दी थी। केंद्र ने वक्फ में कोई नियुक्तियां नहीं करने का भरोसा दिया था।



### लैंडिंग के दौरान दीवार से टकराया ट्रेनी विमान

**लखनऊ।** अलीगढ़ एयरपोर्ट में रविवार दोपहर पायलट ट्रेनिंग के दौरान एक प्लेन क्रैश हो गया। 4 सीटर इस प्लेन के अंदर सिर्फ ट्रेनी पायलट प्रणव जैन मौजूद था, जो प्लेन उड़ा रहा था। हालांकि प्लेन की स्पीड स्लो होने की वजह से पायलट को कोई नुकसान नहीं हुआ।



पाकिस्तान के खिलाफ भारत उठा रहा है ताबड़तोड़ कदम

# कसा और शिकंजा, चिनाब का पानी रोका हर 6 मिनट में चलेगी एक मिलिट्री ट्रेन

*एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने पीएम मोदी से की मुलाकात*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान के खिलाफ चौतरफा शिकंजा कस रहा है। पहले सिंधु जल समझौते को सस्पेंड किया, इसके बाद रविवार को बड़ा एक्शन लेते हुए भारत ने बगलिहार बांध के जरिए चिनाब नदी का पानी रोक दिया।

इसी तरह झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी कड़ा कदम उठाने की तैयारी चल रही है। एक सूत्र ने बताया कि जम्मू के रामबन में बगलिहार जलविद्युत बांध और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता है। चिनाब का पानी रोकने से पाकिस्तान और अधिक मुसीबतें बढ़ ▶▶ शेष पेज 7 पर

*पाकिस्तान का समर्थन करने वाले 39 लोगों को असम से गिरफ्तार किया*



### 50 किमी की ऊंचाई से निगरानी करने वाले सिस्टम का परीक्षण सफल

डीआरडीओ ने मध्य प्रदेश के श्योपुर ट्रायल साइट से स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म की पहली उड़ान की सफल टेस्टिंग की। इसे 17 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया। स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म एक ऐसी टेक्नोलॉजी है जो पृथ्वी की सतह से लगभग 20 से 50 किलोमीटर की ऊंचाई पर स्थित वायुमंडलीय परत स्ट्रैटोस्फियर ▶▶ शेष पेज 7 पर

### इमरान और बिलावल का एक्स अकाउंट बैन

भारत में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व मंत्री बिलावल भुट्टो का एक्स अकाउंट बैन कर दिया गया है। यह कार्रवाई पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत विरोधी गतिविधियों और बयानों को ▶▶ शेष पेज 7 पर

राजनाथ की पाक को चेतावनी

### देश जैसा चाहता है, पीएम मोदी उसी भाषा में देंगे जवाब

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्से का माहौल बना हुआ है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दिल्ली में संस्कृति जागरण महोत्सव में पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी दी। राजनाथ ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 7 पर



### भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ उठाए 5 बड़े कदम

- भारत ने चिनाब नदी का पानी रोका
- इमरान,बिलावल,फवाद सहित 13 हस्तियों के एकाउंट बंद किए
- डीआरडीओ ने स्टैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेट फार्म का परीक्षण किया
- प्रधानमंत्री मोदी और एयरचीफ मार्शल की 40 मिनट हुई गुफ्तगू
- यात्री ट्रेनों की टाइमिंग को री-शेड्यूल या रद्द करने का ब्लू प्रिंट तैयार

जम्मू-कश्मीर के रामबन में दर्दनाक हादसा

# सेना का वाहन 700 फीट गहरी खाई में गिरा, तीन जवान शहीद



एजेंसी ▶▶ रामबन/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। सेना का ट्रक फिसलकर करीब 700 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन जवान बलिदान हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे-44 पर बैटरी चश्मा के पास सुबह 11:30 बजे हुआ। सेना का यह ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे एक काफिले का हिस्सा था। हादसे के तुरंत बाद, एसडीआरएफ, ▶▶ शेष पेज 7 पर

- हादसे में शहीद हुए सैनिकों की पहचान हुई

### बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुईः सिंह

एसएसपी रामबन कुलबीर सिंह ने कहा कि बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। सेना के एक वाहन का चालक, जो काफिले का हिस्सा था, वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वाहन खाई में लुढ़क गया। वाहन में तीन लोग सवार थे। दुर्भाग्य से, तीनों की मौत हो गई। पुलिस दल, क्यूआरटी, सेना, सीआरपीएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और ऑपरेशन को अंजाम दे रही हैं। हम शवों को निकालने और उन्हें ऊपरलाने की कोशिश कर ▶▶ शेष पेज 7 पर



### आर्मी कैंप में आग, जवानों ने संभाला मोर्चा

उधर, दूसरी घटना लद्दाख के लेह में हुई। जहां रविवार को एक आर्मी कैंप में आग लग गई, जिसके तत्काल बाद भारतीय सेना के जवानों ने आग पर काबू पा लिया। यह मामला लेह के डिग्री कॉलेज के पास मौजूद आर्मी कैंप का बताया जा रहा है। इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। आर्मी कैंप में धधक रही आग पर सेना के जवानों ने काबू पाया। हालांकि, दमकल विभाग की एक गाड़ी भी मौके पर पहुंची। एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें जवान सेना के एक टैंकर में चढ़कर पानी निकाल रहे हैं और आग पर पानी छिड़क रहे हैं।

14 जून को जारी होगा रिजल्ट

# सुरक्षा के बीच देश के 552 शहरों में हुई नीट परीक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रविवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई। देशभर के 552 शहरों के करीब पांच हजार केंद्रों एवं 14 विदेशी सेंटर्स पर करवाया गया है। परीक्षा संपन्न होने के बाद अब एनटीए की ओर से कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा और इसके बाद 23 लाख से अधिक स्टूडेंट्स का रिजल्ट जारी किया जाएगा। ब्रोशर में दी गई डिटेल के मुताबिक रिजल्ट 14 जून 2025 को घोषित किया जाएगा। भोपाल में दोपहर 2 बजे से शुरू हुई परीक्षा शाम 5 बजे तक चली। हालांकि सुबह 11 बजे से ही छात्रों का सेंटरों पर पहुंचना शुरू हो गया था। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि नीट की परीक्षा के लिए 35 सेंटर बनाए गए थे। इसमें 14 हजार स्टूडेंट्स एग्जाम में शामिल हुए। सभी सेंटरों पर सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त रखने पुलिस की व्यवस्था की गई थी। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में सिर्फ एडमिट कार्ड, आइडेंटी कार्ड और पानी की बॉटल ले जाने की अनुमति दी गई। परीक्षार्थियों के बैग भी परीक्षा केंद्र से 100 मीटर दूर रखवा दिए। गर्मी को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल टीम की ड्यूटी लगाई गई थी।



**40 लाख में पेपर की डील, तीन गिरफ्तार :** नीट यूजी एग्जाम में ठगी की कोशिश का मामला सामने आया है। राजस्थान पुलिस की स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने एक नीट उम्मीदवार से 40 लाख रुपए की ठगी करने की कोशिश की। इन लोगों ने छात्र को परीक्षा का पेपर देने के नाम पर ▶▶ शेष पेज 7 पर

# बिहार जातीय सर्वेक्षण का फार्मूला तेजस्वी के उप मुख्यमंत्री रहते बना, राहुल गांधी ने कहा 'बोगस' तो बिदके राजद नेता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरिभूमि विश्लेषण

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में जातीय जनगणना के संदर्भ में तेलंगाना में किए गए जाति सर्वे को बिहार के सर्वे से बेहतर और राष्ट्रीय स्तर पर अनुकरणीय मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया तब से बिहार की सियासत में उफान है। जिस जातीय सर्वेक्षण को नीतीश कुमार के साथ राजद की साझा सरकार में रहते हुए तेजस्वी यादव ने बतौर उपमुख्यमंत्री बेहतरीन मॉडल बताया उसे राहुल गांधी ने सिरे से खारिज कर दिया। बल्कि कई मंचों से बिहार के सर्वे को 'बोगस' और तेलंगाना के कांग्रेसी सरकार के सर्वे को बेहतरीन मॉडल से नवाजा गया। इस पर जदयू और भाजपा तेजस्वी यादव पर स्थानीय राजनीति में लगातार सवाल उठा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि राजद नेतृत्व को दोनों राज्यों के फार्मूला समझाने की जिम्मेदारी स्थानीय पीसीसी को दी गई है ताकि किसी भी सवाल का माकूल जवाब विपक्षी गठबंधन की ओर से दिया जा सके। राहुल गांधी ने तेलंगाना के जाति सर्वे को "विस्तृत और पारदर्शी बताते हुए इसे राष्ट्रीय जाति जनगणना के लिए एक ब्लूप्रिंट के रूप में केंद्र सरकार को ऑफर किया, इसके पीछे का तर्क समझाते हुए कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि तेलंगाना में जाति सर्वे को सामाजिक-आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार, राजनीतिक और जातिगत डेटा एकत्र करने के लिए डिज़ाइन किया गया था। यह सर्वे 60 दिनों में पूरा हुआ, जिसमें 95 हजार प्रगणकों ने 95 हजार इकाइयों में 150-150 घरों का दौरा किया। प्रत्येक 10 प्रगणकों के लिए एक सुपरवाइज़र नियुक्त किया गया था। सर्वे में 57 प्रश्न शामिल थे, जिन्हें सभी सामाजिक वर्गों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया था। यह प्रक्रिया खुली और समावेशी थी, जिसे राहुल ने गलतियों से मुक्त बताया। तेलंगाना ने 96 फीसदी आबादी को कवर किया, और शेष 4 फीसदी के लिए एक टोल-फ्री नंबर प्रदान किया गया ताकि वे अपनी जानकारी दे सकें। डिजिटल तकनीक का उपयोग, जैसे वानापर्थी जिले में गूगल अर्थ पर डिजिटल मैपिंग, ने प्रगणन ▶▶ शेष पेज 7 पर

पाकिस्तान के खिलाफ 9 की बैठक में अय्यर संभाल सकते हैं मोर्चा

# आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक डॉ.सुब्रमण्यन को कार्यकाल पूरा होने के 6 माह पहले केंद्र ने वापस बुलाया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक डॉ. कृष्णमूर्ति वी. सुब्रमण्यन को उनके तीन साल के कार्यकाल के छह महीने पहले ही वापस बुला लिया।

यह निर्णय 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) द्वारा लिया गया। जिसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया। इस अप्रत्याशित फैसले के पीछे की वजह का कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी गई। मगर, माना जा रहा है कि सुब्रमण्यन ने आईएमएफ के डेटासेट और कार्यप्रणाली की सटीकता, पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए। गत फरवरी में, उन्होंने दो वरिष्ठ सलाहकारों के साथ आईएमएफ की "वेटेड रेटिंग प्रणाली" को "तिरछा" और "भ्रामक" बताया, जिसमें पारदर्शिता की कमी की आलोचना की। उनकी यह आलोचना आईएमएफ के नेतृत्व को पसंद नहीं आई, जिससे संगठन के भीतर तनाव पैदा हुआ। बीते अप्रैल में, उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि "आईएमएफ कर्मचारियों की त्रुटि सीमा बहुत बड़ी है," जिससे उनकी असंतुष्टि और स्पष्ट हुई। इस तरह की खुली आलोचना ने भारत और आईएमएफ के बीच संबंधों में तनाव पैदा किया होगा, जिसके कारण सरकार ने उन्हें वापस बुलाने का फैसला लिया। विदित हो कि इससे पहले इसी पद पर काम कर चुके तमाम अर्थशास्त्रियों को न केवल कार्यकाल पूरा करने का मौका मिला बल्कि सेवा विस्तार भी मिलता रहा है। गत 2 मई को सुब्रमण्यन को अमेरिका में आयोजित एक बैठक में बतौर प्रवक्ता बोलना था, लेकिन एक दिन ▶▶ शेष पेज 7 पर



खुल रही है एनआईए जांच में परत दर परत नामालूम हकीकत

# खुफिया इनपुट का गलत मूल्यांकन + आतंकियों को स्थानीय मदद + सुरक्षाकर्मियों की गैर मौजूदगी = पहलगाम नरसंहार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम में आतंकी हमले से पहले ऐसा नहीं कि खुफिया जानकारी बिल्कुल नहीं थी, सूत्रों ने बताया कि खुफिया जानकारी पर्यटकों पर हमले की थी लेकिन बहुत 'वेग इंफार्मेशन' थी। पर्यटकों पर आतंकी हमला कर सकते हैं, इस इनपुट के साथ ज्यादा फुटफॉल्स वाले सभी संभावित पर्यटन स्थलों पर तैनाती सुनिश्चित की गई लेकिन उच्चपदस्थ सूत्र मान रहे हैं कि इनपुट को फाइन ट्यून कर उचित पर्यटन स्थल पर जीरो-इन करने में चूक हुई।

सूत्रों ने कहा, खुफिया एजेंसियों को हमले से पहले पर्यटकों को निशाना बनाने की संभावना के बारे में जानकारी थी, लेकिन इस जानकारी का विश्लेषण और समय पर कार्रवाई में कई कमियां रहीं। आईबी और अन्य खुफिया एजेंसियों ने हमले से कुछ दिन पहले, विशेष रूप से 19 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित श्रीनगर यात्रा के संदर्भ में, पर्यटकों को निशाना बनाने की आशंका जताई थी। ये सूचनाएं सामान्य थीं और स्थान-विशिष्ट नहीं थीं। इसमें श्रीनगर और आसपास के पर्यटक स्थलों, जैसे दाचीगाम नेशनल पार्क और जबरवान रेंज के होटलों, पर हमले की आशंका शामिल थी। पहलगाम का विशेष रूप से उल्लेख नहीं था। हमले से दो महीने पहले भी खुफिया एजेंसियों ने खतरे की जानकारी इंटरसेप्ट की थी, लेकिन इसकी विशिष्टता स्पष्ट नहीं थी। खुफिया सूत्रों ने बताया कि आतंकी हाइब्रिड हमलों पर ध्यान दे रहे थे, जिसमें स्थानीय समर्थन, रेकी, और अचानक हमले शामिल थे। अधिकारियों ने स्वीकार किया कि सबसे बड़ी चूक स्थानीय खुफिया तंत्र की थी। आतंकी एक सप्ताह से पहलगाम के जंगलों में थे और रेकी कर रहे थे, लेकिन उनकी गतिविधियों का पता नहीं चल सका। पहलगाम-बैसरन मार्ग, जो 5.5 किलोमीटर लंबा और पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है, पर कोई पुलिस पिकेट या सुरक्षा तैनाती नहीं थी। खुफिया सूचनाओं का विश्लेषण गलत हुआ, और हमले के स्थान का अनुमान लगाने में चूक हुई। एक अधिकारी ने कहा, "दस में से नौ बार ऐसी चेतावनियां बेकार जाती हैं, लेकिन इस बार यह सही साबित हुई।" खुफिया सूचनाओं को स्थानीय पुलिस और सुरक्षा बलों तक समय पर और प्रभावी ढंग से पहुंचाने में कमी रही। यह स्पष्ट नहीं है कि स्थानीय बलों को इन सूचनाओं की गंभीरता के बारे में पूरी तरह अवगत कराया गया था। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि सीमित संसाधनों और श्रीनगर पर केंद्रित सुरक्षा व्यवस्था के कारण पहलगाम जैसे अन्य पर्यटक स्थलों पर ▶▶ शेष पेज 7 पर



हरियाणा सरकार



"पीएम आवास योजना से लोगों को न सिर्फ़ पक्का घर मिल रहा है, बल्कि इससे गांवों और शहरों में रोजगार के भी अनेक अवसर बन रहे हैं।"
- नरेन्द्र मोदी

## हरियाणा सरकार का है सपना, सबका घर हो अपना

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0

## श्री नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री, हरियाणा
द्वारा

### ग्रामीण क्षेत्रों में प्लॉटों के आवंटन प्रक्रिया का शुभारंभ

दिनांक - 5 मई, 2025 । स्थान - चण्डीगढ़

हरियाणा सरकार द्वारा संकल्प पत्र में किए गये वायदों को पूरा करते हुए
पहले चरण में 61 ग्राम पंचायतों और 1 महाग्राम पंचायत में
4532 प्लॉटों का आवंटन किया

अब, दूसरे चरण में 537 ग्राम पंचायतों एवं 24 महाग्राम पंचायतों में
1.58 लाख आवेदकों के लिए आवंटन प्रक्रिया का शुभारम्भ

### मुख्य बिंदु

- ग्राम पंचायत के आवेदकों के लिए 100 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट
- महाग्राम पंचायत के आवेदकों के लिए 50 वर्ग गज के आवासीय प्लॉट

अगस्त एवं सितम्बर के दौरान पंजीकृत आवेदक अपने रजिस्ट्रेशन का प्रयोग करके https://hfa.haryana.gov.in/ पर जाएं

अधिक जानकारी के लिए 0172-3520001 पर कॉल करें तथा
गांवों की सूची देखने के लिए विभाग की वेबसाइट www.hfa.haryana.gov.in पर जाएं

हाउसिंग फॉर ऑल विभाग, हरियाणा

सूचना एवं जन संपर्क विभाग, हरियाणा के Whatsapp चैनल से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @dipryharyana

### दिल्ली भाजपा के सभी विधायकों के साथ मुख्यमंत्री ने की बैठक

# स्वच्छता अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाएं विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को दिल्ली सचिवालय में भाजपा के सभी विधायकों की एक बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने 20 दिवसीय मिशन स्वच्छता अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु विधायकों से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। साथ ही, आयुष्मान भारत, वय वंदना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए।

गौरतलब है कि यह बैठक नियमित जनप्रतिनिधि संवाद श्रृंखला का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य शासन और जनप्रतिनिधियों के बीच संवाद को सशक्त बनाना है। सीएम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि बैठक के दौरान मानसून सत्र के दृष्टिगत जलभराव, ड्रेनेज व्यवस्था जैसे विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधायकों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं को सामने रखा तथा उनके समुचित और शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई। विधायकों को आश्वस्त किया गया कि जनहित से जुड़ी सभी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, और समन्वित प्रयासों के माध्यम से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बीते शुक्रवार को दिल्ली में 20 दिनों का स्वच्छता महाअभियान शुरू किया था।

इस अभियान के तहत पूरी दिल्ली में सफाई अभियान जारी है। वहीं सीएम ने अभियान को सफल बनाने के लिए एमसीडी, दिल्ली पुलिस, डीएम और अन्य सम्बंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए है। सीएम ने कहा कि वह चाहती हैं कि दिल्ली सिर्फ़ राजधानी ही नहीं, बल्कि स्वच्छता और सौंदर्य की मिसाल बने। 20 दिन का यह विशेष अभियान केवल सफाई का नहीं, बल्कि वर्षों से जमा गंदगी और व्यवस्था में जमी निर्ष्क्रियता को हटाने का प्रयास है।

## मेगा सफाई अभियान में पार्षद और सामाजिक संगठन निभाएंगे भागीदारी : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के मेगा सफाई अभियान में पार्षद और सामाजिक संगठन भी भागीदारी निभाएंगे। सभी रोड, फुटपाथ, गलियों, पार्कों अन्य सार्वजनिक स्थलों की सफाई की जाएगी। दिल्ली नगर निगम के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार, 5 मई से एमसीडी उपराज्यपाल वीके सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता निर्धारित किए गए मेगा सफाई अभियान शुरू करने जा रही है। इस अभियान के तहत सफाई कर्मचारी सुबह 6 बजे से शाम चार बजे तक दो बार सफाई करेंगे। साथ जगह-जगह पड़े मलबे को उठाकर उचित स्थानों पर निस्तारित किया जाएगा।

महापौर सिंह ने बताया कि सभी पार्षदों को कहा गया है कि वह अपने-अपने इलाके में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, मार्केट एसोसिएसन, धार्मिक संगठन, सामाजिक संगठन और स्वयंसेवी संस्थाओं व एनजीओं के साथ मिलकर श्रमदान करें और इस मेगा सफाई अभियान को सफल बनाए। सरदार राजा इकबाल सिंह ने बताया कि दिल्ली को देश की स्वच्छ और सुंदर राजधानी बनना है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को जनभागीदारी से पूरा किया जाएगा।

### एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने रात को चलाया विशेष सफाई अभियान

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने अपने 'विकसित एनडीएमसी /2047' मिशन के तहत रात के समय बंगाली मार्केट में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस चौथे चरण के अभियान का नेतृत्व एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने किया। एनडीएमसी प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व एनडीएमसी द्वारा खान मार्केट, जनपथ और सरोजिनी नगर जैसे प्रमुख बाजारों में भी इसी प्रकार के रात्रिकालीन सफाई अभियान सफलतापूर्वक चलाए जा चुके हैं। एनडीएमसी अब इन सभी व्यस्त बाजारों में हर रात नियमित रूप से गीली सफाई की व्यवस्था लागू कर रहा है। बंगाली मार्केट में हुए इस अभियान में बंगाली मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, और सचिव प्रमोद गुप्ता के साथ स्थानीय दुकानदारों, स्वास्थ्य और सिविल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और सफाई कर्मचारी शामिल हुए। अभियान के दौरान रात 11 बजे से पहले सूखी सफाई और फिर हाई-प्रेशर जेट मशीनों की मदद से सड़कों, नालियों व फुटपाथों की गीली सफाई की गई। एनडीएमसी की 14 सदस्यीय टीम ने सफाई कर्मियों व निरीक्षकों के साथ मिलकर इस कार्य को पूर्ण किया।

### समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने लिखा मंत्रियों को पत्र

नई दिल्ली। दिल्ली देहात के अलीपुर इलाके स्थित बूढ़पुर गांव के ग्रामीणों ने दिल्ली के केबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह और पंकज सिंह को पत्र लिखकर गांव की समस्याओं से अवगत कराया है। बुढ़पुर प्रगति रेजिडेंट्स वेल्फेयर एसोसिएसन में अध्यक्ष इंद्र मोहन, पदाधिकारी गजेंद्र कुमार ने बताया कि गांव बूढ़पुर जीटी करनाल रोड पर बस स्टैंड के पास, गंदे नाले से लेकर एमसीडी स्कूल के पीछे तक दोनों तरफ सुधार कार्य कराया जाए लेकिन इससे पहले लोहे की रेलिंग लगाई जाए। रेलिंग न होने के कारण नाले में कचरा फेंका जा रहा है, जबकि कचरा डालने की जगह बनी हुई है। गजेंद्र कुमार ने बताया कि लोगों ने नाले के पास कूड़ा डाल डाल कर इसे भर दिया है और फिर इसमें कोई ना कोई आग लगा देता है। जोकि बहुत दिनों तक जलती रहती है। इससे हवा में धुआं फैलता है, जिससे वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है और यह घटना प्रतिदिन होती है। आस-पास के घरों में गंभीर श्वसन रोगों का खतरा बढ़ गया है और लोग श्वसन संबंधित समस्या से पीड़ति हो गए हैं। इसके अलावा गांव बूढ़पुर में जीटी रोड पर हनुमान मंदिर के सामने यात्रियों के लिए बस शेल्टर अभी तक नहीं बनाया गया है और यात्रियों को हर मौसम में परेशान होना पड़ रहा है।

### आईसीएआर ने भारत की पहली जीनोम-संपादित धान किस्मों को किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने शनिवार को आईएआरआई पूसा परिसर स्थित एनएएससी



कॉम्प्लेक्स में भारत की पहली जीनोम-संपादित धान किस्मों के शुभारंभ के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। आईएआरआई ने रविवार को यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस अवसर पर भारत सरकार के कृषि राज्य मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वैज्ञानिक समुदाय को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी और कृषि नवाचार को आगे बढ़ाने तथा प्रौद्योगिकियों को खेतों तक पहुंचाने के लिए सरकार की पूर्ण सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने भविष्य की खाद्य सुरक्षा और जलवायु लचीलापन सुनिश्चित करने के लिए ऐसे वैज्ञानिक नवाचारों के महत्व को रेखांकित किया। यह मील का पत्थर टिकाऊ कृषि और किसान कल्याण के लिए उन्नत जैव प्रौद्योगिकी में भारत की प्रगति को दर्शाता है। दो नवविकसित किस्में डीडीआर धान 100 (कमला) और पूसा डीएसटी राइस 1, जलवायु लचीलापन और पोषण सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

## प्रदेश भाजपा ने की जिला अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- सचदेवा के नेतृत्व में संगठन पर्व कार्यशाला का किया आयोजन




दिल्ली भाजपा ने मंडल अध्यक्षों की निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्णता की ओर ले जाने के बाद रविवार को प्रदेश कार्यालय में संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन कर जिलाध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ की। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला को भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल, प्रदेश सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं प्रदेश के चुनाव अधिकारी डॉ. महेन्द्र नागपाल ने संबोधित किया। कार्यशाला में संगठन पर्व के अंतर्गत नियुक्त प्रदेश भाजपा की चुनाव टोली के सदस्यों ने भाग लिया और जिलाध्यक्ष चुनाव करवाने की प्रक्रिया को समझा। इस अवसर पर शिव प्रकाश ने कहा कि दिल्ली भाजपा ने संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए सभी 14 जिलों में 204 मंडल अध्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण की है और शेष मंडल अध्यक्ष भी शीघ्र निर्वाचित होंगे। इसी के साथ अब हमें पूरे उत्साह के साथ कार्यकर्ताओं में बिना कोई आपसी मतभेद पैदा होने दिए सभी 14 जिला अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया भी पूरी करनी होगी। यह प्रक्रिया समयबद्ध पूर्ण करनी होगी। सचदेवा ने कहा कि जिस तरह भाजपा में रायशुमारी से मंडल अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष का चुनाव होता है उससे पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र मजबूत होता है और इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं में संविधान एवं लोकतंत्र के प्रति पूर्ण सम्मान है।

### मंत्री प्रवेश वर्मा के निवास पर आज से लगेगा 15 दिवसीय जनसेवा कैंप

**नई दिल्ली।** दिल्ली लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा के निवास 20 विंडसर प्लेस जनपथ, नई दिल्ली पर आज से 15 दिवसीय जनसेवा कैंप का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर रविवार को दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि 5 मई से 20 मई तक सोमवार से शुक्रवार मेरे निवास पर जनसेवा कैंप लगने जा रहा है इसके माध्यम से अब नई दिल्ली विधानसभा के हर नागरिक को सरकार की योजनाओं का लाभ तेज़ी और सरलता से मिलेगा। आप सभी जनसेवा कैंप की जानकारी अन्य जरूरतमंदों तक भी जरुर साझा करें। उन्होंने एक्स पर की अपनी पोस्ट में बताया कि इस कैंप में वय वंदन योजना कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना,श्रम योगी मानधन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि,ई डिस्ट्रिक सेवाएं, पेंशन संबंधी योजना, राशन कार्ड एवं बिजली सब्सिडी योजना,डिजीलॉकर, हेल्थ आईडी एवं वैक्सीन सर्टिफिकेट, दिल्ली रोजगार रजिस्ट्रेशन पोर्टल, सीवर और जल कनेक्शन संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कैंप में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक सेवाएं जारी रहेगी।



### भाजपा सरकार द्वारा 30 मई तक नालों से गाद निकालने का दावा पूरी तरह खोखला साबित : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार द्वारा 30 मई तक नालों से गाद निकालने का दावा पूरी तरह से खोखला है, क्योंकि जमीनी स्तर पर अभी तक कार्य शुरू ही नहीं हुआ। इसलिए भाजपा सरकार बहाने न बनाए और दिल्ली को डूबने से बचाने के लिए कार्य करें। यादव ने कहा कि बिन मौसम एक घंटे की बारिश में ही जब पूरी तरह दिल्ली के डूबने के बाद भाजपा सरकार के पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा जागे और कहा कि हम 30 मई तक नालों से गाद निकालने का काम पूरा कर लेंगे, यह खोखली बयानबाजी है। क्योंकि सरकार बनने के 3 महीनों के दौरान मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कोई काम करने की बजाय सिर्फ वादे ही किए है। सच्चाई यह है कि मुख्यमंत्री और पीडब्ल्यूडी मंत्री द्वारा गाद निकालने के दावे और वादों को पूरा करने के लिए अभी तक जमीनी स्तर पर कार्य शुरू ही नहीं हुआ है। जिसके कारण बेमौसम बारिश से दिल्ली हर तरफ डूबी दिखाई दी। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मजनू का टीला और पीडब्लूडी मंत्री गोल्फ लिंक जैसी पॉश कालोनी का निरीक्षण किया। लेकिन यह भी चिंताजनक है कि जब एनडीएमसी क्षेत्र में जल भराव से लोगों को जूझना पड़ा तो पूर्वी दिल्ली, पश्चिम दिल्ली, उत्तर पूर्वी, उत्तर पश्चिमी व दक्षिणी दिल्ली की जेजे कॉलोनी और अनाधिकृत कालोनियों व सड़कों पर जल भराव का क्या हाल होगा। चौतरफा वादों के बावजूद तीन महीनों में भाजपा सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। यादव ने कहा कि भाजपा में व्याप्त भ्रष्टाचार किसी से छिपा नही है कि कैसे 15 वर्षों में भाजपा ने दिल्ली नगर निगम को खोखला कर दिया था।

### मुकरबा चौक से जहांगीरपुरी की तरफ लगता है लंबा जाम

# तीन-चार फीट का होगा नाला तभी मिल पाएगी जलभराव से राहत

दया राम ⏭ नई दिल्ली

मानसून की बारिश के दौरान मुकरबा चौक से जहांगीरपुरी की तरफ होने वाले भारी जलभराव के चलते हजारों की संख्या में लोगों को यहां लगने वाले घंटों जाम से जूझना पड़ता है। वहीं, इस संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक यहां जल निकासी के लिए तीन चार फीट गोलाकार का नाला नहीं बनेगा तब तक इस समस्या से राहत नहीं मिल पाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि दिल्ली सरकार, निगम प्रशासन के साथ ही दिल्ली यातायात पुलिस के अधिकारियों को भी समय समय पर जलभराव की इस समस्या से अवगत कराया गया है लेकिन इसे लेकर कभी भी सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई है और जब मानसून का सीजन आता है तो मंत्री, विधायक अधिकारियों के साथ गंभीरता से निरीक्षण जरूर करते हैं लेकिन परिणाम जीरो ही रहता है। लोगों ने बताया कि दिल्ली देहात और हरियाणा की तरफ से बड़ी संख्या में दैनिक बस यात्रियों के अलावा बड़ी संख्या में आजादपुर फल सब्जी मंडी में वाहन आते हैं और इस जलभराव में फंस जाते हैं।



#### डीटीसी कर्मियों को होती है भारी परेशानी

नाम नहीं छापने की शर्त पर डीटीसी कर्मियों ने बताया कि बारिश के दौरान हुए जलभराव में पता ही नहीं चल पाता है कि कहां गड्ढा है और बस उसमें जा फंसती है और लंबे यातायात जाम के चलते क्रेन आदि भी नहीं आ पाती है।

#### कहां उतरे बस यात्री हर जगह भरा था पानी

बस यात्रियों ने बताया कि दो दिन पहले हुई बारिश के चलते जीटीके बस डिपो से जहांगीरपुरी मेट्रो स्टेशन और आजादपुर मंडी की तरफ से जलभराव था और इस दौरान बस स्टैंडों का पता ही नहीं चल पा रहा था कि कहां उतरे क्योंकि हर जगह पानी ही पानी भरा हुआ था।



**खबर संक्षेप**

## वाहन चोर मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम ने एक वाहन चोर को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। प्रदीप कुमार वासी नांगला एनक्लेव पार्ट-2, सेक्टर 22 फरीदाबाद ने थाना मुजेसर में दी अपनी



शिकायत में आरोप लगाया कि 25 अप्रैल को कोई ना मालूम व्यक्ति श्याम इंडस्ट्रीज फ्रेंड्स कॉलोनी के सामने से उसकी मोटरसाइकिल को चोरी कर ले गयाए जिस शिकायत पर थाना मुजेसर में मामला दर्ज किया गया। कार्रवाही करते हुए सोनू वासी सूबेदार कॉलोनी फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

## अवैध हथियार रखने वालें दो आरोपी पकड़ाए

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर 65 की टीम ने सागर को देसी कट्टा व अपराध शाखा सेक्टर 56 की टीम ने विक्रांत को एक देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हैं बताया कि 3 मई को अपराध



शाखा सेक्टर 65 की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर सागर निवासी साहूपुरा बल्लभगढ़ को आईएमटी सोतई गांव के पास एक देसी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है आरोपी नशा करने का आदी है ।

## चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने वाला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने वाले आरोपी सिकंदर को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। बताया



कि रीना देवी वासी देह कॉलोनी भुपानी ने थाना भुपानी में दी अपनी शिकायत में बताया कि 21 दिसंबर की रात, कोई ना मालूम व्यक्ति उसकी मोटरसाइकिल को उसके घर के सामने से चोरी कर ले गया, जिस शिकायत पर थाना भुपानी में मामला दर्ज किया गया। अपराध शाखा टीम ने कार्यवाही करते हुए सिकंदर वासी छायंसा को चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने पर मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पूछताछ पर सामने आया कि वह खेती बाड़ी करता है।

**पीएम मोदी के जातिगत जनगणना के ऐतिहासिक निर्णय का मिठाई खिलाकर व आतिशबाजी छोड़कर भाजपा ने मनाया जश्न**

# जातिगत जनगणना सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में क्रांतिकारी कदमः मंत्री कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जातिगत जनगणना के ऐतिहासिक निर्णय की खुशी में भारतीय जनता पार्टी ने जश्न मनाया। भाजपाइयों ने मिठाई बाटी और की आतिशबाजी चलाई। रविवार को 11 बजे घंटाघर, गाजियाबाद में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जातिगत जनगणना कराए जाने के ऐतिहासिक निर्णय का भव्य स्वागत किया । इस कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया।

सैकड़ों की संख्या में एकत्र भाजपा कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और आम नागरिकों ने माला पहनाकर दोनों नेताओं



का स्वागत किया और लड्डू बांटकर इस ऐतिहासिक निर्णय का जश्न मनाया। प्रधानमंत्री मोदी के चित्र को प्रतीकात्मक रूप से लाइव उपस्थित मानते हुए मंत्री नरेंद्र कश्यप एवं मयंक गोयल ने उन्हें लड्डू अर्पित किए। उत्साह और समर्थन



की भावना में आतिशबाजी भी की गई, जिससे पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर नेताओं एवं जनसाधारण ने इसे सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में क्रांतिकारी कदम बताया। नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक समरसता और समावेशी विकास के लिए एक साहसिक और दूरदर्शी निर्णय लिया है। जातिगत जनगणना से सभी वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का सटीक आकलन होगा, जिससे योजनाएं और अधिक प्रभावी एवं न्यायसंगत बन सकेंगी।

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि यह निर्णय समाज के सभी वर्गों को उनकी असली पहचान और अधिकार दिलाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। मोदी जी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के सिद्धांत को जमीनी हकीकत में बदल रहे हैं। समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

**मंत्री राजेश नागर के खुले दरबार में पहुंचे स्कूल संचालक, ज्ञापन सौंपा**

# बोले, एमआईएस पोर्टल नहीं खुलने से स्कूल संचालकों एवं अभिभावकों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रदेश के खाद्य एवं मंत्री राजेश नागर के घर पर आयोजित खुले दरबार में रविवार को स्कूल संचालक भी पहुंचे जिन्होंने एमआईएस पोर्टल ना चलने के कारण हो रही परेशानियों के बारे में ज्ञापन सौंपा। बल्लभगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने मंत्री राजेश नागर से कहा कि कुछ स्कूल संचालक आरटीई के तहत दी जाने वाली जानकारी शिक्षा विभाग के पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण जमा नहीं कर सके, जिसके कारण स्कूल मालिकों को शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी कर उनके एमआईएस अकाउंट बंद कर दिए। इसके कारण स्कूल न तो नए



एडमिशन ले पा रहे हैं और न ही बच्चों के स्थानांतरण प्रमाणपत्र जारी कर पा रहे हैं।

संगठन के प्रतिनिधियों ने मंत्री राजेश नागर को बताया कि उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस के जवाब जमा कर दिए हैं लेकिन इसके बावजूद पोर्टल नहीं खोला गया है। जिसके कारण स्कूल संचालक और अभिभावक दोनों परेशान हैं। उनकी बात सुनकर मंत्री राजेश नागर ने शिक्षा मंत्री महिपाल सिंह ढांडा को फोन कर स्कूल संचालकों को राहत देने की बात कही। जिस पर शिक्षा मंत्री ने जल्द ही मामले का हल देने की बात कही। मंत्री राजेश नागर ने बताया कि उन्हें मिलने वाली हर समस्या का समाधान वह जल्द से जल्द देने का प्रयास करते हैं जिसमें हमारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली का लाभ उन्हें मिल रहा है। प्रदेश का प्रशासन शिकायतों को गंभीरता से सुनकर उनका हल देने का प्रयास कर रहा है।

इसके अलावा दरबार में आई अन्य समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बता दें कि हर रविवार को मंत्री राजेश नागर के निवास पर खुले दरबार का आयोजन होता है जिसमें लोग अपनी प्रशासनिक समस्याएं लेकर पहुंचते हैं और मंत्री यथासंभव उनका निराकरण करते हैं।

**कांग्रेसी नेता ने पीड़ितों से की मुलाकात**

## गरीबों को बसाने के बजाए उजाड़ रही भाजपा सरकारः सुमित गौड़




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ के सेक्टर-3 स्थित शिव कालोनी में बिना नोटिस गरीबों को आशियानों को तोड़ने को लेकर लोगों में भाजपा सरकार के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश प्रवता सुमित गौड़ ने रविवार को कालोनी में जाकर लोगों से मुलाकात की और इस तोडफोड़ की कार्यवाही की कड़े शब्दों में निंदा की।

सुमित गौड़ ने कहा कि करीब 50 साल पुरानी इस कालोनी में लोग वर्षो से अपना जीवन व्यतीत कर रहे है, उन्होंने अपने जीवन भर की पूंजी लगाकर यहां आशियाने बनाए और अधिकारियों ने बिना नोटिस जारी किए उनके आशियाने जेसीबी से धराशायी कर दिए। उन्होंने कहा कि जहां यह कालोनी है, वहां आसपास किसी प्रकार का सड़क का चौड़ीकरण भी नहीं होना था, न ही कोई खंभे इत्यादि लगते थे और यहां कोई अतिक्रमण भी नहीं है, इसके बावजूद इस जनविरोधी सरकार ने गरीबों को उजाड़ने का काम किया है।

गौड़ ने कहा कि अगर प्रशासन को कार्यवाही करनी भी थी तो पहले इन लोगों को नोटिस देते ताकि वह अदालत में जाकर अपने आशियानों की गुहार लगाते, लेकिन सभी नियम व कायदों को ताक पर रखकर यह कार्यवाही की गई और सैकड़ों लोगों को उजाड़ने का काम किया गया।

कांग्रेसी नेता सुमित गौड़ ने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार हर घर योजना आशियाना जैसी योजनाओं के तहत गरीबों को घर देने के झूठे वायदे करती है, जबकि दूसरी तरफ उनकी ही सरकार में अधिकारी हिटलरशाही चलाते हुए बिना नोटिस के गरीबों को उजाड़ देते है। उन्होंने कहा कि प्रशासन व सरकार की यह कार्यवाही पूरी तरह से गलत है और वह उनके इस हक-हकूक की लड़ाई में हर तरह से उनके साथ खड़ रहेंगे और संघर्ष करेंगे। सुमित गौड़ ने कहा कि आज मुख्यमंत्री श्री सैनी फरीदाबाद में है, जब शिव कालोनी के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल उन्हें मिलने के लिए सेक्टर-12 पहुंचा तो वहां पुलिस प्रशासन ने उन्हें मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलने नही दिया। भला यह कैसी सरकार है, जिसमें दलित समाज के लोग मुख्यमंत्री से मिल भी नहीं सकते और अपनी बात भी नहीं रख सकते। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है, यह केवल विकास के दावे करती है।

**रक्तदान शिविर का आयोजन**

## रक्तवीर रक्तदाता समाज के असली नायकः मित्तल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद कॉन्वेंट स्कूल मुजेड़ी रोड में रविवार को एक अत्यंत प्रेरणादायक और सामाजिक सरोकार से जुड़ा रक्तदान शिविर का आयोजन भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रशासक बीरबल शर्मा, प्रधानाचार्य सतेन्द्र सौरोत तथा प्रबंधक जया चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इन सभी की सक्रिय



भागीदारी, कुशल योजना एवं समर्पित नेतृत्व ने इस शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक शाखा हरियाणा आलोक मित्तल का विद्यालय प्रशासन की ओर से भव्य और गरिमामय स्वागत किया गया। जिसमें पुष्पगुच्छ भेंट, स्मृति चिन्ह एवं आत्मीय शब्दों के साथ उनका अभिनंदन किया गया। मित्तल ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहाकि रक्तदान सबसे बड़ी सेवा है और हम सभी को इसके लिए आगे आना चाहिए। रक्तदाता ही हमारे समाज के सबसे बड़े नायक हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद कॉन्वेंट स्कूल केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि सामाजिक सेवा में भी अग्रणी स्थान रखता है। समाज की भलाई हेतु ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए। सुनील मान ने रक्तदाताओं की व्यवस्था करने, उन्हें प्रेरित करने और सुविधा उपलब्ध कराने में विशेष योगदान दिया। उन्होंने स्वयं भी रक्तदान कर समाज के लिए एक प्रेरणास्पद उदाहरण प्रस्तुत कियाए जिसकी सभी ने भूरीभूरी प्रशंसा की।

लगभग 100 लोगों ने रक्तदान के साथ-साथ ब्लड ग्रुप जांच, हीमोग्लोबिन टेस्ट व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

# ट्रॉली बैग में मिला युवती का शव, पुलिस को हत्या के बाद बैग में पैक करने का संदेह

**मृतक महिला की पहचान करने पर पुलिस ने रखा 25 हजार का इनाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के पॉश एरिया सुशांत लोक में एक युवती का शव ट्रॉली बैग में पैक मिलने से सनसनी फैल गई। युवती का चेहरा बुरी तरह कुचला हुआ मिला है। पुलिस ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे ले लिया और पोस्टमार्टम हाऊस में रखवा दिया है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि युवती की हत्या किसी दूसरे स्थान पर की गई है और उसकी डेड बॉडी को पैक कर गुरुग्राम-फरीदाबाद रोड के नजदीक फैंक दिया गया है।

युवती की पहचान ना हो सके, इसके लिए चेहरे को कुचला गया है, जिससे दोनों आंखें भी बाहर निकली हुई मिली हैं। पुलिस ने युवती की पहचान करने वाले को 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। शनिवार की देर शाम गुरुग्राम पुलिस के कंट्रोल रूम में एक ट्राली बैग में एक युवती के शव होने की सूचना मिली थी। सुशांत लोक थाना पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और फॉरेंसिक व अन्य टीमों ने जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार पुलिस को मौके पर खून के छींटे व अन्य साक्ष्य नहीं मिले हैं, इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि युवती की हत्या कहीं और की गई है, जबकि शव को ट्राली बैग में पैक कर यहां फेंका गया है। प्रथम दृष्टया युवती किसी अच्छे घर से ताल्लुक रखती है। रविवार शाम तक युवती के शव की पहचान नहीं हो पाई।

### ट्रॉली बैग से दुर्गंध आने पर खोला था राहगीर ने बैग

सुशांत लोक थाने के जांच अधिकारी कर्मबीर ने बताया है कि ट्राली बैग फरीदाबाद रोड स्थित शिव नादर स्कूल के पास वाली सड़क पर मिला। उन्होंने बताया कि अशोक नामक राहगीर ने दुर्गंध आने पर बैग खोला तो युवती की डेडबॉडी मिली। अशोक ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि जब वह रास्ते से गुजर रहा था तो उसे रोड साइड पड़े ट्रॉली बैग से दुर्गंध आई थी। इसके बाद जब उसने बैग को टटोला तो उसमें किसी इंसान के होने की आशंका हुई। उसने बैग को खोलकर देखा तो उसमें युवती डेड बॉडी मिली, इसके बाद उसने पुलिस को इसकी सूचना दी।

## आईपीओ में निवेश के नाम पर खाता उपलब्ध कराने वाले दो आरोपियों को दबोचा

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने दो आरोपी मैदापुर वरुण रमेश भाई वासी ओपेरा हाउस डी मार्ट रोड सूरत गुजरात व उदित फलदू वासी न्यू विश्वानगर मवदी प्लाट राजकोट गुजरात को राजकोट से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर-19, फरीदाबाद में रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत दी, जिसमे उसने आरोप लगाया कि उसके पास ठगों द्वारा एचडीएफसी सिक्योरिटीज में निवेश करने के लिए व्हाट्सएप पर एक मेसेज आया, जिसमें रियायती दरों पर विभिन्न आईपीओ में शेयरों की सदस्यता प्रदान करने बारे जानकारी थी। सदस्यता लेने के बाद शिकायतकर्ता को एचडीएफसी सिक्योरिटीज ऑफिशियल नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया, जहॉ स्टॉक व आईपीओ में निवेश के बारे मे अपडेट दिया जाता था। इसके बाद शिकायतकर्ता का एचडीएफसी वीआईपी नामक एप पर आईपीओ में निवेश करने के लिए खाता खोला गया जिस पर शिकायतकर्ता ने विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 25 लाख 35 हजार तीन सौ 22 रुपए आईपीओ में निवेश किए तथा जब पैसे निकालने चाहे तो नही निकाल पाया। जिस पर साइबर थाना सेंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

**आरोपी से एक मोटरसाइकिल बरामद**

## दिल्ली, एनसीआर में सक्रिय लुटेरा पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना इंदिरापुरम पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 1 शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। लुटेरा पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार लुटेरा दिल्ली एनसीआर में एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामलों को अंजाम दे चुका है उसके कब्जे से 1 अवैध तमंचा, 1 खोखा कारतूस, 1 जिंदा कारतूस, लूटी हुई 1 चैन व लोकेट तथा घटनाओं में प्रयुक्त चोरी की 1 मोटर साइकिल बरामद हुई हैं।

एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार तड़के लूटपाट व चैन स्नैचिंग की घटनाओं की रोकथाम के लिये थाना इंदिरापुरम



पुलिस चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान वैशाली सेक्टर 5/6 की पुलिया के पास नहर किनारे बने सर्विस रोड पर 1 मोटरसाइकिल सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया परंतु युवक नही रुका तथा मोटरसाइकिल को तेजी से पीछे मोड़ते हुए भागने का प्रयास करने लगा। तभी उसकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। जिससे मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल को छोड़कर पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए भागने लगा। जिसमें थाना इंदिरापुर पुलिस टीम ने अपना बचाव करते हुए बहादुरी का परिचय देते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की। जिससे तालिब पुत्र असरफ उर्फ असलम निवासी इंद्रापुरी रावली रोड हुसैन हास्पिटल के पीछे मुरादनगर थाना मुरादनगर गाजियाबाद उम्र करीब 25 वर्ष के पैर में गोली लगी। पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि आरोपी बरामद चोरी की मोटरसाइकिल से गाजियाबाद, नोएडा व दिल्ली में राह चलते महिला, व्यक्तियों से उनके चैन, मोबाइल फोन झपटमारी की घटना करता है।

**161 शिकायतों का किया निस्तारण**

# 4 मुकदमों में 19 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर आठ लाख 77 हजार रुपए किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश में कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की साइबर थाना की टीमों ने इस सप्ताह 19 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल से 2 मई तक साइबर पुलिस की टीमों ने 4 मुकदमों को सुलझाते हुए 19 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें साइबर थाना सेंट्रल का 1, एनआईटी 1 व साइबर थाना बल्लभगढ़ के 2 मामले शामिल है। इस दौरान साइबर थाना की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 8,77,970 रुपए बरामद किए हैं तथा 161 शिकायतों का निस्तारण कर 1,12,900 रूपए रिफंड कराए हैं, साथ ही 3,13,866 रुपए खातों में फ्रिज कराए गए हैं।



गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णा, सांकला रवि किशोर, राजेश कुमार कलाल, मनोज सिंह, जतिन सिंह, गौतम मीणा, कल्पेश सैनी, महेंद्र मीणा, दिनेश मीणा, गौरव मिश्रा, सनी केशवानी, हर्षित मेरोठा, कुलदीप, अरविंद भाई चोडावेदिया, सत्यम खरिया, राज कपूर, हितेश भादू, मोहम्मद वसीम, साहिल व विनीत का नाम शामिल है।

पुलिस प्रवक्ता ने लोगों को जागरुक करते हुए कहा है कि आज के आधुनिक युग में साइबर ठगों द्वारा आमजन को तरह-तरह का लालच देकर ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। ठगों द्वारा लोगों से शेयर मार्केट व टेलीग्राम के माध्यम से टास्क देकर निवेश करवाया जाता है। ठगों द्वारा शुरुआत में लोगों के निवेश किए गए पैसों पर मुनाफा देकर अपना विश्वास जमाया जाता है, जिसके झांसे में आकर लोग और अधिक निवेश करते हैं, बाद में ठगों द्वारा धोखाधड़ी कर राशि को ठग लिया जाता है।

## फरीदाबाद में नाले में गिरे 2 सांड, गौ रक्षक दल ने क्रेन से बाहर निकलवाया

**फरीदाबाद।** आदर्श नगर इलाके में देर रात नाले में 2 सांड गिर गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नगर निगम के कर्मचारियों को दी, लेकिन किसी के न पहुंचने पर गौ रक्षक दल के सदस्यों ने क्रेन की मदद से दोनों को बाहर निकाला। आदर्श नगर इलाके में नगर निगम का नाला बना हुआ है, लेकिन नाले के पास कोई लाइट नहीं जलती है। शनिवार की देर रात अंधेरा होने के कारण 2 सांड नाले में जा गिरे। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और नगर निगम के कर्मचारियों को दी। पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई, लेकिन नगर निगम के कर्मचारी नहीं पहुंचे। नगर निगम के कर्मचारियों के न आने पर गौ रक्षक दल के सदस्यों ने मौके पर जाकर सांड को रेस्क्यू ऑपरेशन कर नाले से बाहर निकलवाया गया।

**आरोपी 57 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में काट चुका जेल**

## फर्जी ओएसडी बनकर एसडीओ को फोन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-56 थाना की पुलिस टीम ने हरियाणा के मुख्यमंत्री का फर्जी ओएसडी बनकर बिजली बोर्ड के एसडीओ को फोन करने वाले आरोपी को बीते शनिवार नाथूपुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है। आरोपी की पहचान अमित चौधरी (39 वर्ष) निवासी नाथूपुर के रूप में हुई है। आरोपी ने बताया कि वह अक्सर खुद को समाज में राजनीतिक प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करता है। अमित चौधरी के एक जानकार ने एक प्लाट के पास बिजली के खंभों को हटवाने के लिए कहा था। अमित ने खुद का राजनीतिक प्रभाव दिखाने के लिए मुख्यमंत्री का ओएसडी बताकर बिजली विभाग के एसडीओ के मोबाइल पर कॉल करके धमकाया था। आरोपी ने टू कॉलर मोबाइल एप पर खुद की प्रोफाइल फर्जी बनाई हुई है। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी पंचकूला में पहले भी खुद को राजनीतिक प्रभावशाली बताकर किसी व्यक्ति को पेट्रोल पंप दिलवाने के नाम पर 57 लाख रुपए की ठगी करने मामले में जेल जा चुका है।

### सुरक्षित केंद्रीकृत डाटाबेस और यूजर एक्सेस कंट्रोल से गोपनीयता को मिलेगी नई मजबूती

# सीएम रेखा गुप्ता ने लांच किया मेडिलिएपीआर डिजिटल प्लेटफॉर्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली में मेडिको-लीगल सिस्टम को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रविवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली सचिवालय में 'मेडिलिएपीआर' (मेडिकल लीगल एग्जामिनेशन और पोस्टमार्टम रिपोर्टिंग) एक उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि मेडिलिएपीआर डिजिटल प्लेटफार्म को एनआईसी द्वारा विकसित किया गया है। यह प्लेटफार्म स्वास्थ्य संस्थानों में मेडिको-लीगल मामलों (एमएलसी) और पोस्टमार्टम रिपोर्ट (पीएमआर) की रिपोर्टिंग को कारगर बनाता है। इस प्रणाली का उद्देश्य मेडिको-लीगल दस्तावेज़ीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता, दक्षता और जवाबदेही बढ़ाना है। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद और मुख्य सचिव धर्मेंद्र तथा दिल्ली पुलिस, गृह विभाग और एनआईसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि मेडिलिएपीआर के शुभारंभ होने से दिल्ली में मेडिको लीगल सिस्टम में पारदर्शिता और गति दोनों आएंगी। अब मेडिकल लीगल केस और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट की इलेक्ट्रॉनिक सबमिशन से न सिर्फ कागजी काम में कमी आएगी, बल्कि एक केंद्रीकृत डाटाबेस और ऑडिट ट्रेल के जरिए जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। हमारी सरकार टेक्नोलॉजी के माध्यम से जनता को पारदर्शी और भरोसेमंद सेवाएं देने के लिए कार्यरत है।




### यह पहल डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस की प्रतिबद्धता का एक और सशक्त उदाहरण

सीएम ने कहा कि यह पहल हमारी सरकार की डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस की प्रतिबद्धता का एक और सशक्त उदाहरण है। इस प्लेटफॉर्म की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि मेडिलिएपीआर प्रणाली मेडिको-लीगल केस और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान करती है, जिससे हस्तलिखित दस्तावेजों की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। यह सभी रिपोर्टों को एक सुरक्षित और केंद्रीकृत डेटाबेस में संग्रहित करता है, जो केवल अधिकृत कर्मियों के लिए सुलभ होता है। सिस्टम में यूज़र एक्सेस कंट्रोल की व्यवस्था है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल अधिकृत उपयोगकर्ता ही रिपोर्ट प्रस्तुत या एक्सेस कर सकें, और गोपनीयता बनी रहे। इसके साथ ही, मेडिलिएपीआर एक व्यापक ऑडिट ट्रेल भी बनाए रखता है, जिससे सभी गतिविधियों का रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है और जवाबदेही सुनिश्चित होती है।

### अब रिपोर्ट तैयार करने और जमा करने की प्रक्रिया में लगेगा कम समय

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस पहल से रिपोर्ट तैयार करने और जमा करने की प्रक्रिया में लगने वाला समय कम होगा। मैन्युअल दस्तावेज़ीकरण की तुलना में अधिक सटीकता रहेगी। स्वास्थ्य संस्थानों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय से कार्य होगा। इसके अलावा मेडिलिएपीआर सभी रिपोर्टों के लिए एक स्पष्ट ऑडिट ट्रेल प्रदान करता है, जिससे प्रणाली में जवाबदेही बढ़ती है। यह प्रणाली सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमनल ट्रेकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम) के साथ पूरी तरह एकीकृत की जा चुकी है, जिससे डेटा का निर्बाध प्रवाह और समन्वय सुनिश्चित होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिलिएपीआर प्लेटफॉर्म, सरकार की मेडिको लीगल सिस्टम को सशक्त करने की डिजिटल प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इसका उद्देश्य अस्पतालों, जांच एजेंसियों (पुलिस), फोरेंसिक प्रयोगशालाओं और न्यायपालिका के बीच निर्बाध सूचना आदान-प्रदान को सक्षम बनाना है।

## संस्कृत वैज्ञानिक भाषा, नासा ने इस पर शोधपत्र लिखे हैं : रेखा गुप्ता




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संस्कृत एक वैज्ञानिक भाषा है और यहां तक कि 'नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन' (नासा) ने भी इसे स्वीकार किया है। संस्कृत के संबंध में यह एक ऐसा दावा है, जिसके अक्सर बहुत कम साक्ष्य मिलते हैं। यह बातें दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस स्टेडियम में आयोजित 10 दिवसीय संस्कृत शिक्षण पहल के समापन समारोह को संबोधित करते हुए रविवार को कहीं। उन्होंने कहा कि यहां तक कि नासा के वैज्ञानिकों ने भी संस्कृत पर शोधपत्र लिखे हैं और पुष्टि की है कि यह एक वैज्ञानिक भाषा है। संस्कृत में कोडिंग की जा सकती है। संस्कृत कंप्यूटर के लिए सबसे ज्यादा अनुकूल भाषा है। गुप्ता ने कहा कि यह सामाजिक पक्षपात है जो विदेशी भाषाओं में प्रवीणता को बुद्धिमत्ता का संकेत मानता है, जबकि अक्सर संस्कृत को नकार दिया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे बच्चे फ्रेंच, जर्मन या अंग्रेजी भाषा बोलते हैं तो हम उस बच्चे को बहुत प्रतिभाशाली मानते हैं और इस पर गर्व करते हैं। लेकिन जब कोई बच्चा उसी धाराप्रवाहिता से संस्कृत बोलता है तो इसे कोई बड़ी बात नहीं माना जाता। गुप्ता ने तर्क दिया कि संस्कृत न केवल भारतीय संस्कृति का आधार है बल्कि कई भारतीय भाषाओं का अभिन्न अंग भी है। सीएम ने कहा कि अगर हम विश्व गुरु बनना चाहते हैं तो हमें संस्कृत के माध्यम से अधिक ज्ञान हासिल करना होगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। सीएम ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मंच पर उपस्थित होना मेरे लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की अनुभूति का क्षण था। संस्कृत केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी सनातन परंपरा, दर्शन, विज्ञान, योग और अध्यात्म की जीवंत अभिव्यक्ति है। इस शिविर में युवाओं की भागीदारी और संस्कृत के प्रति उनकी जिज्ञासा देखकर यह विश्वास और प्रबल हुआ कि देववाणी एक बार फिर जनवाणी बनने की दिशा में अग्रसर है। संस्कृत भारती द्वारा किया जा रहा यह प्रयास भारत की सांस्कृतिक आत्मा को पुनर्स्थापित करने की दिशा में एक प्रेरक और संगठित अभियान है- जिसमें सहकारिता की भावना का भी अद्वितीय स्थान है। इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए मैं संस्कृत भारती के सभी कार्यकर्ताओं को हृदय से बधाई और आभार प्रकट करती हूं।

## अवैध तरीके से रह रहीं छह बांग्लादेशी महिलाओं को लिया हिरासत में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर बिना वैध दस्तावेजों के राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में रह रहीं छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अभिषेक धानिया के अनुसार, मंडावली पुलिस थाने को मिली सूचना के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई। एक टीम ने सबसे पहले अवैध प्रवासी होने के संदेह में एक महिला को पकड़ा।

पुलिस उपायुक्त ने कहा कि पूछताछ करने पर उसने पहाड़गंज इलाके में छिपे पांच अन्य बांग्लादेशी नागरिकों के ठिकाने का खुलासा किया। सूचना के आधार पर टीम ने बाकी महिलाओं को हिरासत में लिया। छह महिलाओं की पहचान मीम अख्तर (23), मीना बेगम (35), शेख मुन्नी (36), पायल शेख (25), सोनिया अख्तर (36) और तानिया खान (34) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि इनमें से किसी भी महिला के पास देश में रहने के लिए आवश्यक कोई वैध वीजा, पासपोर्ट या परमिट नहीं था। विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को महिलाओं को उनके देश वापस भेजने के लिए प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। महिलाओं को फिलहाल हिरासत में रखा गया है। यह कार्रवाई शहर में रह रहे अवैध प्रवासियों का पता लगाने और उन्हें वापस भेजने के लिए जारी अभियान के हिस्से के रूप में की गई है।

### आजादपुर सब्जी मंडी से बांग्लादेश के चार नागरिक दबोचे

उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के आजादपुर सब्जी मंडी इलाके से कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के चार नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ये बांग्लादेशी इलाके में ट्रांसजेंडर के वेश में रह रहे थे। उन्होंने कहा कि शनिवार को एक अभियान के दौरान इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि सभी बांग्लादेशियों को आगे की निर्वासन कार्यवाही के लिए विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि चारों लोग यातायात सिग्नल पर भीख मांगते थे और पकड़े जाने से बचने के लिए वे अपने परिजनों से एक प्रतिबंधित ऐप का इस्तेमाल कर बातचीत करते थे। पुलिस ने खुलासा किया कि उन्होंने अपना रूप बदलने और पहचान से बचने के लिए मामूली सर्जरी और हार्मोन संबंधी उपचार कराया था। अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों की पहचान मोहम्मद अरमान (21), मोहम्मद आरिफ (26), मोहम्मद जाहिद (21) और मोहम्मद बाबुल (40) के रूप में हुई है तथा ये सभी बांग्लादेश के नारायणगंज के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि वे एजेंट की मदद से अवैध रूप से सीमा पार कर भारत में घुसे थे और बाद में ट्रेन से दिल्ली पहुंचे थे।

## आबकारी नीति: अदालत आज केजरीवाल, सिसोदिया की याचिकाओं पर करेगी सुनवाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय सोमवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। ये याचिकाएं कथित आबकारी नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ दायर की गई हैं। ये याचिकाएं 2024 में दायर की गई थीं। ये याचिकाएं न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री के अनुसार, विशेष अदालत ने घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में दाखिल आरोपपत्र पर संज्ञान लिया, जबकि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए कोई मंजूरी नहीं ली गई थी। केजरीवाल ने अपनी याचिका में कहा कि यह मंजूरी आवश्यक थी, क्योंकि कथित अपराध के समय वह लोक सेवक थे। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने भी इसी तरह की आपत्तियां उठाई हैं। सिसोदिया ने अपनी याचिका में कहा कि चूंकि उनके खिलाफ आरोप एक लोक सेवक के तौर पर उनके द्वारा किए गए आधिकारिक कार्यों से संबंधित हैं, इसलिए मुकदमा चलाने के लिए पूर्व मंजूरी की आवश्यकता है। निचली अदालत के आदेश को रद्द करने के अनुरोध के अलावा केजरीवाल ने मामले में सभी कार्यवाही रद्द करने का भी याचिका में अनुरोध किया है। उच्च न्यायालय ने केजरीवाल की याचिका पर 21 नवंबर 2024 को ईडी को नोटिस जारी किया और उस स्तर पर निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सिसोदिया की याचिका पर एजेंसी को दो दिसंबर 2024 को नोटिस जारी किया गया।

## श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज में वार्षिकोत्सव आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर दिल्ली विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. गुरप्रीत सिंह टुटेजा, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव स.जगदीप सिंह कहलों, कॉलेज की प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स.सुखबीर सिंह कालरा, कोषाध्यक्ष स.कुलबीर सिंह , कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. बलजीत सिंह समेत कॉलेज की प्रबंधक कमेटी के कई माननीय सदस्य उपस्थित रहे।

इस मौके पर कहलों ने दिल्ली के चारों सिख कॉलेजों में चल रहे प्लेसमेंट ड्राइव के बारे में विस्तार से बताया। कॉलेज के विद्यार्थियों से प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के लिए भी कहा। उन्होंने कॉलेज की बेहतरी के लिए दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से हर संभव सहायता एवं सहयोग का विश्वास दिलाया। कार्यक्रम में सेवा पूरी कर चुके अध्यापकों को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट , सुरलोक पत्रिका आदि पत्रिकाओं का विमोचन भी किया गया । कॉलेज की विभिन्न शैक्षणिक समितियों के सक्रिय सदस्यों को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आर्ट एंड कल्चर के अंतर्गत आने वाली सभी समितियों को भी पुरस्कृत किया गया, जिनमें साहित्य, कला, संगीत, रंगमंच, वाद-विवाद, तकनीकी क्लब, मीडिया सेल तथा समाजसेवा से संबंधित समितियाँ शामिल रहीं। कॉलेज की करीब 50 से अधिक समितियों के छात्रों को पुरस्कार दिया गया।

## एमसीडी ने अपने विद्यालयों में किया स्टार अभिभावक बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के शिक्षा विभाग ने एक अनूठी पहल करते हुए विद्यालय एवं समाज के अंतर को कम करने एवं विद्यालय में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली नगर निगम के इतिहास में पहली बार स्टार अभिभावक बैठक का आयोजन किया। एमसीडी प्रशासन ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली नगर निगम के विद्यालयों में स्टार अभिभावक बैठक आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है जिसमें विद्यालय एवं समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। निगम प्रशासन ने बताया कि शिक्षा विभाग ने निगम विद्यालयों में छात्रों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने एवं अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए रिहायश की नजदीकी के आधार पर छात्रों को पीयर ग्रुप (मित्र मंडली) में बांटा गया है। निगम विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को 75 हजार पीयर ग्रुप में बांटा गया है एवं 75 हजार स्टार अभिभावक चुने गए हैं। स्टार अभिभावक बैठक में लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर्स, कला और ज्ञान विज्ञान प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियां आयोजित की गई जिसमें छात्रों एवं अभिभावकों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया और शिक्षा विभाग के प्रयासों को सराहा।

## भैरों मंदिर के पास कारोबारी को मारी गोली

नयी दिल्ली, चार मई (भाषा)

मध्य दिल्ली के तिलक मार्ग पर मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने घर लौट रहे एक कारोबारी को गोली मार दी जिससे वह घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नोएडा निवासी राजेंद्र शुक्रवार की रात करीब 10.15 मिनट पर दिल्ली के चांदनी चौक स्थित अपनी इत्र की दुकान से लौट रहे थे कि तभी भैरों मंदिर के पास हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने कहा, ''राजेंद्र का कथित तौर पर पीछा कर रहे हमलावरों ने मंदिर के पास गोलियां चलाईं। घायल होने के बावजूद, वह अपने कारोबारी सहयोगी को सूचित करने में कामयाब रहे, जिसने उन्हें अस्पताल पहुंचाया।'' इसने बताया कि राजेंद्र का उपचार जारी है। राजेंद्र जब अस्पताल पहुंचे तो वहां के कर्मियों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी जिसके बाद हत्या की कोशिश का मामला दर्ज किया गया।

### पुलिस को लूटपाट का संदेह

पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच से संकेत मिले हैं कि यह हमला लूटपाट के इरादे से किया गया हो सकता है, हालांकि कोई सामान गायब नहीं हुआ। अधिकारियों ने कहा कि संदिग्धों की पहचान करने और उनके मार्ग का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की फुटेज की पड़ताल की जा रही है।

## एलजी ने दिए मनीष सिसोदिया के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी की अरविंद केजरीवाल सरकार में सालों मंत्री रहे व तथाकथित शराब घोटाले के आरोपी मनीष सिसोदिया की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई है। क्योंकि उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पहले से विज्ञापन घोटाले में फंसे मनीष सिसोदिया पर क्रिमिनल केस चलाने के आदेश दे दिए है। जानकारी के अनुसार मनीष पर आरोप है कि सिसोदिया ने सरकारी पैसे से दूसरे राज्यों में ऐसे विज्ञापन चलाए, जिसमें आम आदमी पार्टी की तारीफ की गई थी। यह विज्ञापन सुप्रीम कोर्ट के नियमों के खिलाफ थे, क्योंकि सरकारी पैसों से किसी पार्टी का प्रचार नहीं हो सकता। उपराज्यपाल सक्सेना ने आपराधिक मुकदमा दर्ज करने का आदेश देते हुए कहा है कि उन (सिसोदिया) पर सरकारी खजाने का दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के बावजूद, आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के सरकारी खजाने से विज्ञापन जारी किया और प्रचार प्रसार करने की कोशिश की गई। इसे किसी राजनीतिक पार्टी के लाभ के लिए सार्वजनिक संसाधनों का इस्तेमाल माना गया है। इस संबंध में उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार को निर्देश देकर दूसरे राज्यों में जारी विज्ञापन के मद में दिल्ली सरकार ने जो राशि विज्ञापन एजेंसियों को जारी की थी, उसकी वसूली आम आदमी पार्टी से करने के निर्देश दिए हैं। उपराज्यपाल ने सभी विभागों को एक परामर्श जारी करने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि सभी निर्धारित वित्तीय नियमों और प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि बड़े भुगतान की प्रक्रिया जारी करने से पहले पूरी सावधानी बरतनी जरूरी है, ताकि कोई गड़बड़ी या सरकारी खजाने का नुकसान ना हो। इस मामले में कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री व दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय माकन ने बकायदा शिकायत भी की कि दिल्ली सरकार के कुछ विज्ञापन सुप्रीम कोर्ट के नियम तोड़ रहे हैं। जिसके बाद सीसीआरजीए ने जांच की और पाया कि दिल्ली सरकार ने 97.14 करोड़ रुपये ऐसे विज्ञापनों पर खर्च किए, जो सरकार का नहीं बल्कि आम आदमी पार्टी का प्रचार कर रहे थे। मई 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा था कि सरकारी पैसे से ऐसे विज्ञापन नहीं छपने चाहिए, जो किसी नेता या पार्टी का गुणगान करें। इसके बाद अप्रैल 2016 में सरकार ने एक कमेटी (सीसीआरजीए) बनाई, जो विज्ञापनों की जांच करती थी। इसी कमेटी ने अपनी जांच में पाया कि सरकारी पैसा गलत तरीके से आप पार्टी के विज्ञापनों पर खर्च किया गया। सीसीआरजीए ने बकायदा जनवरी 2023 में आप पार्टी को 163.62 करोड़ रुपये वापस करने का नोटिस भी भेजा था।

### पीछे छूट जाएगी न्यूयॉर्क मेट्रो

# जुलाई में मिलेगी मौजपुर-मजलिस पार्क मेट्रो रेल की सौगात

सत्यप्रकाश ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली वालों को खासकर उत्तर पूर्वी दिल्ली के लोगों को जुलाई महीने में मौजपुर-मजलिस पार्क मेट्रो रेल की सौगात मिल सकती है। अगर सब कुछ सही सलामत रहा तो तय मानिए कि जुलाई महीने में दिल्ली की पहली रिंग रोड मेट्रो यानी पिंक लाइन पूरी तरह से कार्य करने लग जाएगी। इसके साथ ही दिल्ली मेट्रो रेल निगम, विश्व की एकमात्र न्यूयॉर्क मेट्रो के 399 किलोमीटर लंबे सिस्टम को पीछे छोड़ते हुए किसी एक शहर में दुनिया का सबसे लंबा मेट्रो नेटवर्क का रुतबा भी अपने नाम कर लेगी। वर्तमान में दिल्ली मेट्रो 395 किलोमीटर लंबी लाइन पर सफलतापूर्वक यात्रा करवा रही है। अब इसमें 12 किलोमीटर का नया खंड मौजपुर-मजलिस पार्क शुरू होते ही इसकी कुल लंबाई 407 किलोमीटर हो जाएगी, जो न्यूयॉर्क मेट्रो के 399 किलोमीटर से 8 किलोमीटर ज्यादा होगा। शनिवार को डीएमआरसी के 31 वें स्थापना दिवस पर केंद्रीय आवास और शहरी मामलों और बिजली मंत्री मनोहर लाल ने खुद कहा कि जुलाई महीने में दिल्ली मेट्रो का मौजपुर-मजलिस पार्क खंड यात्रियों के लिए शुरू हो सकता है। बता दें कि अभी तक कयास लगाए जा रहे थे कि पिंक लाइन अंतर्गत मजलिस पार्क से जगतपुर गांव तक खंड बनकर पुरी तरह तैयार है इसलिए इन तीन स्टेशनों वाले खंड को पहले शुरू किया जाएगा। लेकिन अब केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मिले इशारे के बाद तय है कि उक्त तीन स्टेशनों को खोलने की बजाए जुलाई में पूरे 8 स्टेशनों वाले 12.318 किलोमीटर लंबे पूरे मौजपुर-मजलिस पार्क खंड को एक साथ शुरू कर दिया जाए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार केंद्र की तरफ से डीएमआरसी को भी जुलाई महीने में मौजपुर-मजलिस पार्क खंड को शुरू करने के लिए तैयारी करने को कहा गया है। जिसके डीएमआरसी की भी हर संभव कोशिश रहेगी कि उक्त खंड को जुलाई महीने में शुरू करने में कोई देरी न हो। इस लाइन पर जगतपुर से मजलिस पार्क तक तीन स्टेशन बिल्कुल तैयार हो चुके है। जगतपुर से मौजपुर तक शेष खंड पर भी कार्य लगभग पूरा हो चुका है। इस खंड पर भी ट्रायल रन आदि की कवायद की जा रही है। दिल्ली की एकमात्र रिंग रोड मेट्रो कही जाने वाली पिंक लाइन की कुल लंबाई 59.24 किलोमीटर (36.81 मील) है। इस लाइन पर कुल 38 स्टेशन हैं, जिनमें से 26 एलिवेटेड और 12 अंडरग्राउंड हैं। वर्तमान में यह लाइन मजलिस पार्क से शिव विहार-मौजपुर तक परिचालन में है।

### 12 लाइनों पर 395 किमी नेटवर्क, 289 स्टेशनों के साथ करा रही है शानदार यात्रा

दिल्ली मेट्रो आज तक यानी मई 2025 तक 12 लाइनों पर कुल 395 किलोमीटर लबे नेटवर्क पर 289 स्टेशनों का संचालन करती है। दिल्ली मेट्रो ने नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, बहादुरगढ़ और बल्लभगढ़ जैसे शहरों को अपनी यात्रा में समाहित करके लगभग पूरे एनसीआर के लाखों यात्रियों की दूरियां कम करने में अहम भूमिका निभा रही है। दिल्ली मेट्रो बहुत जल्द 400 किमी नेटवर्क को पार करने की ख्याति अपने नाम करने की और अग्रसर है।

### यात्रियों के बाद अब दिल्ली मेट्रो कार्गो के क्षेत्र में भी दिखाएगी अपनी उपयोगिता

दिल्ली मेट्रो अब तक प्रतिदिन 70 लाख से अधिक यात्रियों को यात्रा करवाने में अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रही है। अब दिल्ली मेट्रो कार्गो के क्षेत्र में भी अपनी उपयोगिता दिखाने के लिए तैयारी कर रही है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने मेट्रो ट्रेनों में कार्गो डिब्बे जोड़ने का दूरदर्शी विचार व्यक्त करते हुए दिल्ली मेट्रो रेल की नई जिम्मेदारी भी तय कर दी है। जबकि दिल्ली मेट्रो ने गत दिनों ब्लू डार्ट कूरियर कंपनी से हाथ मिलाया था। लेकिन कार्गो योजना में मेट्रो ट्रेन में एक पूरा डिब्बा जोड़ा जा सकता है। अभी यह योजना शुरुआती दौर में है इसलिए ज्यादा जानकारी नहीं मिली है। लेकिन यह आशा तो की ही जा सकती है कि भविष्य में दिल्ली मेट्रो यात्रियों के साथ साथ लोगों के सामान को भी समय से पहुंचाने का कार्य सफलतापूर्वक करेगी।



# 'वॉर 2' का तलवारबाजी वाला सीन हुआ लीक...

**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वॉर 2' का एक सीन लीक हो गया है। यह इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल हुए सीन में ऋतिक रोशन एक जापानी मठ में तलवारबाजी करते हुए में नजर आ रहे हैं। यह सीन इतना शानदार है कि इसे देखकर लगता है मानो कोई हॉलीवुड की बिग-बजट एक्शन फिल्म चल रही हो। इस लीक सीन ने प्रशंसकों का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। वायरल हो रहे सीन में ऋतिक रोशन एक शांत और खूबसूरत जापानी मठ में दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथ में पारंपरिक जापानी तलवार (कटाना) है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## मेट गाला से पहले न्यूयॉर्क की सड़कों पर दिखीं



हाल ही में सोशल मीडिया पर अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की न्यूयॉर्क शहर से कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह पोज देती दिख रही हैं। मेट गाला इवेंट से पहले अभिनेत्री की ये स्टाइलिश तस्वीरें लोगों का ध्यान खींच रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा की सोशल मीडिया पर कुछ स्टाइलिश तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिसमें वह न्यूयॉर्क की सड़कों पर नजर आ रही हैं। आपको बताते चलें कि एक्ट्रेस की ये तस्वीरें मेट गाला फैशन इवेंट से ठीक एक दिन पहले यानी रविवार की हैं। इसमें प्रियंका का कूल अंदाज देखने को मिल रहा है, जो यह बता रहा है कि एक बार से अभिनेत्री मेट गाला फैशन इवेंट में शामिल होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में प्रियंका चोपड़ा ब्राउन कलर के सिंपल कैजुअल ड्रेस पहने नजर आ रही हैं। वहीं एक्ट्रेस खुले हुए बालों के साथ सनग्लास लगाए हुए भी दिख रही हैं। इसके अलावा अभिनेत्री लोफर शूज पहने हुए स्टाइलिश लुक में नजर आ रही हैं। वहीं, एक तस्वीर में वो विक्ट्री साइन बनाते हुए दिख रही हैं। प्रियंका चोपड़ा से पहले बॉलीवुड के सुपरस्टार शाहरुख खान न्यूयॉर्क पहुंच चुके हैं। शाहरुख खान हाल ही में न्यूयॉर्क के जॉन एफ केनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर देखे गए थे, जिसके कई वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। मेट गाला फैशन इवेंट अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट में आयोजित होने वाला है। यह इवेंट 5 मई यानी सोमवार को होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# खुद को बताया ट्रांसजेंडर

**लॉस एंजिल्स।** एक्टर रॉबर्ट डी नीरो की बेटी एयरिन ने हाल ही में अपने ट्रांस वूमेन होने का खुलासा किया। वह साल 2024 से हार्मोन थैरेपी ले रही हैं। हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में एयरिन ने हॉलीवुड मैगजीन को इंटरव्यू दिए। वह खुद को शी संबोधित नहीं करती है, वह खुद के लिए 'देम' जैसे संबोधन का इस्तेमाल करती हैं। इंटरव्यू में बताती हैं, 'जब मैं ट्रांस जेंडर वूमेन को खुलकर सामने आते देखती, अपनी सफलता पर गर्व करते देखती तो लगता है कि मेरे लिए भी देर नहीं हुई है। शायद मैं भी एक नई शुरुआत कर सकती हूं।'



# गिगी ने ब्रैडली के साथ रिश्ते पर लगाई मुहर

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी फैशन मॉडल और टेलीविजन आर्टिस्ट गिगी हदीद ने रविवार को सोशल मीडिया हैंडस पर अपनी एक खास तस्वीर से अपने और ब्रैडली कूपर के साथ अपने रिश्ते से पर्दा उठा दिया है। इस तस्वीर से उन्होंने अपना रिश्ता आधिकारिक बना दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने जन्मदिन की कई तस्वीरें शेयर कीं। लेकिन, उनके फैंस की निगाहें उनकी एक खास तस्वीर पर टिकी। इन तस्वीरों के साथ एक तस्वीर ऐसी भी है, जिसमें गिगी और ब्रैडली एक-दूजे को किस करते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर से उनका रिश्ता साफ हो गया है कि वाकई में दोनों एक-दूजे को डेट कर रहे हैं। कैप्शन में लिखा, 'मैं 30 की होने पर खुद को बहुत भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। मैं हर उतार-चढ़ाव के लिए बहुत लकी महसूस करती हूं- उन सभी सबक और गिफ्ट्स के लिए, जो लोगों ने मुझे दिए हैं। यह सब महसूस करने के लिए!



# पॉवर कपल के रूप में आएंगे नजर ...

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय सेतुपति की फिल्मों का दर्शकों को बड़ी ही बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले कुछ वक्त से विजय सेतुपति अपनी अनाम आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में थे, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री नित्या मेनन नजर आने वाली हैं। फैंस का इंतजार खत्म हुआ और विजय सेतुपति की आगामी फिल्म के 'टाइटल की घोषणा हो गई। विजय सेतुपति और नित्या मेनन की इस फिल्म का नाम है 'थलाइवन थलाइवी'। इस फिल्म का निर्देशन पंडिराज ने किया है। इस ड्रामा फिल्म में विजय और नित्या पावर कपल के रूप में दिखाई देंगे। फिल्म गंभीर रूप से संबंधित रिश्तों पर बात करती है और उनके बीच के हर भाव को दिखाती है। मेकर्स ने फिल्म का टाइटल टीजर जारी किया है। जिसकी शुरूआत विजय सेतुपति और नित्या मेनन के खाना बनाने की तैयारी करते हुए होती है।



# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय

**मुंबई।** बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। यह फिल्म अक्षय और सैफ के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव की कहानी होगी। बॉलीवुड हंगामा ने एक सूत्र के हवाले से बताया, 'सैफ अली खान मुख्य किरदार में होंगे।

## टीवी मसाला



# जयति भाटिया और सुधांशु पांडे का रोमांस हुआ वायरल

**नई दिल्ली।** टीवी जगत में एक्ट्रेस जयति भाटिया ने खूब नाम कमाया है। ससुराल सिमर का से लेकर कई हिट सीरियल में उन्होंने काम किया है तो हीरामंडी जैसी वेब सीरीज में भी नजर आई हैं। मगर उन्हें दीपिका कक्कड़ की ऑनस्क्रीन सासु मां व शोएब इब्राहिम की मां के रोल में लोग आज भी भूला नहीं पाए हैं। लेकिन, क्या आपको याद है जब जयति भाटिया ने अनुपमा के वनराज उर्फ सुधांशु पांडेय संग रोमांस किया था। हाल में ही इंस्टाग्राम पर सुधांशु पांडेय और जयति भाटिया के शो की एक क्लिप वायरल हुई, जिसमें दोनों का रोमांस देखने को मिला। इस शो का नाम था कन्यादान। जिसे एकता कपूर ने बनाया था। इस शो का हिस्सा किरण खेर भी थीं। जयति भाटिया और सुधांशु पांडे की उम्र में 4 साल का अंतर हैं। जयति जहां 54 साल की हैं तो सुधांशु 50 साल के हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री का बड़ा नाम रहे हैं और दोनों ने ही टॉप सीरियल्स में काम किया है। ये शो मां बेटियों के रिश्ते पर आधारित था। जहां किरण खेर (रक्षा) ने जयति की मां का रोल प्ले किया था। ये शो 1999 से 2000 तक आया था जिसे एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया था। उस समय ये शो काफी पॉपुलर हुआ था।

## अभीर ने किया कियारा का अपमान



**नई दिल्ली।** राजन शाही के पॉपुलर सीरियल में इस बार इमोशंस, इगो और इनसाफ की टक्कर देखने को मिलेगी। जहां एक ओर अभिरा और अरमान के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं, वहीं गोयनका और पोद्दार फैमिली आमने-सामने आ खड़ी होती है। एपिसोड की शुरुआत अरमान और अभिरा की बहस से होती है। अरमान चाहता है कि अभिरा अब सिर्फ अपने आने वाले बच्चे पर ध्यान दे और पारिवारिक झगड़ों से दूर रहे, लेकिन अभिरा इस मांग को ठुकरा देती है और कहती है कि एक बड़ी बहू और बेटे की जिम्मेदारी सिर्फ एक बच्चा नहीं, पूरा परिवार होता है। अरमान इस बात से नाखुश है और रिश्ते पर तनाव बढ़ता जा रहा है। चारु पूरे आत्म-सम्मान के साथ गोयनका हाउस पहुंचती है। वहां अभीर न सिर्फ उसका स्वागत करता है, बल्कि कियारा का सामान हटाकर अपने कमरे में चारु को जगह दे देता है। इस अपमान से आहत कियारा, रिश्ते को खत्म करने का फैसला लेती है। एक मंदिर में जब गोयनका और पोद्दार परिवार आमने-सामने आते हैं, तब अभिरा सबके सामने ऐलान करती है कि कियारा तलाक के लिए तैयार है और वो उसका केस लड़ेगी।

# बागी बेचारे' में शामिल हुए अभिषेक बनर्जी, फैसल -प्रतीक भी आए साथ



*मुंबई। बॉलीवुड में नई फिल्म के जरिए धमाल मचाने की तैयारी की जा रही है और इसका नाम है 'बागी बेचारे'। मशहूर लेखक और निर्माता सुमित पुरोहित इस बार निर्देशक की कुर्सी संभाल रहे हैं। यह फिल्म बीई8 फिल्म्स प्रोडक्शन (अश्वनी कुमार), ट्रेनट्रिपर फिल्म्स और इनक्लूसिव पिक्चर्स के सह-निर्माण से बन रही है। बागी बेचारे में 'स्कैम 1992' फेम प्रतीक गांधी, 'पाताल लोक' के अभिषेक बनर्जी और 'पंचायत' के फैसल मलिक जैसे दमदार कलाकार नजर आएंगे। वहीं, मिर्जापुर के लेखक पुनीत कृष्णा इस प्रोजेक्ट में सह-लेखक की भूमिका में हैं, जबकि 'इनसाइड एज' और 'श्रीकांत' के प्रोजेक्ट्स लिख चुके सुमित पुरोहित फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इसके अलावा, 'बंबई मेरी जान' के निर्माता अश्वनी कुमार और क्रिएटिव प्रोड्यूसर देवांश पटेल भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'बागी बेचारे' एक व्यंग्यात्मक कहानी है, जो आज के समय को आईना दिखाएगी। सुमित पुरोहित ने वैरायटी के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'व्यंग्य मेरे लिए एक तरह का सुकून है। यह हमें उन सच्चाइयों का सामना करने की हिम्मत देता है, जो ना तो पूरी तरह सच लगती हैं और ना ही इन्हें नजरअंदाज किया जा सकता है। इतने सारे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करना मुझे यह यकीन दिलाता है कि हम ऐसी कहानियां बता सकते हैं, जो ना सिर्फ ईमानदार हों, बल्कि हमारे समय को बेबाकी से दर्शाएं।' प्रतीक गांधी ने इस प्रोजेक्ट को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'ऐसी फिल्म का हिस्सा बनना, जो सच्ची कला और सहयोग से बनी हो, बहुत खास है। एक अभिनेता के तौर पर यह प्रेरणादायक है और मैं इसका हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता हूं।'*

# हमें पुरानी फिल्मों से सीखने की जरूरत : जैकी

**मुंबई।** लोग कहते हैं टिकट की कीमतें अधिक हैं, लेकिन मेरा मानना है कि लोगों का समय सबसे महंगा है। आजकल की जेन जी जेनेरेशन पुरानी फिल्मों का अनुभव करना चाहती है। यही कारण है कि वो ऑनलाइन उपलब्ध होने पर भी सिनेमाघरों में जाकर पुरानी फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं। ये बातें एक्टर से प्रोड्यूसर बने जैकी भगनानी ने वेव्स समिट 2025 में बोलते हुए कहीं।

***सीमित संसाधनों में बनाईं शानदार फिल्में :*** मुंबई में आयोजित वेव्स समिट 2025 का रविवार को अंतिम दिन था। इस बीच एक्टर-प्रोड्यूसर जैकी भगनानी भी इस समिट का हिस्सा बने। 'बियॉन्ड नॉस्टेल्जियाः द बिजनेस ऑफ रिस्टोर्ड क्लासिक्स' विषय पर आधारित चर्चा में भाग लेते हुए जैकी भगनानी ने सिनेमा की नई दुनिया को लेकर अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि क्लासिक फिल्में दर्शकों को क्यों आकर्षित करती हैं और आज के फिल्म निर्माता कैसे पिछली फिल्मों और अतीत से प्रेरणा ले सकते हैं। 1970 से लेकर 2000 तक के दशक को याद करते हुए जैकी ने कहा, उस वक्त की फिल्मों में निर्माताओं ने सीमित संसाधनों के साथ शानदार काम किया है और यादगार कहानियां दी हैं। यह शानदार राइटिंग और ईमानदारी से किए गए काम की वजह से संभव हो पाया। आज भी मैं उन फिल्मों से प्रभावित हूं। मैं खुद से ये पूछता रहता हूं कि उस समय उन्होंने ऐसा कैसे किया

***पुरानी फिल्मों को बेहतर क्वालिटी में लाने पर कही ये बात :*** पुरानी फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको अच्छे प्रिंट में लाने पर जैकी ने कहा, 'फिल्मों को री-स्टोर करना और उनको बेहतर क्वालिटी में तैयार करने का तलब सिर्फ पुराने प्रिंट को स्कैन करना नहीं है। सोचिए 'सिलसिला' फिल्म से मिस्टर बच्चन के यादगार किरदार को वापस लाने के लिए टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाए। यह भी एक तरह से उसे बचाना और उसे नए तरह से लाना ही है।



## दर्शकों के मूड पर निर्भर करती है फिल्म की सफलता

आज के वक्त में एक फिल्म को क्या चीज सफल बनाती है। इस सवाल का जवाब देते हुए जैकी ने कहा, 'इसका एक जवाब नहीं है। हमने 'रहना है तेरे दिल में'को फिर से रिलीज किया और इसने अच्छा प्रदर्शन किया। हमें लगा कि 'बीवी नंबर 1' और भी बेहतर प्रदर्शन करेगी, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। दर्शकों का मूड बदलता रहता है। पीछे मुड़कर देखें तो आप इसे समझने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन, सबसे अच्छी बात यह है कि यह 50 प्रतिशत डेटा है और 50% हिम्मत है। अगर आप दोनों को मिला सकते हैं, तो आप अपने मौके बढ़ा सकते हैं।'

## रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की है चुनौती

# 16 साल में 10 बॉक्स ऑफिस क्लैश, शाहरुख से लेकर रणबीर तक से भिड़े अजय

*नई दिल्ली। अजय देवगन की हालिया रिलीज 'रेड 2' इन दिनों सिनेमाघरों में पैसे छाप रही है। हालांकि, 'रेड 2' के सामने बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की चुनौती है। क्योंकि फिल्म की जिन फिल्मों के साथ टक्कर हो रही है, उनमें संजय दत्त की 'द भूतनी' से लेकर साउथ की दो बड़ी फिल्में 'रेट्रो'और 'हिट 3' शामिल हैं। हालांकि, इन फिल्मों से मुकाबला करते हुए अजय देवगन की 'रेड 2' रफ्तार से आगे बढ़ रही है। फिल्म को क्रिटिक्स से भी काफी तारीफें मिल रही हैं। वैसे ये पहला मौका नहीं है जब अजय देवगन की फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर दूसरी फिल्मों से टक्कर हुई हो। इससे पहले भी कई बार अजय की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश हुआ है। इनमें कभी अजय देवगन ने बाजी मारी है, तो कभी उनकी फिल्मों को इस क्लैश का नुकसान उठाना पड़ा है।*

### सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3




पिछले साल दीपावली पर अजय देवगन का मुकाबला राइजिंग स्टार कार्तिक आर्यन से हुआ था। जब अजय देवगन की 'सिंघम अगेन'और कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' बॉक्स ऑफिस पर टकराईं थीं। कहीं न कहीं इस टक्कर का नुकसान दोनों ही फिल्मों को हुआ था। हॉरर-कॉमेडी और एक्शन की टक्कर में बाजी कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने मारी थी। सिंघम अगेन जहां 297 करोड़ तक पहुंची थी, तो वहीं कार्तिक आर्यन की 'भूल भुलैया 3' ने 311 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### शिवाय और ऐ दिल है मुश्किल




साल 2016 में अजय देवगन और रणबीर कपूर के बीच बॉक्स ऑफिस पर टक्कर देखने को मिली थी। जब अजय देवगन की 'शिवाय' और रणबीर कपूर की 'ऐ दिल है मुश्किल' एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज हुई थीं। शिवाय को खुद अजय देवगन ने डायरेक्ट किया था, जबकि 'ऐ दिल है मुश्किल' करण जौहर के निर्देशन में बनी थी। इसमें रणबीर कपूर की फिल्म ने अजय देवगन की फिल्म पर बढ़त हासिल की थी। अजय की 'शिवाय' एवरेज रही थी। 'शिवाय' की भारत में कमाई जहां 138.55 करोड़ रही थी, तो वहीं 'ऐ दिल है मुश्किल' ने 158.47 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### तान्हाजी और छपाक



2020 में अजय देवगन की 'तान्हाजी'के सामने दीपिका पादुकोण की 'छपाक' रिलीज हुई थी। हालांकि, 'तान्हाजी'ब्लॉकबस्टर रही थी, जबकि 'छपाक'कमाई करने में काफी पीछे रह गई थी। हालांकि, फिल्म को क्रिटिक्स की सराहना जरूर मिली थी।

### सन ऑफ सरदार और जब तक है जान



साल 2012 में अजय देवगन की टक्कर बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान से हुई थी। इस साल अजय देवगन की 'सन ऑफ सरदार' के सामने शाहरुख खान की 'जब तक है जान' ने मुकाबला किया। दोनों ही फिल्मों की कमाई ठीक-ठाक रही थी। अजय जहां कॉमेडी लेकर आए थे, तो वहीं शाहरुख अपने रोमांटिक अंदाज में एक कहानी लेकर आए थे। बॉक्स ऑफिस पर 'जब तक है जान' ने तकरीबन 167 करोड़ से ऊपर की कमाई की थी।

खबर संक्षेप

## 11वीं के छात्र पहले देंगे 12वीं की परीक्षा



**रांची।** झारखंड शिक्षा विभाग ने अजीबोगरीब फरमान सुनाया है। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले 11वीं के छात्र-छात्राएं पहले 12वीं का मासिक टेस्ट देंगे, इसके बाद वे अपनी क्लास 11वीं की वार्षिक परीक्षा में बैठेंगे। यह व्यवस्था स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से की गई है। झारखंड शैक्षिक अनुशंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने प्रदेश के सरकारी स्कूलों की परीक्षा का शड्यूल जारी कर दिया है।

## याशर के खुलासे,यासीन भटकल के साथ प्लानिंग

**रांची।** झारखंड एटीएस ने आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर के झारखंड मॉड्यूल से जुड़े जिस संदिग्ध अम्मार याशर को गिरफ्तार किया है, वह इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के संस्थापक भटकल ब्रदर्स का करीबी रहा है। यासिन भटकल, रियाज भटकल और इकबाल के साथ मिलकर वह घटना को अंजाम देने की योजना भी बनाता था। यह खुलासा याशर से पूछताछ में हुआ है।

## क्रिकेट के मैदान में एक और खिलाड़ी की मौत

**बुलंदशहर।** थाना अहार क्षेत्र के गांव रसूलपुर के मैदान में क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद में



खिलाड़ी की बैट से वारकर हत्या कर दी। गंभीर हालत में परिजन खिलाड़ी को लेकर चिकित्सक के पास पहुंचे। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। शक्ति भाटी (19) क्रिकेट खेलने गया था।

# यूपी के सरकारी भवनों में गाय के गोबर से तैयार पेंट का हो इस्तेमाल

### सीएम योगी आदित्यनाथ का अधिकारियों को निर्देश

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश देते हुए रविवार को कहा कि गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी किया जाए। मुख्यमंत्री ने पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी किया जाए तथा इन पेंट संयंत्र की संख्या बढ़ाई जाए। आदित्यनाथ ने कहा, पशुपालन और दुग्ध विकास प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है। यह क्षेत्र केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें आजीविका, पोषण सुरक्षा और महिला सशक्तीकरण की भी व्यापक संभावनाएं हैं।

» सीएम योगी ने निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश देते हुए कहा कि गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट का प्रयोग सरकारी भवनों में भी किया जाए।

**खास बातें**

- गोवंश केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास
- दुग्ध विकास प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार



### आश्रय स्थलों में पशु चिकित्सकों का नियमित दौरा

उन्होंने कहा कि तकनीक, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देते हुए इस क्षेत्र को और सशक्त किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्रदेश के 7,693 गो आश्रय स्थलों में 11.49 लाख गोवंश संरक्षित हैं जिनकी निगरानी सीसीटीवी से की जा रही है और नियमित अंतराल पर निरीक्षण भी किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि इन आश्रय स्थलों में देखभाल के लिए कर्मचारी की तैनाती, उन्हें समय से वेतन भुगतान, भूसा बैंक की स्थापना, पानी, हरे चारे और चोकर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। आदित्यनाथ ने कहा, ''आश्रय स्थलों में समय-समय पर पशु चिकित्सकों का दौरा भी कराया जाए। जिन गरीब परिवारों के पास पशुधन नहीं है, उन्हें 'मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना' के अंतर्गत गाय उपलब्ध कराई जाए। इससे परिवारों को एक ओर जहां गोसेवा का पुण्य प्राप्त होगा, वहीं दूसरी ओर दूध की उपलब्धता से परिवार के पोषण स्तर में भी सुधार होगा।

### राज्य में 7,693 गो आश्रय अच्छे आश्रय स्थलों को सम्मानित करने के निर्देश

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडल स्तर पर देसी नस्ल की गायों की प्रतियोगिता कराई जानी चहिए और अच्छे गो आश्रय स्थलों को चिह्नित कर सम्मानित किया जाए। इसी प्रकार, गो आधारित उत्पाद बनाने वाली संस्थाओं के बीच भी प्रतियोगिता आयोजित की जाए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि 40,968.29 हेक्टेयर चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटा दिया गया है, जिसमें से 12,168.78 हेक्टेयर भूमि को हरे चारे के उत्पादन के लिए समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा, ''यह पहल ग्रामीण रोजगार भी पैदा कर रही है, जिसमें महिला स्वयं सहायता समूह सक्रिय रूप से शामिल हैं। कुल 21,884 गोसेवकों को प्रशिक्षित और तैनात किया गया है। बरेली में, इफ्को के सहयोग से बड़े गो संरक्षण केंद्रों पर जैविक खाद और गोमूत्र प्रसंस्करण संयंत्रों की स्थापना प्रगति पर है।'' अधिकारियों ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 4,922 सहकारी दुग्ध समितियों की स्थापना का लक्ष्य है।

### साढ़े तीन घंटे तक चली महागठबंधन की बैठक

# महागठबंधन में चेहरे पर नहीं कोई कनफ्यूजन एनडीए के सीएम फेस पर तेजस्वी ने ली चुटकी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार चुनाव की तैयारियों को लेकर महागठबंधन की रविवार को पटना के दीघा आशियाना रोड के एक रिसोर्ट में बैठक हुई। जो लगभग साढ़े तीन घंटे तक चली। महागठबंधन की बैठक लगभग साढ़े तीन घंटे तक चली। बैठक में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन का अभी जो चेहरा है, वो बाद में भी रहेगा। लेकिन एनडीए में जो अभी सीएम हैं, वे नहीं रहेंगे। क्योंकि भाजपा ऐसा होने नहीं देगी। इसलिए महागठबंधन को लेकर किसी में कोई भ्रम नहीं रहना चाहिए।

तेजस्वी ने कहा कि बैठक में तय हुआ कि महागठबंधन का समन्वय से संवाद कार्यक्रम जिला से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर तक चलेगा। चुनाव के दृष्टिकोण से कुछ कार्यक्रम तय किए जाएंगे। एक उपसमिति बनेगी जो चुनाव के दौरान चुनाव आयोग से मिला करेगी। इस उपसमिति में महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेता मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि महागठबंधन की ये तीसरी बैठक है। पटना में हुई इस बैठक में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, दीपांकर, कृष्ण अल्लावारू, रामनरेश पांडे, मुकेश सहनी के अलावा घटक दल के सभी नेता, सांसद, विधायक, विधान पार्षद, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

» पटना में महागठबंधन की तीसरी बैठक के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि महागठबंधन में किसी तरह का कोई भ्रम नहीं है। जो अभी चेहरा है, वही बाद में रहेगा। लेकिन एनडीए में जो अभी सीएम हैं, वो

**खास बातें**

- समन्वय से संवाद कार्यक्रम जिला से लेकर प्रखंड और पंचायत स्तर तक चलेगा
- उपसमिति चुनाव के दौरान इलेक्शन कमीशन से मिला करेगी



### महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेता उपसमिति में होंगे शामिल

बिहार चुनाव के मद्देनजर हर जिले और प्रखंड में संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसें महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम की तारीखों का फैसला समन्वय समिति की बैठक में होगा। साथ ही एक उपसमिति बनेगी जो चुनाव के दौरान इलेक्शन कमीशन से मिला करेगी। इस उपसमिति में महागठबंधन के सभी घटक दलों के नेता मौजूद रहेंगे। आपको बता दें महागठबंधन की ये तीसरी बैठक है। रविवार को हुई गठबंधन की बैठक को संवाद कार्यक्रम नाम दिया गया है।

### अखिलेश ने योगी सरकार को जमकर घेरा

# न दाम मिल रहा, न इज्जत, यूपी में किसान हो रहे अपमानित

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार और अधिकारियों पर जमकर निशाना साधा है। रविवार को उन्होंने लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में चौहान सम्मेलन किया। इसके बाद मीडिया से बातचीत के दौरान आरोप लगाया कि यूपी के अफसर प्रदेश से बाहर निवेश कर रहे हैं और मलाईदार पोस्ट पर बैठे अधिकारी राज्य हित के बजाय निजी लाभ में लगे हैं।

अखिलेश ने कहा कमीशन का झगड़ा सबने देखा है। असल में यह बंटवारे का झगड़ा है। अब जो भी हाथ लगे, ले लो वाली स्थिति है। किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा किसान को गेहूं की फसल का न सही दाम मिल रहा, न इज्जत। खेती के उपकरण महंगे किए जा रहे हैं, किसान अपमानित हो रहा है।



### भ्रष्टाचार और तानाशाही का लगाया आरोप

भाजपा पर मिली-जुली संस्कृति से नफरत का आरोप लगाते हुए अखिलेश बोले, मेले भाईचारे का प्रतीक हैं, लेकिन भाजपा को मेलों से दिक्कत है। अखिलेश यादव ने पीडीए वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें ऐसी फिल्में देखनी चाहिए जो उनके दर्द, संघर्ष और अधिकारों की बात करती हों। उन्होंने कहा, जो लोग वर्षों से पीडीए परिवार को दबाते आए हैं, उनके खिलाफ अब एकजुटता जरूरी है।अखिलेश यादव ने कहा कि जाति जनगणना होनी चाहिए और पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) परिवार सजग रहे जिससे कि कोई गड़बड़ी न होने पाए। सामाजिक न्याय के लिए जरूरी है कि सही आंकड़े जनता के सामने आएं।

## पेज एक का शेष

### हिंदुस्तान को नहीं चाहिए....

नहीं है जिनके कहने और करने में फर्क हो। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप को वास्तविकता का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि आज उसे मल्टीपोलरिटी की वास्तविकताओं का सामना करना पड़ रहा है। आर्कटिक सर्कल इंडिया फोरम 2025 में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि जब हम दुनिया को देखते हैं, तो हम भागीदारों की तलाश करते हैं, उपदेशकों की नहीं। खासकर ऐसे उपदेशकों (ज्ञान देने वाले) की जो अपने देश में वही नहीं करते जो वे विदेश में करते हैं। यूरोप का कुछ हिस्सा अभी भी उस समस्या से जूझ रहा है। जयशंकर ने आगे कहा कि यूरोप वास्तविकता की जांच के एक निश्चित क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। वे आगे बढ़ पाते हैं या नहीं, यह हमें देखना होगा। अगर हमें साझेदारी विकसित करनी है, तो कुछ समझ, संवेदनशीलता, हितों की पारस्परिकता और दुनिया कैसे काम करती है, इसका एहसास होना चाहिए।

### ग्लोबल राजनीति में...

कुछ वर्ष पहले आर्कटिक नीति लेकर आए हैं। स्वालबार्ड पर केएसएटी के साथ हमारे समझौते हैं, जो हमारे अंतरिक्ष के लिए प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक विभाजन को तेज करने से आर्कटिक की वैश्विक प्रासंगिकता और बढ़ गई है। जयशंकर ने कहा कि आर्कटिक के प्रक्षेपवक्र को देखते हुए, इसका प्रभाव वैश्विक होगा, जिससे यह सभी के लिए चिंता का विषय बन जाएगा। वार्मिंग नए रास्ते खोल रही है, जबकि तकनीकी और संसाधन वैश्विक अर्थव्यवस्था को नया आकार देने के लिए तैयार हैं। भारत के लिए, यह बहुत मायने रखता है क्योंकि हमारी आर्थिक वृद्धि तेज हो रही है।

### वैदिक मंत्रोच्चार....

पूजन शुरू हुआ और उसके आधे घंटे बाद बद्रीनाथ के कपाट खोल दिए गए। श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है।

### पुष्कर सिंह धामी ....

लोगों और श्रद्धालुओं से बातचीत की। यहां भारतीय सेना की गढ़वाल राइफल्स के एक बैंड द्वारा भक्ति धुनें बजाई। इस अवसर पर श्री बद्रीनाथ मंदिर को 40 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया। 15 हजार से अधिक श्रद्धालु ने कपाट खुलने एवं अखंड ज्योति दर्शन के साक्षी रहे। वहीं पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी। साथ ही बताया कि अब तक 25 लाख श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है।

### पाक पर शिकंजा, चिनाब...

जाएंगी। इधर, भारत की तीनों सेनाओं के अलावा रेलवे भी अपनी तैयारी कर रहा है। रेलवे हर छह मिनट के अंतराल पर सैन्य साजो सामान से लदी ट्रेन चलाने में सक्षम है। आपात स्थिति में यात्री ट्रेनों की टाइमिंग को री-शेड्यूल या रद्द करने का ब्लू प्रिंट तैयार है। रेलवे के एक अफसर का कहना है कि पाकिस्तान की सीमा से लगे ज्यादातर रेलवे रूट पर परिचालन उत्तर रेलवे करता है। उत्तर रेलवे के तहत पड़ने वाली करीब 9 जगहों से सैन्य साजो सामान और युद्ध सामग्री को लोड-अनलोड कर सकते हैं। इधर, भारत की तीनों सेनाओं तैयारियों के बीच रविवार की सुबह एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्हे स्थितियों से अवगत कराया। पीएम आवास पर हुई इस मुलाकात को लेकर बताया जा रहा है कि भारत पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव पर चर्चा हुई और करीब 40 मिनट तक बैठक चली। उधर असम में पहलगाम हमले के बाद सोशल मीडिया पर पाकिस्तान का समर्थन करने वाले लोगों पर लगातार कार्रवाई हो रही है। असम पुलिस ने शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने एक्स पर पोस्ट कर बताया कि भारत की धरती पर पाकिस्तान का समर्थन करने वाले गद्दारों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। अब तक पाकिस्तान का समर्थन करने वाले 39 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

**पीएम मोदी मेरी खाला के बेटे नहीं हैं जो मान जाएंगे, मै तो इंग्लैड भाग जाऊंगाः पाक सांसद,** : भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तानी सांसद शेर अफजल खान मारवात का एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर काफी वायरल हो रहा है। उनसे एक पत्रकार ने पूछा कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ तो वह क्या करेंगे। इस पर उन्होंने कहा कि अगर युद्ध छिड़ा तो मैं इंग्लैंड भाग जाऊंगा। उनके बयान पर यूजर तंस कसते हुए कह रहे हैं कि जब सांसद ही भागने की सोच रहे हैं, तो सैनिकों का मनोबल कैसे ऊंचा होगा? वायरल वीडियो के एक दूसरे भाग में जब पत्रकार ने मारवात से पूछा कि भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कैसे संयम बरतना चाहिए। इस पर उन्होंने कहा कि मोदी मेरे खाला के बेटे हैं जो मेरे कहने से पीछे हट जाएंगे। मारवात कभी इमरान खान की पार्टी पीटीआई के महत्वपूर्ण सदस्य हुआ करते थे, लेकिन समय के साथ उन्होंने पार्टी की आलोचना शुरू कर दी। उनके इन बयानों के कारण इमरान खान ने उन्हें पार्टी के पदों से हटा दिया। यह घटनाक्रम इस बात की भी बानगी है कि पाकिस्तानी राजनीति में आंतरिक अस्थिरता और दिशाहीनता किस हद तक मौजूद है।

**हाल-ए-पाकिस्तानः** डर के कारण पाकिस्तान के कई बड़े नेता विदेश भागने की फिराक में

गोला-बारूद यूक्रेन को दे दिया, अब दूसरे देशों से मांग रहा खैरात

पाक के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने सोमवार को बुलाया संसद सत्र

कायरों की तरह एलओसी पर रोज कर रहा फायरिंग, मुंह की भी खा रहा

राशन को लेकर मारा-मारी, टूट रही भीड़, फैल रही अव्यवस्था

### 50 किमी की ऊंचाई से....

में काम करती है। यह तकनीक सैटेलाइट और ड्रोन दोनों के बीच की कड़ी के रूप में काम करती है। इसमें हाई-रेजोल्यूशन कैमरे, रडार, कम्यूनिकेशन ट्रांसमीटर्स और सिग्नल इंटेलिजेंस सिस्टम लगे होते हैं। जो ऊपर से निगरानी करते हैं।

### इमरान और बिलावल...

देखते हुए की गई है। इमरान अभी जेल में बंद हैं। इसके अलावा पाकिस्तान के फेमस सेलेब्रिटीज फवाद खान, आतिफ असलम, सनम तेरी कसम फेम मावरा होकेन और मशहूर सूफी गायिका आबिदा परवीन के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं। इससे पहले माहिरा खान, हानिया आमिर, सनम सईद, अली जफर सहित 13 फिल्मी हस्तियों के अकाउंट बंद किए गए थे।

### देश जैसा चाहता है...

देश के ऊपर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश के रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि हमारी सीमा की रक्षा हो। केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के लोग जो चाहते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुश्मन को उसी भाषा में जवाब देंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में जैसा आप चाहते हैं, वैसा होकर रहेगा. उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई ताकत भारत को मिटा नहीं सकती है, भारत अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि एक रक्षा मंत्री के रूप में मेरा दायित्व है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं। उन्होंने कहा कि भारत की शक्ति केवल उसकी सैन्य ताकत में नहीं, बल्कि उसकी संस्कृति और अध्यात्म में भी है। इतिहास साक्षी है कि भारत के संतों ने केवल आध्यात्मिक उपदेश ही नहीं दिए, बल्कि समाज सुधार, शिक्षा और राष्ट्रीय एकता के लिए भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

### सेना का वाहन 700....

पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया। दुर्घटना में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन सैनिक बलिदान हो गए। शहीद हुए सैनिकों का नाम अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर है। उनके शवों को खाई से बाहर निकाला जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि हादसा इतना दर्दनाक है कि वाहन दुर्घटना के बाद लोहे के ढेर में तब्दील हो गया। अधिकारियों ने बताया कि सेना का ट्रक राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था।

### बहुत दुर्भाग्यपूर्ण....

रहे हैं। जब हमने घटनास्थल का निरीक्षण किया, तो हमें वहां एक नटबोल्ट मिला, जो शायद स्टीयरिंग व्हील से आया होगा। इसलिए, मुझे लगता है कि चालक ने उस नटबोल्ट के कारण स्टीयरिंग व्हील पर नियंत्रण खो दिया। यह प्रथम दृष्टया दुर्घटना का कारण लगता है। हालांकि, जांच के बाद ही चीजें स्पष्ट होंगी।

### सुरक्षा के बीच...

लाखों की ठगी का प्लान बनाया था। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपियों की पहचान बलवान (27), मुकेश मीणा (40), और हरदास (38) के रूप में हुई है। इन्होंने एक नीट उम्मीदवार और उसके परिवार को झांसा दिया कि उनके पास नीट-यूजी परीक्षा का पेपर है। परिवार ने पेपर दिखाने को कहा, लेकिन जब इन्होंने मना कर दिया, तो परिवार ने एसओजी को सूचना दी। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

### बिहार जातीय सर्वेक्षण का फार्मूला...

ब्लॉकों को अपडेट करने और जनसंख्या वृद्धि को ट्रैक करने में मदद की। तेलंगाना सर्वे के परिणामों ने नीति निर्माण को प्रभावित किया। उक्त नेता ने बताया, सर्वे में पाया गया कि पिछड़ा वर्ग 46.25 फीसदी, अनुसूचित जाति 17.43 फीसदी, और अनुसूचित जनजाति 10.45 फीसदी हैं। इसके आधार पर, तेलंगाना सरकार ने स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी के लिए 42 फीसदी आरक्षण की घोषणा की। राहुल ने तेलंगाना मॉडल को इसलिए बेहतर माना क्योंकि यह न केवल जातियों की संख्या गिनता है, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति, संस्थानों में भागीदारी, और धन के वितरण को भी मापता है। राहुल ने तेलंगाना सर्वे को कांग्रेस की नीति और अपनी व्यक्तिगत दृष्टि का हिस्सा बताया। राहुल ने बिहार के सर्वे को भ्रामक और लोगों को बेवकूफ बनाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि बिहार सर्वे में विस्तार की कमी थी, और इसके आधार पर कोई ठोस नीतिगत कदम (जैसे आरक्षण में वृद्धि) लागू नहीं हुए। बिहार सर्वे में कई खामियां थीं, जैसे कई लोगों के नाम छूट जाना और डेटा में गलतियां, जिसे कांग्रेस के अन्य नेताओं ने बोगस करार दिया। बिहार में सर्वे के बाद 50 फीसदी से 65 फीसदी (कुल 75 फीसदी, ईडब्लूएस सहित) आरक्षण बढ़ाने का निर्णय लिया गया, लेकिन इसे पटना हाई कोर्ट ने जून 2024 में असंवैधानिक ठहरा दिया, क्योंकि यह नौवीं अनुसूची में शामिल नहीं था।

### आईएमएफ के कार्यकारी निदेशक...

पहले ही कार्यक्रम आयोजकों ने एक्स पर जानकारी साझा किया कि अब सुब्रमण्यन कार्यक्रम में शिरकत नहीं कर सकेंगे। आईएमएफ में भारत की तरफ से नये कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति किसकी होगी इस पर सभी की नजर है क्यों की आगामी 9 तारीख को आईएमएफ की एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक में पाकिस्तान को वित्तीय मदद दिये जाने पर फैसला किया जाना है। पहलगाम में आतंकी हत्याकांड के बाद भारत, पाकिस्तान को आईएमएफ से किसी भी तरह की वित्तीय मदद की मुखालफत करता रहा है। बदली परिस्थिति में माना जा रहा है विश्व बैंक में भारत के कार्यकारी निदेशक परमेश्वरन अय्यर ने 9 मई की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि सुब्रमण्यन की पुस्तक के प्रचार को लेकर "कथित अनुचित व्यवहार" की बात सामने आई है। यह पुस्तक 2047 तक भारत को 55 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दृष्टि प्रस्तुत करती है। पुस्तक के प्रचार और संबंधित गतिविधियों को आईएमएफ के आंतरिक नियमों के उल्लंघन या कार्यकारी निदेशक की निष्पक्षता के खिलाफ माना गया। इसे कथित रूप से अनुचित व्यवहार माना गया है। सुब्रमण्यन को हटाये जाने के पीछे उनके पुस्तक की वजह से उठा विवाद और आईएमएफ टॉप मैनजमेंट की नाराजी है। डॉ. कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन एक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। वे 2018 से 2021 तक भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार रहे और इस दौरान उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षणों के माध्यम से नैतिक धन सृजन पर जोर दिया। उन्होंने आईआईटी कानपुर, आईआईएम कोकाता और शिकागो बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस से शिक्षा प्राप्त की, जहां उन्होंने रघुराम राजन के मार्गदर्शन में वित्तीय अर्थशास्त्र में पीएचडी की। वे इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस और एमोरी यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर भी रहे। अगस्त 2022 में, उन्हें आईएमएफ में भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान का प्रतिनिधित्व करने वाला कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया। उनका कार्यकाल 1 नवंबर, 2022 से शुरू हुआ और नवंबर 2025 तक चलना था।

### खुफिया इनपुट का गलत...

ध्यान नहीं दिया गया। सूत्रों ने बताया कि आतंकियों ने हमले से एक सप्ताह पहले, 15 अप्रैल को, पहलगाम के तीन पर्यटक स्थलों—बेताब घाटी, आडू घाटी, और बैसरन घाटी—की रेकी की थी। सूत्रों ने बताया कि तहकीकात में पता चल रहा है कि शुरू में आतंकी बेताब घाटी को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे, लेकिन आखिरी समय में उन्होंने बैसरन घाटी को चुना, क्योंकि वहां से भागना आसान था और सुरक्षा कम थी। आतंकियों ने सिम-कार्ड रहित एन्क्रिप्टेड संचार प्रणाली और बॉडी कैमरों का उपयोग किया, जिससे उन्हें ट्रैक करना मुश्किल हो गया। हमले में पांच ओवर ग्राउंड वर्कर और दो स्थानीय आतंकियों का सहयोग था, जिसने उनकी योजना को और प्रभावी बनाया।

### यूपी में एक और हादसा

# पेड़ से भिड़ी कार 2 एयरफोर्स कर्मी समेत 4 की मौत



एजेंसी ▶▶ कौशाम्बी

जिले में शनिवार की देर रात भीषण हादसा हो गया। पिपरी के गुंगवा बाग के समीप बारातियों की कार पेड़ से भिड़ गई। हादसे में कार में सवार चार बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल भेजकर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। मृतकों में दो एयरफोर्स कर्मी भी शामिल थे।

प्रयागराज के पूरामुफ्ती के बुधराम सिंह पटेल की शनिवार को पिपरी के दरियापुर (पटेल नगर) बारात गई थी। रात करीब 12 बजे बारात में शामिल होने आए बुधराम सिंह के दोस्त व करीबी कार से वापस जा रहे थे। जैसे ही कार गुंगवा के बाग के समीप पहुंची। अनियंत्रित कार सड़क किनारे जामुन के पेड़ से टकरा गई। जोरदार टक्कर लगने से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। हादसे में प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मानिकपुर निवासी सुनील कुमार पटेल (35) पुत्र खालिक सिंह पटेल, रवि कुमार पटेल (38) पुत्र शंभू पटेल, पूरा पाजवा बाकराबाद, पूरामुफ्ती निवासी चंद्रबदन (35) पुत्र गुलाब सिंह पटेल, बलिया के बटैरिया, छपरा निवासी विकास कुमार (38) पुत्र दिनेश सिंह मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक अमित कुमार पुत्र स्व. भीम सिंह निवासी कोटवा, धूमनगंज, प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराकर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक चंद्रबदन और विकास कुमार एयरफोर्स कर्मचारी थे।

### पश्चिमी चंपारण में हैवानियत

# विवाहिता की हत्या कर 2 फीट जमीन में गाड़ दिया शव, पर्दाफाश



एजेंसी ▶▶ पश्चिमी चंपारण

पश्चिमी चंपारण के मझौलिया में चार दिन से गायब विवाहिता का शव पुलिस ने दो फीट जमीन खोदकर निकाला, महिला का शव बोरे में बंद था। मझरिया शेख गांव में ससुराल वालों पर हत्या का आरोप है। पुलिस ने महिला के ससुर को गिरफ्तार किया है। मृतका की पहचान मझरिया शेख वार्ड पांच निवासी सनोज पासवान की पत्नी प्रमिला देवी (26) के रूप में की गई है। जिसकी छह साल पहले सनोज पासवान से शादी हुई थी।

हालांकि अभी तक हत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका है। वहीं इस घटना के बाद से ससुराल वाले घर से फरार हैं। पुलिस मृतका के जेठ मनोज पासवान को हिरासत में लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि ससुराल वालों ने मृतका के मायके में फोन कर बताया कि उनकी पुत्री चार दिन से गायब है।

## चिंतन

# आतंकवाद के प्रायोजकों पर कड़ी कार्रवाई जरूरी

पहलगाम की आतंकी घटना के बाद से आतंकवाद के प्रायोजकों के खिलाफ भारत की ओर से कड़े एक्शन जारी हैं। इस कड़ी में सरकार ने बगलिहार बांध के जरिये चिनाब नदी का पानी रोक दिया है, इससे चिनाब में पाकिस्तान की ओर बहाव कम हो गया है। इससे पाकिस्तान में कृषि और पर्यावरण दोनों पर असर पड़ेगा। सरकार झेलम नदी पर बने किशनगंगा बांध को लेकर भी कड़ा कदम उठाने की योजना बना रही है। जम्मू के रामबन में बगलिहार जलविद्युत बांध और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा जलविद्युत बांध भारत को पानी छोड़ने के समय को विनियमित करने की क्षमता है। पाकिस्तान की जल-आधारित अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार सिंधु नदी सिस्टम है। इसकी मदद से पाकिस्तान 93 फीसदी पश्चिमी नदियों के पानी का इस्तेमाल करता है। 80 फीसदी कृषि भूमि इसी जल पर निर्भर है। लाखों लोगों की रोजी-रोटी, शहरों का जल आपूर्ति नेटवर्क और हाइड्रो पावर उत्पादन इसी प्रणाली पर टिका है। पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी टीआरएफ (द रेजिसटेंस फ्रंट) ने ली थी, टीआरएफ पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट लश्करे तैयबा का छद्म गुट है, जो जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशनल है। पहलगाम हमले में जिन आतंकियों के स्कैच जारी हुए, उनमें से दो पाकिस्तानी बताए गए। बेशक पाकिस्तान ने पहलगाम हमले में अपना हाथ नहीं होने की बात कही है, लेकिन हर सबूत पाकिस्तान की तरफ ही इशारा कर रहे हैं। पाक फौज व खुफिया एजेंसी आईएसआई की करतूतों के बारे में पाकिस्तान की सरकार को भी पता है। पाक एस्टाब्लिशमेंट पाकिस्तान की सरकार से जुदा 'सुपर सरकार' है। भारत आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ आतंक के साजिशकर्ताओं के खिलाफ भी एक्शन ले रहा है। अब तक सरकार ने सिंधु जल संधि को निलंबित किया है, अटारी व वाघा सीमा को बंद किया है, पाकिस्तानियों के वीजा को रद किया है, पाक उच्चायोग में कर्मियों की संख्या 30 तक सीमित की है, घाटी में आतंकवादियों के घर ध्वस्त किए गए हैं, सार्क वीजा सुविधा समाप्त कर पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने के लिए समय सीमा तय कर दी। पाक से आयात पर रोक लगा दी गई। 14 पाक यूट्यूब चैनल बंद कर डिजिटल स्ट्राइक कर दी गई, पाक पीएम, कई क्रिकेटर, सिनेमा कलाकारों के यूट्यूब चैनल व इंस्टा अकाउंट व एक्स हैंडल बंद कर दिए गए। भारत ने अपना बंदरगाह पाक जहाजों के लिए बंद कर दिया। हवाई क्षेत्र का प्रयोग बंद कर दिया गया। आईएमएफ से पाकिस्तान को कर्ज देने की समीक्षा करने के लिए कहा गया। पाकिस्तान को एफएटीएफ एक बार फिर ब्लैक सूची में डाल सकता है। ये सभी एक्शन छोटे जरूर लग रहे हैं, लेकिन इसकी मारक क्षमता काफी अधिक है। इससे खस्ताहाल पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंचेगी। यह पाकिस्तान सरकार को पता है। इसलिए भारत के अब तक एक्शन से बौखलाए पाकिस्तान ने बार बार परमाणु धमकी की चेतावनी दे रहा है, तो एलओसी पर लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। भारत लगातार करारा जवाब भी दे रहा है। विश्व जनमत आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षमंत्री राजनाथ सिंह ने बार बार देश को आश्वस्त किया है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों व साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा। विपक्ष सरकार के साथ है। सरकार आतंकवाद को खाद-पानी देने वालों पर वार दर वार कर रही है, लेकिन आतंकवाद के सफाए के लिए उसके स्पॉन्सरों (प्रायोजकों) पर वज्र प्रहार जरूरी है।

## दो टूक

एस.एन वर्मा



# भगदड़ से हो रही मौतों का सिलसिला तो रुके

पिछले कुछ वर्षों में देश-विदेशों में भगदड़ की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। भारत में भगदड़ की घटनाएं सबसे ज्यादा धार्मिक स्थलों पर हुई हैं। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों कथा वाचकों व राजनेताओं के भाषण के दौरान भी मची भगदड़ के कारण होने वाली मौतों की खबरें भी सामने आती रहती हैं, जिसका दृश्य हृदय विदारक तथा दिल को झकझोर देने वाला होता है। जबकि विदेशों में म्यूजिक कंसर्ट, स्टेडियम और नाइट क्लबों में भगदड़ की घटनाएं सुनने को मिलती हैं। पर्यटक स्थलों पर भीड़ और पर्यटकों के आगमन के प्रबंधन सहित पर्यटकों की सुरक्षा और हिफाजत मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है,वहीं निजी और धार्मिक कार्यक्रमों में भीड़ को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी आयोजकों और स्थानीय प्रशासन की होती है। लेकिन समुचित सुरक्षा व्यवस्था के न होने तथा भीड़ प्रबंधन तंत्र की नासमझी के कारण भगदड़ मचती रहती है। भारत में धार्मिक स्थलों पर भगदड़ किसी विशेष पूजा या उत्सव के दौरान मचती है जब भीड़ अनियंत्रित हो जाती है,श्रद्धालु सीढ़ियों पर या पूजा स्थलों पर गिर जाते हैं। पिछले वर्ष एक बाबा के प्रवचन के दौरान तो आशीर्वाद लेने की होड़ में भीड़ अनियंत्रित हो गयी और इससे मची भगदड़ में सौ से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो गयी थी। ताजा उदाहरण गोवा के शिरगांव में श्री लैराई जात्रा (यात्रा) के दौरान शुक्रवार रात मची भगदड़ है जिसमें करीब 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए। शुक्रवार शाम को बड़ी संख्या में श्रद्धालु जात्रा में शामिल होने मंदिर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक दुकान के सामने बिजली के तार से करंट लगने के बाद कुछ लोग गिर गए। तभी अफरा-तफरी हुई और भगदड़ मच गई। क्राउड मैनेजमेंट के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से हादसा हुआ। पिछले महीनों ही कुंभ मेला तथा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ भी इसके खासे उदाहरण हैं। भगदड़ के अनेक उदाहरण हैं, सबका वर्णन करना यहां संभव नहीं है। भगदड़ का तात्पर्य एक ऐसी स्थिति से है, जिसमें किसी अवसर पर मनुष्य अनियंत्रित तरीके से एक ही दिशा में किसी डर अथवा भय के कारण तेजी से भागते हैं। भागने वालों का लक्ष्य उस स्थान से दूर जाना होता है, रास्ते की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती है और न ही उन्हें इस बात का पता होता है कि उन्हें भागकर कहां तक पहुंचना है। इस अनियंत्रित भागदौड़ की स्थिति को ही भगदड़ कहा जाता है। किसी विशेष स्थान पर भीड़ क्षमता से ज्यादा बढ़ जाती है, तब ऐसी स्थिति पैदा होती हैं। भगदड़ के दौरान, भागते हुए लोग आपस में टकराते हैं और एक दूसरे के ऊपर गिर जाते हैं, जिसके कारण कई बार लोगों की दबने से मृत्यु तक हो जाती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक देश दुनिया में भगदड़ की जो भी बड़ी घटनाएं हुईं, उनमें करीब 79 फीसदी मामले धार्मिक आयोजन के दौरान हुए थे। ज्यादातर अफरा-तफरी अफवाहों की वजह से होती है। इसमें भीड़ जुटाने वाले लोगों को एहतियात बरतने की जरूरत होती है। भगदड़ में सबसे अधिक असुरक्षित महिलाएं, बच्चे और वृद्ध लोग होते हैं। भगदड़ को रोका जा सकता है। अगर क्राउड मैनेजमेंट को कंट्रोल कर लें, जिनके द्वारा आयोजन कराया जा रहा है उन्हें अगर भीड़ कितनी आएगी, स्थान विशेष पर कितना लोगों का दबाव होगा, इसकी सटीक जानकारी और बेहतर इंतजाम हों तो हादसे को कंट्रोल किया जा सकता है। कई तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भीड़ काबू में की जा सकती है। भीड़ के दबाव को लाइन में लगाकर कम किया जा सकता है। भगदड़ की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग का इंतजाम होना चाहिए और वीवीआईपी मेहमानों के लिए सही तरीके से आगमन के उपाए होने चाहिए। बैरिकेड लगाकर, स्नेक लाइन एप्रोच बनाकर भीड़ को काबू में किया जा सकता है। ये वो तरीके हैं जिन्हें अपनाकर भगदड़ के प्रभाव को न्यूट्रल किया जा सकता है। किसी प्रकार की अफवाह होने की दशा में तत्काल प्रभाव से सही जानकारी मुहैया कराया जाना चाहिए। राजनेताओं , कथा वाचकों तथा तथाकथित धर्म गुरुओं के बड़े कार्यक्रम बड़े मैदानों में किया जाए तो फिर भगदड़ की संभावना कम हो जाती है। भगदड़ की स्थिति से बचने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन 1.0 के अंतर्गत विषयगत सर्किटों की पहचान की गई है और परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। पर्यटन मंत्रालय के प्रयासों से, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, गोवा, कर्नाटक, केरल, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम और उत्तर प्रदेश की राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों ने किसी न किसी रूप में पर्यटक पुलिस की तैनाती की है।

*(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# स्मार्ट सिटी का सपना रह गया अधूरा



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल में साल 2015 में शहरों की शक्ल- सूरत और सीरत संवारने के लिए 'स्मार्ट सिटी मिशन' का आगाज किया था । इस योजना के तहत पांच चरणों के बाद चुने गए 100 शहरों के बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ इन शहरों में आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने का लक्ष्य रखा गया। इस मिशन के तहत शहरी जनजीवन के गुणवत्ता में सुधार, सुरक्षा और संचार प्रौद्योगिकी का विकास, गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य और पेयजल व्यवस्था की सुनिश्चितता और जनभागीदारी से सरकारी कामकाज में सुधार जैसे उद्देश्य भी निर्धारित किए गए थे। जानकारी के मुताबिक बीते 10 सालों में तीन बार डेडलाइन बढ़ाने के बाद महज 16 शहरों में ही इस योजना के प्रोजेक्ट शत-प्रतिशत पूरा हो पाए जबकि 84 शहरों में 14 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट अधूरे हैं। इस बीच केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि अब स्मार्ट सिटी मिशन को पूरा करने के लिए न तो समय सीमा बढ़ाई जाएगी और न ही दूसरे नाम या स्वरूप में यह योजना लाई जाएगी।

छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, नवा रायपुर ( अटल नगर) और बिलासपुर को स्मार्ट सिटी मिशन के लिए चुना गया था। राज्य के ये तीनों शहर आज भी स्मार्ट सिटी के लक्ष्य से कोसों दूर हैं बल्कि इन शहरों में अनेक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट अधूरे ही रह गए। आलम यह है कि इन शहरों की पहचान गड्ढे और धूल बन चुकी है जिसका खामियाजा शहरवासियों को चुकाना पड़ रहा है। बीते दिनों तेज आंधी के बाद इन शहरों के अधिकांश हिस्सों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई फलस्वरूप जल आपूर्ति भी प्रभावित हुई। आंधी के चलते बिजली तारों के टूटने की वजह से इन शहरों के अनेक रहवासी इलाके 24 घंटे से ज्यादा अंधेरे में डूबे रहे जबकि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत शहरों के विद्युत और संचार लाइनें अंडरग्राउंड करने की योजना थी। इन शहरों में चौक-चौराहों पर अवारा मवेशियों का जमावड़ा, बरसात में जलभराव, अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या आम हो चुकी है। शहरों को स्मार्ट बनाने के लिए लागू की गई इस योजना में भ्रष्टाचार, फिजूलखर्ची और गुणवत्ताहीन निर्माण कार्यों ने मोदी के सपनों को पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ा। मिशन में शामिल शहरों में विभिन्न प्रोजेक्टस के लिए जिस तरह बार-बार सड़कों की खुदाई की गई उसके चलते शहरवासी यही उलाहना देते रहे कि गोया स्मार्ट सिटी की बात छोड़िए इन्हें रहने लायक ही बना दीजिए।

बहरहाल स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत प्रोजेक्ट अधूरे रहने के कारणों पर गौर करें तो प्रमुख रूप से भूमि अधिग्रहण में अड़ंगा, निर्माण एजेंसियों की अनुपलब्धता, अधिकारियों के तबादले और उदासीनता जैसे कारण जवाबदेह रहे। इसके अलावा कई शहरों में विभिन्न योजनाओं में अधिकारियों की दूरदर्शिता में कमी के चलते जन-विरोध भी सामने आया। अनेक शहरों में जिम्मेदारों ने शहर को स्मार्ट बनाने के लिए नदियों और तालाबों में स्पोर्ट्स और व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ाने जैसी अव्यवहारिक योजनाओं को लागू किया जो पर्यावरण और ईकोसिस्टम के लिहाज से अदूरदर्शिता पूर्ण फैसला था। सौंदर्यीकरण के नाम पर जलस्रोतों के वाटर बॉडी को पाटकर कांक्रीटीकरण किया गया फलस्वरूप इनकी रिचार्ज क्षमता घट रही है वहीं बरसात में जलभराव भी हो रहा है। चौपाटियों में लगने वाले ठेलों और खोमचों के कचरा, अपशिष्ट और खाद्य पदार्थ नदियों और तालाबों में डाले जा रहे हैं जिससे इनका ईकोसिस्टम प्रभावित हो रहा है। शैक्षणिक संस्थानों के खेलकूद के मैदान व्यवसायीकरण के भेंट चढ़ चुके हैं



वहीं इनके सरहदी दीवारों पर कमर्शियल कॉम्पलेक्स तन चुके फलस्वरूप संस्थानों के शैक्षणिक वातावरण पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। शहरों की पहचान उसकी रचनाधर्मिता होती है लेकिन अधिकांश शहरों में रंगकर्मियों, कलाप्रेमियों, साहित्यकारों को अपने प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए प्रेक्षागृह या थियेटर का सर्वथा अभाव है। शहरों के लचर पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम के चलते आम नागरिक स्वयं के दोपहिया या चार पहिया पर निर्भर है फलस्वरूप सड़कों पर अनावश्यक रूप से वाहनों की भीड़ तथा प्रदूषण बढ़ रहा है। तालाब भूमिगत जलस्त्रोत के रिचार्ज के सबसे बड़े संसाधन हैं लेकिन अतिक्रमण और व्यवसायीकरण के चलते सभी प्रमुख शहरों में तालाब बड़ी तेजी से खत्म हुए हैं फलस्वरूप महानगरों और शहरों में पेयजल की भीषण समस्या है जो भविष्य में और भी भयावह होगी।

गौरतलब है कि किसी भी देश के मजबूत अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब उसका चमचमाता शहर ही होता है, शहर जहां विकास, रचनात्मकता और नवीनता का केंद्र होता है वहीं यह नवाचार, समृद्धि और रोजगार का जनक भी होता है। भारत के कुल जीडीपी में शहरों का योगदान 63 फीसदी है। इतिहास गवाह है कि शहर और वहां की जीवनशैली लोगों के लिए हमेशा आकर्षण का केंद्र रहा है। शहरों की इन तमाम खूबियों के बावजूद भारतीय शहर कुछ अलग ही तस्वीर बयां कर रहे हैं। महानगरों और बड़े शहरों पर गौर करें तो हमारे अधिकतर शहर अनियोजित विकास और जनसंख्या के बढ़ते दबाव के चलते हांफने लगे हैं। शहरों के वाशिंदे पेयजल, आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। गौरतलब है कि आर्थिक उदारीकरण और ग्रामीण विकास की अनदेखी के कारण देश में शहरीकरण और औद्योगिकीकरण की रफ्तार काफी तेज हुई है। भारत शहरीकरण के मामले में विश्व का दूसरा बड़ा देश है जहां 7933 बड़े और छोटे शहर हैं जिसमें 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले 53 शहर हैं जो 2030 तक 70 तक पहुंच सकती है। दरअसल शहरों के ज़द में आने वाले गांव भी शहरों का हिस्सा बन रहे हैं लेकिन इस अनुपात में सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध नहीं है। गांवों में रोजगार के सीमित अवसर होने के कारण हर साल लाखों लोग नौकरी की तलाश में शहरों का रुख कर रहे हैं। साल 2011 के जनगणना के मुताबिक देश के कुल आबादी में से 31.16 फीसदी लोग शहरों में निवास करते हैं जिसकी 2031 तक 40 फीसदी होने की संभावना है। संयुक्त राष्ट्र संघ के एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2031 तक भारतीय शहरों की जनसंख्या 60 करोड़ होने का अनुमान है यानि लगभग आधी आबादी महानगरों, शहरों और कस्बों के बाशिंदे होंगे। इन परिस्थितियों में अहम सवाल यह कि क्या जनसंख्या के इस बोझ को उठाने के लिए क्या हमारे शहर सक्षम होंगे?

गौरतलब है कि भारतीय शहरों की प्रमुख समस्या यातायात और पार्किंग, नाकाम पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम, वाहनों की बढ़ती संख्या, झुग्गी और मलिन बस्तियां, बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण, अतिक्रमण, बिजली आपूर्ति, आवारा मवेशियों का जमावड़ा, लचर सीवरेज सिस्टम और वेस्ट मैनेजमेंट, बढ़ती आर्थिक असमानता और अपराध है। शहरों में बारिश के दौरान ट्रैफिक जाम, जलभराव, जमीन धसकने और बिजली करंट फैलने जैसी घटनाएं अब आम हो चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के 14 शहर शामिल हैं। स्विस कंपनी आईक्यू एयर के शोध के मुताबिक विश्व के टॉप 100 प्रदूषित शहरों में से 65 भारतीय शहर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन 'डब्ल्यूएचओ' ने दुनिया के 1650 शहरों के वायु प्रदूषण पर एक सर्वेक्षण किया था जिसके मुताबिक भारत की राजधानी दिल्ली में हवा की गुणवत्ता अन्य शहरों की तुलना में बहुत खराब है। एक अन्य सर्वे के अनुसार दिल्ली दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित दूसरी राजधानी है जहां वायु प्रदूषण के चलते हर साल अक्टूबर से लेकर पूरे सर्दियों के मौसम में 'हेल्थ इमरजेंसी' लगानी पड़ती है।

दरअसल शहरों में बढ़ते प्रदूषण के लिए प्रशासन और नागरिक दोनों जवाबदेह हैं। घरेलू कोयला की सिगड़ी और चूल्हा, वाहनों व उद्योगों से निकलने वाले धुंआ और अधोभूत संरचना विकास तथा निर्माण कार्यों के कारण उड़ने वाले धूल वायु प्रदूषण में इजाफा कर रहे हैं जनस्वास्थ्य और ग्लोबल वार्मिंग के लिए खतरा है।नुकसानदायक धुंआ और धूल के कारण शहरी आबादी श्वसन तंत्र से लेकर एलर्जी, चर्मरोग और कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों का सामना कर रही है। औद्योगिक अपशिष्ट और नालियों का पानी प्राकृतिक जल स्त्रोतों में मिल रहे है फलस्वरूप पेयजल प्रदूषित हो रहे हैं फलस्वरूप शहरों में पीलिया, आंत्रशोथ, टायफाइड सहित अनेक रोगों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। शहरों के ड्रेनेज सिस्टम की नाकामी और समुचित सफाई व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल शहरवासी डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे मच्छर जनित रोगों का शिकार हो रहे हैं। शहरों में बढ़ते कल-कारखानों और वाहनों के कारण ध्वनि प्रदूषण जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बन रही है। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, दफ्तरों और घरों में एयरकंडीशनर के बढ़ते उपयोग तथा पेड़ों के अंधाधुंध कटाई के कारण शहरों के तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बहरहाल इन समस्याओं के लिए जितना जवाबदेह शासन और प्रशासन है उतनी ही जिम्मेदार आम नागरिक भी हैं। बात नागरिक कर्तव्य की करें तो इस दिशा में आम नागरिक बेहद उदासीन और लापरवाह हैं फलस्वरूप शहरों में गंदगी और प्रदूषण लगातार बढ़ रहे हैं।अलबत्ता शहरों की दुश्वारियों को दूर करने के लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन को दृढ़ इच्छाशक्ति प्रदर्शित करनी होगी वहीं नागरिकों को भी अपने आचरण में स्वअनुशासन लाना होगा तभी हमारे शहर सांस्कृतिक और आर्थिक विकास तथा नवाचार के केंद्र बनेंगे।

*(ये लेखक के अपने विचार हैं।)*


## योगः कर्मसु कौशलम



संकलित
**दर्शन**

चित्तवृत्ति का भगवान में विलीन हो जाना योग है। यह महायोग बनता है भगवान की अहैतुकी कृपा से! श्रीरामचरितमानस में जहां भी योग है, वह केवल ईश्वर विषयक ही है। उसका सात्विक प्रयोजन और कोई नहीं है। श्री भरत चित्रकूट में भगवान के हृदय से मिलकर शून्य स्थिति को प्राप्त हो गए। न बुद्धि की सत्ता रही, न मन की चंचलता। चित्त में कोई संस्कार शेष न रहा। यही स्थिति योगी की होती है। वह योग करते-करते ईश्वर से एकाकार होकर प्रेम रस से भर जाता है। उसकी वाणी अवरुद्ध हो जाती है और मन रिक्त हो जाता है। भक्त का योग जब भगवान से होता है, मन, बुद्धि और चित्त के साथ साधन अहं शून्य हो जाता है। मन, बुद्धि, चित्त और अहं की स्वीकृति केवल साधन काल में ही होती है, पर साध्य की परम प्राप्ति में इनकी विस्मृति ही योग है। श्रीमद्भगवद्गीता के सभी 18 अध्याय योग हैं। अर्जुन विषाद योग से प्रारंभ होकर गीता की 18 योगों की नदियां मोक्ष संन्यास योग बनकर श्रीकृष्ण समुद्र में जाकर पूर्णता को प्राप्त हो जाती हैं। द्वापर में जितना भार श्रीकृष्ण ने उठाया, उतना त्रेता में श्रीराम को नहीं उठाना पढ़ा, क्योंकि श्रीराम के साथ के लोग अनुकूल थे। उनका काल उनके अनुकूल था, जबकि भगवान कृष्ण को तो सारी गीता सुना-समझाकर, अपनी योगस्थिति को बाजी पर लगाकर अर्जुन से कहना पड़ा कि जितने धर्म मैंने तुझे बताए हैं, तू उन सबको छोड़कर मेरी शरण में आ जा, मैं तुझे सारे पापों से मुक्त कर तुझे भी मुक्त कर दूंगा।

## तुलसीदास जी ने स्त्री को पुरुष में बदला



संकलित
**प्रेरणा**

चरवारी के ठाकुर की लड़की जो कि बहुत ही सुन्दरी थी। इसके माता पिता को बहुत प्रयास करने पर पुत्र प्राप्त नहीं हुआ, पुत्री हो गयी। उन्होंने सबसे यह बात छुपाकर रखी कि हमें पुत्री हुई है। उन्होंने बचपन से ही उस पुत्री को पुरुष जैसे कपड़े पहनाएं, बोलचाल भी लड़के जैसे सीखा रखी थी। जब विवाह का समय आया तो माँ बाप ने सत्य बात किसी से कही नहीं, क्योंकि उनकी इज्जत पानी में मिल जाती। अब उनकी पुत्री जीसे उन्होंने पुरुष की तरह बनवा रखा था, उसका विवाह एक स्त्री के साथ हो गया। विवाह के बाद सच सामने आ गया कि यह तो स्त्री है, ना कि कोई पुरुष। परंतु विवाह हो चुका था, लोग करते भी क्या? स्त्री का विवाह स्त्री से हो गया। एक दिन जब गोस्वामी जी उधर से निकले, तब लोगों ने उन्हें घेर लिया और प्रार्थना की कि इस कन्या की रक्षा कीजिये। गोस्वामी जी ने श्री रामचरितमानस का नवाह पाठ किया और वह स्त्री सें पुरुष बन गयी। यह देखकर गोस्वामी जी का शरीर पुलकित हो गया और उनके मुंह से अतर्कित ही जय जय सीताराम निकल गया । परिवार को साथ लोग भी खुश हो गए। परिवार ने गोस्वामी जी का बहुत उपकार माना, जिन्होंने उनकी पुत्री को लड़का बना दिया । परिवार की भी बात रह गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रेस का महत्त्व समझें

संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1993 में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष 3 मई को मनाए जाने की घोषणा की थी। हमारे देश के सबसे पहले समाचारपत्र का प्रकाशन 30 मई 1826 को हुआ था। यह पहला हिंदी समाचार पत्र था। इसका नाम है उदंत मार्तण्ड। और अब हमारे देश में विभिन्न भाषाओं के बहुत से समाचारपत्र प्रकाशित होते हैं। जितनी आजादी से हमारे देश में मीडिया अपना काम करता है, उतना शायद अन्य किसी देश में नहीं होता। लड़ाई हो तो पत्रकारों को बुलाओ, सड़क नहीं बनी तो पत्रकारों को बुलाओ, पानी नहीं आ रहा तो पत्रकारों को बुलाओ, नेतागिरी में हाईलाइट होना है तो पत्रकारों को बुलाओ, पुलिस नहीं सुन रही तो पत्रकारों को बुलाओ, प्रशासन के अधिकारी नहीं सुन रहे तो पत्रकारों को बुलाओ। कई समस्याओं के समाधान में मीडिया महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। *– पुलकित वर्मा, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### चीन, जापान पर हवाई क्षेत्र के उल्लंघन का आरोप



जापान और चीन ने पूर्वी चीन सागर में जापानी नियंत्रण वाले उन द्वीपों के आसपास के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने का एक–दूसरे पर आरोप लगाया है, जिन पर बीजिंग भी अपना दावा करता है। जापान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि शनिवार को चीन की चार तटरक्षक नौकाओं में से एक से उड़ान भरने वाले एक चीनी हेलीकॉप्टर ने सेनकाकू द्वीप के आसपास जापानी हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया था, तथा लगभग 15 मिनट तक क्षेत्र का उल्लंघन किया था, जिसे लेकर उसने बीजिंग के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई क्षेत्र में घुसपैठ के जवाब में उसने भी लड़ाकू विमान भेजे। चीन नियमित रूप से द्वीपों के आसपास के जलक्षेत्र और वायुक्षेत्र में क्रमशः तटरक्षक जहाजों और विमानों को भेजता है, ताकि क्षेत्र में जापानी जहाजों को परेशान किया जा सके। चीन इन द्वीपों को दियाओयू कहता है। जापानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसनेजापान में चीनी दूतावास के समक्ष 'बहुत गंभीर विरोध' दर्ज कराया है। विरोध में कहा गया है कि चीन के तटरक्षक बल की कार्रवाई जापान की संप्रभुता का उल्लंघन करती है और चीनी सरकार से निवारक उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

## ऑफ बीट

### मसूड़ों के नीचे खिसकना आम चिंताओं में से एक



मसूड़ों की बीमारी – जिसे पीरियोडोंटाइटिस के रूप में भी जाना जाता है – एक गंभीर स्थिति है। ब्रश करते समय खून बहना, दांतों का हिलना, लगातार बदबूदार सांस आना या दांतों का हिलना जैसे लक्षणों की हमेशा जांच की जानी चाहिए। हालांकि, मसूड़ों के नीचे की ओर जाने के अन्य कारण भी हो सकते हैं। शायद चौंकाने वाली बात यह है कि मसूड़ों के नीचे खिसकने का सबसे बड़ा कारण वास्तव में जरूरत से ज्यादा ब्रश करना है। बहुत ज्यादा बल का उपयोग करना या गलत उपकरणों से ब्रश करना (जैसे कि कठोर ब्रिसल वाला ब्रश) धीरे–धीरे मसूड़ों के ऊतकों को खराब कर सकता है। इलेक्ट्रिक दंतब्रश दबाव को कम करके मदद कर सकते हैं, खासकर नए मॉडल जो बहुत जोर से ब्रश करने पर रोशनी करते हैं। लेकिन वास्तव में बहुत से लोग इस बात पर ज्यादा ध्यान देते हैं कि वे कितनी देर तक ब्रश करते हैं, न कि कैसे ब्रश करते हैं। यहां तक कि दंत साफ करने वाले इन ब्रश के साथ जोड़े जाने वाले स्मार्ट ऐप भी आमतौर पर प्रत्येक क्षेत्र में ब्रश करने के समय को उजागर करते हैं, न कि लगाए गए दबाव को। इसीलिए ब्रश करने की सही तकनीक सिखाना बहुत जरूरी है।

## ट्रेंड

### स्वामी शिवानंद को श्रद्धांजलि



योग के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान देने वाले काशी के प्रख्यात योग गुरु 'पद्म श्री' स्वामी शिवानंद का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! आपकी साधना एवं योगमय जीवन संपूर्ण समाज के लिए महान प्रेरणा है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### राजनीति का विषय नहीं



पानी से संबंधित एक-एक आंकड़ा और एक-एक प्वाइंट हमारे पास है। हमें उतना ही पानी चाहिए, जितना पहले हमें दिया गया है। पंजाब के परिवारजन भी इस बात को समझते हैं, यह राजनीति का विषय नहीं है, बल्कि लोगों को पानी देने का विषय है।

**-नायब सैनी, सीएम, हरियाणा**

### हार्दिक शुभकामनाएं



दिल्ली भाजपा परिवार के सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों और प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। आपकी नियुक्ति संगठन की कार्यक्षमता को और सशक्त करेंगी तथा पार्टी के विचारों, मूल्यों और सेवा भाव को मजबूती से स्थापित करेंगी।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### बड़ी उपलब्धि का मोल



सपा के समय लखनऊ में बने वर्ल्ड क्लास पुलिस मुख्यालय की महान क्रिकेटर कपिल देव जैसे श्रेष्ठ लोगों से मिली सराहना हमारा उत्साह बढ़ाती है। बड़ी उपलब्धि का मोल और मान वही समझ सकता है, जिसने स्वयं बड़ी उपलब्धि पाई हो।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

चुनाव आयोग ने उठाया बड़ा कदम

# अब ईसीआई एप पर होंगी चुनाव से जुड़ी सभी सुविधाएं

## मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए किया अहम बदलाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ऑफ इंडिया अब देशभर के करोड़ों मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा डिजिटल बदलाव कर रहा है। आयोग जल्द ही ईसीआईनेट नाम से एक सिंगल-प्लेटफॉर्म एप लॉन्च करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह एप चुनाव आयोग की 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एकीकृत कर देगा। एप को खासतौर पर बेहतर यूज़र इंटरफेस और सरल यूजर एक्सपीरियंस (के साथ तैयार किया जा रहा है, जिससे मतदाता और अधिकारी बिना किसी झंझट के चुनाव से जुड़ी हर जानकारी तक पहुंच सकें। अब अलग-अलग एप्स डाउनलोड करने और पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं होगी।



**40 से ज्यादा मौजूदा एप्स को खत्म**



» इसकी कल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने थी

» यह भी स्पष्ट किया स्टैच्युटरी फॉर्म्स में भरी गई जानकारी ही अंतिम मानी जाएगी

### मोबाइल या डेस्कटॉप पर मिलेगी पूरी जानकारी

इस आधुनिक प्लेटफॉर्म की कल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मार्च में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में की थी, जिसमें चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद थे। नेट के जरिए उपयोगकर्ता अब अपने मोबाइल या डेस्कटॉप से ही जरूरी चुनावी जानकारी तक पहुंच पाएंगे। खास बात यह है कि इस एप पर अपलोड की जाने वाली सभी जानकारियां केवल अधिकृत चुनाव अधिकारी ही दर्ज करेंगे, जिससे डेटा की सटीकता बनी रहेगी। हालांकि,विवाद की स्थिति में स्टैच्युटरी फॉर्म्स में भरी गई जानकारी ही अंतिम मानी जाएगी।

**ये एप्स होंगे शामिल**

इस नई पहल के तहत चुनाव आयोग वोटर हेल्पलाइन एप ,वोटरटर्नआउट एप, सी विजिल, सुविधा 2.0,ईएसएमएस, सैकशाम और केवाईसी एप जैसे पॉपुलर एप्स को भी ईसीआई नेट में मर्ज कर देगा। इन एप्स को अब तक 5.5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है।

### 100 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं को होगा इससे फायदा

इस नेट से न केवल 100 करोड़ से अधिक मतदाताओं को सुविधा होगी, बल्कि देशभर के 10.5 लाख बूथ लेवल अफसर, 15 लाख राजनीतिक एजेंट्स, 45 लाख से ज्यादा पोलिंग अधिकारी, 15,597 असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, 4,123 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अफसर और 767 जिला चुनाव अधिकारी भी इससे जुड़ेंगे। इसका डेवलपमेंट अब एडवांस स्टेज में पहुंच चुका है और इसकी कार्यक्षमता, उपयोग में सरलता और साइबर सुरक्षा को लेकर कड़े ट्रायल्स किए जा रहे हैं। इसे 36 राज्यों के सीईओ, 767 डीईओ और 4,123 ईआरओ की सलाह-मशविरे के बाद विकसित किया जा रहा है। आयोग ने इसके लिए 9,000 पेजों वाले 76 से ज्यादा दस्तावेजों, नियमों और गाइडलाइंस की समीक्षा की है।

### यह पूरी तरह से कानूनी दायरे में होगा

ईसीआई नेट एप के जरिए दी जाने वाली सभी सेवाएं और डेटा चुनाव आयोग द्वारा तय जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951, निर्वाचन नियम 1960, और चुनाव प्रक्रिया नियम 1961 के अंतर्गत ही संचालित होंगे।

## खबर संक्षेप

### विधायक पटेल 40 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**बांसवाड़ा।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है। बांसवाड़ा के



बागीदौरा से भारतीय आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल को एसीबी ने रिश्वत मामले में ट्रैप किया है। यह कार्रवाई 1ब विधायक के गनमैन के जरिए 20 लाख की पहली किस्त के रूप में कथित रिश्वत ली जा रही थी।

### कार पेड़ से टकराई 4 की असमय मौत

**प्रयागराज।** यहां के पिपरी कोतवाली के कस्बा चायल के आगे शनिवार रात करीब 12 बजे



लौट रहे बरातियों की कार गुंगवा की बाग स्थित शिवरानी गेस्ट हॉउस के समीप जामुन के पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार 4लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप घायल हो गया है। डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

### हिमाचल में टैक्सी में रखना होगा कूड़ादान

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया



है। राज्य में सभी व्यावसायिक वाहनों में कूड़ादान रखना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर 10,000 रतक का जुर्माना लगाया जाएगा। नियम के सख्ती से पालन करने को कहा है।

### दुर्घटना में दो छात्राओं सहित तीन की मौत

**जयपुर।** जयपुर के बस्सी इलाके में रविवार सुबह एक सड़क हादसे में 2 छात्राओं सहित 3 लोगों की मौत



हो गई। युवतियां कोचिंग के लिए जा रही थीं और उन्होंने बाइक वाले से 'लिफ्ट' ली थी। तभी तिराहा पुलिया के पास एक डंपर ने वाहन को टक्कर मार दी। मृतकों में प्रिया और खुशी व खुशीराम के रूप में हुई है।

ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में बोले राहुल

# कांग्रेस की सारी गलतियों की जिम्मेदारी स्वीकार की, सिख दंगों को भी बताया गलत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में नेता विपक्ष और रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान अपनी पार्टी द्वारा की गई ऐतिहासिक गलतियों को स्वीकार लिया है। उन्होंने उस भीषण दंगे को लेकर यह तक कहा कि वो अपनी पार्टी की हर एक जिम्मेदारी लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। कांग्रेस नेता राहुल ने ब्राउन यूनिवर्सिटी के वॉटसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान लोगों के सवाल के जवाब दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने सिख दंगों को लेकर कहा कि वे उन घटनाओं के दौरान मौजूद नहीं थे, लेकिन वे कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में की गई हर गलती की जिम्मेदारी लेने को तैयार हैं। छात्र ने आनंदपुर साहिब प्रस्ताव पर दावा किया कि कांग्रेस ने इसे अलगाववादी घोषणापत्र के रूप में गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने सिख समुदाय के साथ सामंजस्य स्थापित करने में पार्टी की विफलता की आलोचना की और सजा पाए पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दंड से मुक्ति का सबूत बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी में कई और सज्जन कुमार बैठे हैं।

## कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में कई गलतियां की गईं



प्रश्नोत्तर सत्र में सवालों के जवाब दिए

### हम कांग्रेस की हर जिम्मेदारी लेने को तैयार

छात्र के सवाल का जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि मैंने सार्वजनिक रूप से कहा है कि 80 के दशक में जो हुआ वह गलत था। मैं कई बार स्वर्ण मंदिर गया हूं। भारत में सिख समुदाय के साथ मेरे बहुत अच्छे संबंध हैं। उन्होंने आगे कहा कि जहां तक कांग्रेस पार्टी की गलतियों का सवाल है, उनमें से बहुत सी गलतियां तब हुईं जब मैं वहां नहीं था, लेकिन मैं कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने इतिहास में की गई हर गलत चीज की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार हूं।

### दंगों में 3,000 सिखों की हत्या की गई थी

इंस्टीट्यूट में एक कार्यक्रम के दौरान एक सिख छात्र ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़की हिंसा में कांग्रेस की भूमिका को लेकर गांधी से सवाल किया था, जिसके कारण 3,000 से अधिक सिखों की हत्या कर दी गई थी। इनमें से अधिकतर की हत्या दिल्ली में हुई थी, तथा कई कांग्रेस नेताओं पर इसमें मिलीभगत के आरोप भी लगे थे। छात्र ने भाजपा सरकार में धार्मिक स्वतंत्रता पर गांधी की पिछली टिप्पणी पर सवाल उठाते हुए कहा कि आप सिखों के बीच यह डर पैदा कर रहे हैं कि भाजपा कैसी दिखेगी? हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहते हैं, जिसकी कांग्रेस पार्टी के शासन में अतीत में अनुमति नहीं दी गई।

### राहुल पर भड़के शंकराचार्य

#### कांग्रेस नेता को हिंदू धर्म से बहिष्कृत करेंगे

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने राहुल गांधी को लेकर कहा है कि राहुल अब हिंदू धर्म का



हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने उन्हें हिंदू धर्म से सार्वजनिक रूप से बहिष्कृत करने की घोषणा की है। बद्रीनाथ स्थित शंकराचार्य आश्रम में स्वामी ने कहा कि राहुल ने संसद में मनुस्मृति के संदर्भ में जो बयान दिया, उससे संपूर्ण सनातन धर्मावलंबी आहत हैं। शंकराचार्य ने कहा कि राहुल संसद में कहते हैं बलात्कारी को बचाने का फॉर्मूला संविधान में नहीं आपकी किताब यानी कि मनुस्मृति में लिखा है।

**जाति गणना पर बोले तिवारी**

### राहुल गांधी को अपनी जाति बतानी पड़ेगी

जाति गणना को लेकर देश में चारों तरफ हो रहे शोर के बीच भाजपा के सांसद मनोज तिवारी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता



राहुल गांधी पर जोरदार हमला बोला है। तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी सनातन धर्म से, हिंदू धर्म से बहुत जलन है। जाति गणना अभी शुरू होगी तो राहुल को बताना पड़ेगा कि वे किस जाति से हैं? तब यह सारा मामला खुल जाएगा। मोदी सरकार ने जाति गणना कराने का ऐलान किया था। कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल लगातार जाति गणना कराए जाने की मांग को उठाते रहे हैं।

### कांग्रेस राष्ट्र द्रोही और रामद्रोही पार्टीः पूनावाला

राहुल गांधी के एक वीडियो को लेकर भाजपा का कहना है कि राहुल ने भगवान राम को पौराणिक बताया। उनके एक वीडियो को ट्वीट कर भाजपा के प्रवक्ता



शहजाद पूनावाला ने कहा है कि कांग्रेस राष्ट्र द्रोही है और अब रामद्रोही भी हो चुकी है। पूनावाला ने कहा है कि राहुल ऐसा मानते हैं कि भगवान राम काल्पनिक थे। पूनावाला ने कहा कि यह उसी एफिडेविट की भाषा है जो सोनिया गांधी ने यूपीए सरकार के वक्त रामसेतु को तोड़ने के लिए दर्ज करवाई थी। पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने भगवा आतंक की परिभाषा गढ़ी थी। पूनावाला ने कहा कि राहुल और सोनिया राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर नहीं गए। कांग्रेस राम विरोधी और हिंदू विरोधी है।

हिमाचल के चंबा में बादल फटने से तबाही

# कई घरों में घुसा बारिश का पानी, एक की मौत



## शिमला में सबसे ज्यादा नुकसान होने की खबर

**शिमला।** प्रदेश के जिला चंबा के भटियात में बादल फटने से एक व्यक्ति की मौत हुई है। इसके कारण भूस्खलन हुआ है। जबकि शिमला और ऊपरी शिमला में भारी ओलावृष्टि के कारण बहुत अधिक नुकसान हुआ है। शिमला में दोपहर बाद पौने घंटे तक बहुत भारी वर्षा हुई और लगा कि बादल फट गया।

इसके कारण राजधानी के साथ सटे भराड़ी के साथ भौंट सड़क में खड़ की तरह पानी आया गया। नाले उफान पर आ गए और कई घरों में पानी के घुसने की सूचना है। शिमला जिला के कुमारसैन, कोटगढ और अन्य क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि के कारण सेब और सब्जियों के बहुत अधिक नुकसान हुआ है।

### आंधी और बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

मौसम विभाग द्वारा जारी किए गए ताजा पूर्वानुमान के अनुसार सोमवार 5 मई को प्रदेश में कुछ एक स्थानों पर आंधी के चलने और एक दो स्थानों पर वर्षा का अनुमान है। जबकि 6 व 7 मई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी व शिमला में 50 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चलने और वर्षा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### बीते 24 घंटे में इतनी हुई बारिश

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के दौरान नेरी में 44.5, जोत में 37, नगरोटा सूरयां में 36 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। वर्षा व ओलावृष्टि के कारण प्रदेश में दो से आठ डिग्री तक तापमान में अंतर आया है। अधिकतम तापमान में सबसे अधिक गिरावट सोलन में 8.5 डिग्री की गिरावट आई है। बाकी स्थनां पर एक से दो डिग्री की गिरावट। जबकि डलहौजी में 7.5, मनाली में 6.2 डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है।

1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में बोले गृहमंत्री शाह

# देश में किसी भाषा का विरोध नहीं पर संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी सबल होंगी

## संस्कृत भारती ने किया था कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि संस्कृत भाषा और भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान के लिए संघ और संस्कृत भारती ने एक मजबूत अभियान शुरू किया है।सरकार किसी भी भाषा का विरोध नहीं करती, बल्कि सभी भाषाओं को सशक्त बनाना चाहती है। ये बातें शाह ने संस्कृत भारती द्वारा आयोजित 1008 संभाषण शिविरों के समापन समारोह में कही।शाह ने



कहा कि संस्कृत अधिकांश भारतीय भाषाओं की जननी है। यदि संस्कृत मजबूत होगी तो बाकी भाषाएं भी मजबूत होंगी। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं।

### संस्कृत के अमृत ज्ञान को दुनिया में पहुंचाएं

शाह ने कहा कि संस्कृत के अमृत ज्ञान को सरल भाषा में दुनिया तक पहुंचाना जरूरी है। उन्होंने सभी से अपील की कि संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि सरकार ने पांडुलिपियों के संरक्षण और डिजिटाइजेशन के लिए 500 करोड़ का बजट तय किया गया है। इस मौके पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने भी विचार रखे। उन्होंने कहा कि इन शिविरों में हजारों लोगों ने भाग लिया, जो मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

### शिवानंद बाबा नहीं रहे, पीएम दुखी

**नई दिल्ली।** योग साधक और काशी निवासी शिवानंद बाबा का शनिवार रात निधन हो गया। 129 वर्ष के योग गुरु पद्मश्री शिवानंद ने बीएचयू में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर पीएम नरेंद्र मोदी ने दुख जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, योग और साधना को समर्पित उनका जीवन देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। समाज सेवा के लिए उन्हें पद्मश्री दिया गया था।



■ योग से समाज की सेवा की

## विहिप की धर्म संसद में 7 प्रस्ताव पास



**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रविवार को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में धर्म संसद में अयोध्या, काशी और मथुरा समेत पूरे देश के साधु-संत धर्म संसद में शामिल हुए। इसमें 7 प्रस्ताव पारित हुए। सनातनी हेल्पलाइन नंबर जारी हुआ, हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रस्ताव पास हुआ। मुस्लिम इलाकों में मंदिरों और हिंदुओं की सुरक्षा के लिए अपना कार्यालय खोलेगा। सांप्रदायिक हिंसा को लेकर जून में सनातन यात्रा निकाली जाएगी। सनातन धर्म की रक्षा करने वालों को सनातन गौरव सम्मान दिया जाएगा। मुस्लिम हिंदू लड़कियों से शादी न कर सकें, एक अभियान चलाया जाएगा।लैंड जिहाद की घटनाओं को रोकने के लिए सनातनी सेना बनाई जाएगी।

राज्यपाल ने गृह मंत्रालय को सौंपी मुर्शिदाबाद की रिपोर्ट

# पश्चिम बंगाल के लिए चुनौती बन रहा 'कट्टरपंथ'

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा पर केंद्र को एक रिपोर्ट सौंपी है। यह रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी गई है, जिसमें राज्य में बढ़ते कट्टरपंथ और उग्रवाद को गंभीर चुनौती बताया गया है। राज्यपाल ने कहा है कि बांग्लादेश से सटे जिलों मुर्शिदाबाद और मालदा में स्थिति चिंताजनक है। इन जिलों में हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक हैं, जिससे सामाजिक संतुलन प्रभावित हुआ है। बोस ने यह भी लिखा कि हिंसा 'पूर्व-नियोजित' थी और राज्य सरकार को पहले से इसके खतरे का अनुमान था, बावजूद इसके सुरक्षा इंतजाम नाकाफी रहे।

■ खतरे का अनुमान फिर भी सुरक्षा इंतजाम नाकाफी



### राज्यपाल ने कई सुझाव भी दिए

बोस ने कई सख्त सुझाव दिए हैं, जिनमें केंद्रीय बलों की तैनाती, जांच आयोग की स्थापना और जरूरत पड़ने पर संविधान के अनुच्छेद 356 के विकल्प पर विचार करना शामिल है। अनुच्छेद 356 का मतलब राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करना होता है। हालांकि, राज्यपाल ने यह स्पष्ट किया कि उन्होंने अनुच्छेद 356 लागू करने की सिफारिश नहीं की है, बल्कि केवल इसके विकल्प खुले रखने की बात कही है।

### संवैधानिक विकल्पों पर दिया जोर

बोस ने यह भी कहा कि राज्य में राजनीतिक हिंसा के इतिहास को देखते हुए और मुर्शिदाबाद हिंसा के राज्य के अन्य जिलों पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए मैं सुझाव देना चाहूंगा कि भारत सरकार न केवल मौजूदा स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए बल्कि कानून के शासन में लोगों का विश्वास जगाने के लिए संवैधानिक विकल्पों पर विचार करे।

### राज्य में कानून-व्यवस्था की बहाली सुनिश्चित हो

उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की ओर से बार-बार अल्पसंख्यक हितों की सुरक्षा का वादा भी हालात को नियंत्रित नहीं कर सका। रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि प्रशासनिक समन्वय की भारी कमी रही और पुलिस की प्रतिक्रिया कमजोर रही। राज्यपाल ने केंद्र से आग्रह किया है कि वह संवैधानिक उपायों पर विचार करे ताकि राज्य में कानून-व्यवस्था बहाल हो और जनता को शासन में भरोसा हो। बोस ने लिखा, विभाजन इतना गहरा है कि हिंसा के बढ़ने के बावजूद, मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार यह 'वचन' दिया जाना कि वे अल्पसंख्यक हितों की रक्षा करेंगी।


अलवर के बहरोड़ में एक संवाद कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री

# मुझे बेइज्जती पसंद नहीं,महिला की बात पर भड़ककर भूपेंद्र मंच ही छोड़कर चले गए

## महिला सुना रही थी अपनी समस्याए

एजेंसी ▶▶ अलवर

राजस्थान के अलवर के बहरोड़ में एक संवाद कार्यक्रम में पहुंचे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव अचानक नाराज हो गए। उन्हें जनता के बीच महिला का टोकना पसंद नहीं आया और वे मंच छोड़कर ही चले गए। ग्रामीण महिला अपने पानी की समस्या केंद्रीय मंत्री को सुना रही थी, लेकिन यादव को यह नागवार गुजरा। यादव सांसद संपर्क संवाद कार्यक्रम के दौरान मंच से लोगों को संबोधित कर रहे थे। तभी ग्रामीण महिला ने



पानी की समस्या को लेकर मंत्री को टोका। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा में धैर्य रखने वाला आदमी हूं,मुझे बेइज्जती पसंद नही है। इस बीच सैकड़ों ग्रामीण अचंभे में पड़ गए और संवाद कार्यक्रम में कोई जन सुनवाई ही नही हो पाई।

### तो कांग्रेस ने क्यों नहीं कराई थी जाति गणना?

इससे पहले जाति जनगणना के बहाने कांग्रेस पर बरसते हुए यादव ने कहा कि जातीय गणना मोदी जी के द्वारा उठाया गया एक ऐतिहासिक कदम है। इसका तात्पर्य है समाज में जो एक अलग अलग तरह की सामाजिक संरचना है। इसमें जेंडर भी है एजुकेशन भी है बाकी सामाजिक मानक भी है और ये सामाजिक मानक सामाजिक इस्तिति के आधार पर सरकार पॉलिसी बनाने में माहिर है। मैं ये कहना चाहता हूं जो काम कांग्रेस ने किया ही नहीं उसका श्रेय वह क्यों मांग रही है। मुझे इसी बात का आश्चर्य है।

## खबर संक्षेप

### अंगोला ने किया भारतीय कंपनियों को आमंत्रित

**नई दिल्ली।** अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैनुअल गोंसाल्वेस लौरेंको ने रविवार को भारतीय उद्योगों को उनके देश में ऐसे अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया, जो अफ्रीकी राष्ट्र को उनकी निर्यात रणनीतियों के केंद्र में रख सकें। उन्होंने कृषि, फार्मास्युटिकल और नवीकरणीय ऊर्जा सहित आपसी सहयोग के क्षेत्रों पर प्रकाश डाला। वर्तमान में भारत की यात्रा पर आए गोंसाल्वेस ने दक्षिणी अफ्रीकी विकास समुदाय (एसएडीसी) और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (एएफसीएफटीए) के माध्यम से क्षेत्रीय बाजारों तक विशेष पहुंच के साथ अंगोला की रणनीतिक स्थिति पर प्रकाश डाला।

### पूंजीकरण में रिलायंस व एसबीआई लाभ में रही

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह में सामूहिक रूप से 2.31 लाख करोड़ रुपये (2,31,177.3 करोड़ रुपये) की बढ़ोतरी हुई। स्थानीय शेयर बाजार में सुधार के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई।

### बीते सप्ताह सरसों और सोयाबीन तेल में गिरावट

**नई दिल्ली।** देश में मूंगफली, सोयाबीन की बिजाई का समय निकट आने के साथ सहकारी संस्था नेफेड द्वारा इन दोनों फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम हाजिर दाम पर की जा रही बिकवाली के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल और सोयाबीन तिलहन को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि जिस कच्चे पामतेल (सीपीओ) का दाम पहले 1,110-1,115 डॉलर प्रति टन था।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# उपज बढ़ाने पहली जीनोम-संवर्धित चावल की किस्मों का अनावरण

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा विकसित पहली जीनोम संवर्धित चावल किस्मों- 'डीआरआर धान 100 (कमला) और पूसा डीएसटी चावल 1' का अनावरण किया। इन किस्मों से जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान करने के साथ-साथ चावल की पैदावार को 30 प्रतिशत तक बढ़ाया जा सकेगा। चौहान ने कहा, "यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है... जल्द ही, चावल की ये किस्में किसानों को उपलब्ध करा दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि नई किस्मों से चावल की पैदावार 20-30 प्रतिशत बढ़ जाएगी, जल संरक्षण होगा और चावल की खेती से ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी।

- चावल उत्पादन राज्य छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश आदि को मिलेगा फायदा

## कृषि मंत्री चौहान ने कहा, उपज 30 फीसदी तक बढ़ेगी



### धान उत्पादन राज्यों के लिए अनुशंसित

इन किस्मों को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, बिहार, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा, झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल सहित प्रमुख चावल उत्पादक राज्यों के लिए अनुशंसित किया गया है। वैज्ञानिकों ने इन दोनों किस्मों को दो व्यापक रूप से उगाए जाने वाले चावल प्रकार - सांबा महसूरी (बीपीटी5204) और एमटीयू1010 (कॉटनडोरा सन्नालू) को बेहतर जलवायु अनुकूलनशीलता के साथ विकसित किया।



### किस्म 20 दिन पहले पक जाती है

दोनों किस्में बेहतरीन सूखे की सहनीयता और उच्च नाइट्रोजन-उपयोग दक्षता प्रदर्शित करती हैं। मंत्री ने कहा कि डीआरआर धान 100 (कमला) अपनी मूल किस्म की तुलना में लगभग 20 दिन पहले (130 दिन) पक जाती है, जिससे जल्दी कटाई संभव हो जाती है और फसल चक्र या कई फसल चक्रों की संभावना होती है। डीआरआर धान 100 (कमला) की कम अवधि किसानों को तीन सिंचाई बचाने की सुविधा देती है।

### 45 लाख टन अतिरिक्त धान का होगा उत्पादन

चौहान ने कहा कि 50 लाख हेक्टेयर में दोनों किस्मों की खेती से 45 लाख टन अतिरिक्त धान का उत्पादन हो सकता है। मंत्री ने कहा, "भारत उन्नत प्रौद्योगिकियों की खोज करके कृषि क्षेत्र को विकसित किए बिना विकसित राष्ट्र का लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। उन्होंने आईसीएआर के वैज्ञानिकों से देश की आयात निर्भरता को कम करने के लिए दलहन और तिलहन की बेहतर किस्में विकसित करने का आह्वान किया।

## भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ फियो ने किया आग्रह

# रुपए में व्यापार की सुविधा देने वाले बैंकों की सूची सार्वजनिक करे रिजर्व बैंक : फियो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

निर्यातकों के संगठन का कहना है कि जागरूकता की कमी की वजह से इसका अभी सीमित उपयोग हो रहा है। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने बताया कि यह प्रणाली व्यापार को सरल बनाती है और विदेशी मुद्रा बचाती है, लेकिन कई निर्यातकों को यह नहीं पता है कि इसका उपयोग कहां से किया जाए।

भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से रुपये में व्यापार निपटान प्रणाली (एसआरवीए) की पेशकश करने वाले बैंकों के बारे में जानकारी सार्वजनिक रूप से साझा करने का आग्रह किया है।

### आरबीआई ने 2023 में एसआरवीए की अनुमति दी थी

भारतीय रिजर्व बैंक ने 2023 में देश में काम करने वाले बैंकों को स्थानीय मुद्राओं में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत निर्दिष्ट देशों के साझेदार बैंकों के विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (एसआरवीए) खोलने की अनुमति दी थी। इससे निर्यातकों और आयातकों को अपनी-अपनी घरेलू मुद्रा में चालान और भुगतान करने में मदद मिलती है, जिससे द्विपक्षीय विदेशी विनिमय बाजार का विकास संभव हो पाता है।

### कुछ देशों के साथ रुपए में व्यापार करना आसान

रल्हन ने कहा कि इस प्रणाली से कुछ देशों के साथ डॉलर या यूरो के बजाय रुपये में व्यापार करना आसान हो जाता है, लेकिन कई निर्यातकों को यह भी नहीं पता कि कौन से बैंक यह सेवा प्रदान करते हैं, क्योंकि यह जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं है।



- जागरूकता की कमी से अभी इसका सीमित उपयोग हो रहा
- रुपए में व्यापार निपटान की प्रणाली व्यापार को सरल बनाती है
- एसआरवीए प्रणाली से विदेशी मुद्रा की बचत भी होती है

### कर्ज लेने के लिए बहुत सारी बाधाएं

कर्ज लेना ऐसा है जैसे आपको बताया जा रहा हो कि आप ऋण ले सकते हैं, लेकिन फिर आपको इतनी सारी बाधाओं से गुजरना पड़ता है कि आप हार मान लेते हैं। हमें इसे ठीक करने की आवश्यकता है ताकि निर्यातक वास्तव में उस धन का उपयोग कर सकें जो उनके लिए स्वीकृत किया गया है।

### बैठक में उठाया गया मुद्दा

फियो के अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय बैंक को इसे सार्वजनिक करना चाहिए। बेहतर जागरूकता का मतलब है इस अच्छी पहल का बेहतर उपयोग। पिछले सप्ताह मुंबई में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के साथ अपनी बैठक के दौरान उन्होंने अन्य लोगों के साथ इस मुद्दे को उठाया।

### निर्यातकों के लिए ऋण लेना बहुत महंगा

ऊंची ब्याज दरों पर उन्होंने कहा कि भारतीय निर्यातकों, विशेष रूप से छोटे और मध्यम निर्यातकों को अन्य देशों के व्यवसायों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा, लेकिन अभी वे नुकसान में हैं क्योंकि उनके लिए उधार लेना (ऋण) बहुत महंगा है।

### कई देश सब्सिडी या कर्ज देकर मदद करते हैं

ऋण लागत अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि खरीदारों ने नकदी की चुनौतियों का सामना करते हुए भुगतान अवधि बढ़ा दी है। रल्हन ने कहा कि कई देश अपने निर्यातकों को सस्ता कर्ज या सब्सिडी देकर मदद करते हैं।



### जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अकादमिक-उद्योग अंतर को पाटने के लिए ऐतिहासिक एचआर कॉन्क्लेव 2025 की मेजबानी की

**नई दिल्ली।** जेपी सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूआईटी), वाकनाघाट ने 2 मई, 2025 को अपने बहुप्रतीक्षित एचआर कॉन्क्लेव 2025 की मेजबानी की, जिसमें मानव संसाधन के उभरते परिदृश्य, कैंपस में भर्ती और डिजिटल युग में प्रतिभा की तत्परता पर चर्चा करने के लिए मानव संसाधन नेताओं, कॉर्पोरेट अधिकारियों और अकादमिक दूरदर्शी लोगों का एक प्रतिष्ठित समूह एक साथ आया। यह कार्यक्रम 2 मई को जेयूआईटी परिसर में हुआ, जिसमें व्यावहारिक मुख्य सत्र, पावर-पैक पैनल चर्चा और एक उत्साही छात्र-उद्योग आदान-प्रदान शामिल था।सम्मेलन की शुरुआत श्री नरिंदर अहलूवालिया (ईवीपी, कोवेलिएस), श्री देवाशीष घोष (वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बर्कडिया), प्रो. (डॉ.) राजेंद्र कुमार शर्मा (कुलपति, जेयूआईटी), सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर आर.के. शर्मा (रजिस्ट्रार और डीन ऑफ स्टूडेंट्स, जेयूआईटी), सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर संजय डावर और प्रो. सुनील कुमार खाह सहित प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में औपचारिक दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सभी डीन, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य और छात्र इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रोफेसर हेमंत सूद ने समारोह की संचालक के रूप में अतिथियों का स्वागत किया और अकादमिक उद्योग तालमेल को बढ़ाने में कार्यक्रम की भूमिका पर जोर दिया। प्रख्यात विशेषज्ञों द्वारा दो मुख्य भाषण दिए गए। श्री नरिंदर अहलूवालिया द्वारा कैंपस से कॉर्पोरेट तक नियोक्ता की अपेक्षाओं के लिए फ्रेशर्स को तैयार करना पर पहला मुख्य भाषण, कार्यस्थल की तत्परता और नेतृत्व पर कार्रवाई योग्य अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

### वेदांता कोष जुटाने होगा जाम्बिया में सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** वेदांता रिसोर्सेज अपनी खनन परिसंपत्तियों के विकास के लिए पूंजी जुटाने को अपने जाम्बिया के तांबा कारोबार कोंकोला कॉपर माइंस (केसीएम) को अमेरिकी बाजार में सूचीबद्ध करने सहित कई विकल्पों पर विचार कर रही है।

## उपग्रहों की तुलना में लचीला कवरेज दे सकते हैं अधिक ऊंचाई वाले मंच

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार उद्योग निकाय सीओएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सौर ऊर्जा ड्रोन, गुब्बारे, हवाई जहाज आदि जैसे अधिक ऊंचाई वाले मंच उपग्रहों (एचएपीएस) की तुलना में कम लागत पर सुरक्षित और लचीला कवरेज प्रदान कर सकते हैं। सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) के महानिदेशक एस पी कोचर ने कहा कि अमेरिका, जापान, ब्रिटेन जैसे देश तथा एयरबस (जेफिर) और सॉफ्टबैंक जैसी कंपनियां एचएपीएस प्रौद्योगिकियों में भारी निवेश कर रही हैं और भारत को एचएपीएस परिचालन, स्पेक्ट्रम आवंटन और हवाई क्षेत्र प्रबंधन के लिए नियामक ढांचे पर काम करना शुरू कर देना चाहिए। कोचर की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब सीओएआई के प्रमुख सदस्य भारती एयरटेल और रिलायंस जियो ने उपग्रह सेवाओं के लिए एलन मस्क की स्टारलिंक के साथ हाथ मिलाया है, जबकि शुरुआत में उन्होंने भारतीय बाजार में प्रवेश के लिए स्टारलिंक के प्रयास का विरोध किया था ।और उसमें बाधा डाली थी।

## उद्देश्य एक विनिर्माण स्थल से अधिक मॉडल का उत्पादन करना

# इलेक्ट्रिक उत्पादन लाइन को 'लचीला' बना रही मारुति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश की प्रमुख कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) अपनी उत्पादन क्षमताओं को लचीला बना रही है। इसके पीछे उद्देश्य एक ही विनिर्माण स्थल से इलेक्ट्रिक वाहन सहित अधिक मॉडल का उत्पादन करना है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति ने 2030-31 तक बाजार में लगभग 28 विभिन्न मॉडल के साथ 20 लाख इकाई की उत्पादन क्षमता और जोड़ने का लक्ष्य रखा है। फिलहाल हरियाणा और गुजरात के अपने विनिर्माण संयंत्रों के साथ कंपनी की कुल उत्पादन क्षमता सालाना 26 लाख इकाई की है।

- कंपनी 2030-31 तक बाजार में 28 मॉडल उतारना चाह रही

### गुजराज में सालाना 7.5 लाख इकाई उत्पादन की सुविधा

कंपनी की एक इकाई सुजुकी मोटर गुजरात ने भी गुजरात में एक सुविधा स्थापित की है, जिसकी स्थापित उत्पादन क्षमता प्रति सालाना 7.5 लाख इकाई की है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा, उत्पादन योजना के संदर्भ में, हम अपने संयंत्रों को अधिक लचीला बना रहे हैं, ताकि अधिक लाइन अधिक मॉडल का उत्पादन कर सकें।




### ईवी की लाभप्रदता काफी कम होगी

ईवी की लाभप्रदता के बारे में एक सवाल पर, उन्होंने कहा कि कंपनी इस बात से अवगत है कि डिजाइन के अनुसार ईवी की लाभप्रदता बहुत कम होगी और यह पूरे उद्योग के लिए सच है। भारती ने कहा, हम ईवी से आईसी (परंपरागत) इंजन के समान लाभप्रदता की उम्मीद नहीं कर सकते। और अगर ऐसा होता, तो सरकार को शायद पांच प्रतिशत जीएसटी वाली नीतियां बनाने की जरूरत नहीं होती।

*खरखौदा के नए संयंत्र में उत्पादन शुरू* *हरियाणा में गुरुग्राम और मानेसर में दो संयंत्र सालाना लगभग 16 लाख इकाई का उत्पादन करते हैं। खरखौदा में नए संयंत्र ने भी उत्पादन शुरू कर दिया है। शुरुआत में, नई सुविधा की वार्षिक उत्पादन क्षमता 2.5 लाख इकाई की होगी और यह कॉम्पैक्ट एसयूवी ब्रेजा का विनिर्माण करेगी।*

*सितंबर में पहला मॉडल उतारने की योजना*

*मारुति इस साल सितंबर में अपना पहला इलेक्ट्रिक मॉडल ई-विटारा उतारने की योजना बना रही है और पहले साल में अधिकांश उत्पादन विदेशी बाजारों में जाने की उम्मीद है।*

## कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रभावित कर सकते हैं शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर निर्णय, विदेशी संस्थागत निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषको ने कहा कि इसके अलावा पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी। अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते की उम्मीदों और एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशकों) के निरंतर प्रवाह की वजह से पिछले सप्ताह स्थानीय बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। हालांकि, बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव और शुल्क युद्ध के बीच कमजोर वैश्विक परिदृश्य के कारण निवेशक शेयरों पर बड़ा दांव नहीं लगा रहे हैं। इस सप्ताह घोषित होने वाले वृहद आर्थिक आंकड़ों में एचएसबीसी सेवा पीएमआई (क्रय प्रबंधक सूचकांक) पर निवेशकों की नजर रहेगी।

- फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय की होगी अहम भूमिका

### निवेशकों के सतर्कता बरतने की उम्मीद

लेमन मार्केट्स डेस्क के विश्लेषक गौरव गर्ग ने कहा कि अमेरिका में संभावित मंदी और भारत तथा पाकिस्तान के बीच सीमा पर चल रहे तनाव की चिंताओं ने भी बाजार के 'मूड' को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बीच निकट भविष्य में घरेलू बाजार में सतर्कता रहने की उम्मीद है।

### एफपीआई तीन माह बाद फिर लिवाल बने

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल में देश के शेयर बाजारों में 4,223 करोड़ रुपये डाले हैं। अनुकूल वैश्विक संकेतकों तथा मजबूत घरेलू बुनियाद के बीच एफपीआई तीन माह बाद पहली बार शुद्ध लिवाल बने हैं।

## राशिफल

**मेष:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष:** धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन:** मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह:** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।


**धनु:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर:** शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ:** भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5857




**बाएँ से दाए-**


1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**

1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -5856 का हल







# आईपीएल : म्हात्रे, सूर्यवंशी ने उम्र से परे परिपक्वता दिखाकर बिखेरी चमक

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

चेन्नई सुपर किंग्स के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ रोमांचक मैच को दो रन गंवाने के बाद कहा, 'मुझे आगामी अंडर-19 विश्व कप में उन टीमों के बारे में सोच कर चिंता हो रही है जिन्हें भारत का सामना करना होगा'।

फ्लेमिंग ने यह बात थोड़े चुटीले अंदाज में कही लेकिन आईपीएल के मौजूदा सत्र में वैभव सूर्यवंशी और आयुष महात्रे जैसे युवा सितारों ने उम्र को धता बताते हुए जो निडरता और परिपक्वता दिखाई है उससे भारतीय क्रिकेट का भविष्य काफी मजबूत दिखता है।

### भुवनेश्वर की गेंदों पर लगाए पांच चौके और एक छक्का

महात्रे ने अपनी पारी के दौरान चौथे ओवर में अनुभवी भुवनेश्वर कुमार के खिलाफ पांच चौके और एक छक्का लगाकर प्रभावित किया। उन्होंने इस दौरान कोई भी आड़ा-तिरछा शॉट नहीं खेला। यह उस भरोसे का प्रमाण था जो चेन्नई सुपर किंग्स ने कुछ महीने पहले म्हात्रे को अपने चयन ट्रायल के नेट सत्र के दौरान देखा था। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की चोट ने उन्हें मुंबई के इस खिलाड़ी को चुनने मौका दे दिया।



### महात्रे ने 48 गेंद में बनाए 94 रन

*17 साल के महात्रे ने 48 गेंद में 94 रन की पारी खेल कर आरसीबी के खिलाफ चेन्नई के लिए जीत का मंच तैयार कर दिया था हालांकि उनकी टीम दो रन से पीछे रह गई। महात्रे की इस पारी ने प्रशंसकों को कुछ दिन पहले 14 साल के सूर्यवंशी की 35 गेंद में खेली गई शतकीय पारी की याद दिला दी। महात्रे की पारी से 214 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही चेन्नई को आखिरी तीन ओवर में जीत के लिए सिर्फ 23 रन चाहिए थे।*

### संयमित शॉट से हुआ चयन

चेन्नई की टीम के प्रबंधन के मुताबिक वह ट्रायल में गुजरात के उर्विल पटेल और केरल के सलमान निजार से बहुत आगे थे। फ्लेमिंग ने म्हात्रे को चुनने के पीछे के तर्क को समझाते हुए कहा, 'जब उन्होंने ट्रायल दिया और सत्र के शुरुआती हिस्से में हमारे साथ थे, तो हम उनके कौशल से बहुत प्रभावित हुए थे। उनका संयम काफी प्रभावशाली था। बहुत सारे शॉट लगाने में माहिर होना अच्छी बात है लेकिन दुनिया के बड़े खिलाड़ियों के सामने धैर्य बनाये रखना और टीम की योजना को अंजाम देने में सफल होना काबिले तारीफ है।'

### सूर्यवंशी की बैक लिफ्ट बहुत अच्छी

सूर्यवंशी ने भी कुछ दिन पहले गुजरात टाइटंस के खिलाफ आक्रामक पारी के साथ क्रिकेट जगत के साथ राजस्थान के कोच राहुल द्रविड़ को भी प्रभावित किया था। द्रविड़ ने 'स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम' के दौरान कहा था, 'उसकी बल्ले की गति बहुत अच्छी है। उसकी बैक लिफ्ट बहुत अच्छी है। गेंद की लेंथ के बारे में निर्णय लेने के मामले में उसका हाथ-आंखों का समन्वय बहुत अच्छा है। वह गेंद की लंबाई को जल्दी भांप कर शॉट खेलता है।'

### दिग्गजों को दोनों युवाओं से निपटना चुनौतीपूर्ण

फ्लेमिंग म्हात्रे और सूर्यवंशी से काफी प्रभावित है। उन्होंने कहा, 'उनके बेखौफ होकर खेलने हुए देखना असाधारण है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप 14, 18 या 21 साल के हैं। हमने जो पारियां खेली हैं, खासकर इन दो युवाओं ने वह बेहतरीन है। यह उम्र से परे उनकी परिपक्वता को दिखाता है। मुझे लगता है कि दुनिया भर के गेंदबाजों के लिए उनके कौशल से निपटना काफी चुनौतीपूर्ण है।'

# आर्यना सबालेंका ने जीता करियर का 20वां खिताब



**मैड्रिड।** विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना तीसरा और करियर का 20वां खिताब जीता। सबालेंका ने पहले सेट में जबरदस्त प्रदर्शन किया और काजा मैजिका क्ले कोर्ट पर अमेरिकी खिलाड़ी को 6-3, 7-6 (3) से हराया। सबालेंका ने 2021 और 2023 में मैड्रिड में खिताब जीता था। इस तरह से उन्होंने पेट्रा क्वितोवा के टूर्नामेंट रिकॉर्ड की बराबरी की। ब्रिस्बेन और मियामी के बाद यह सबालेंका का इस वर्ष का तीसरा खिताब भी है।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 11 | 8 | 3 | 16 |
| पंजाब | 11 | 7 | 3 | 15 |
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| कोलकाता | 11 | 5 | 5 | 11 |
| लखनऊ | 11 | 5 | 6 | 10 |
| राजस्थान | 12 | 3 | 9 | 6 |
| हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 |
| चेन्नई | 11 | 2 | 9 | 4 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप





विराट कोहली 505 रन बेंगलुरु | प्रसिद्ध कृष्णा 19 विकेट गुजरात

### खबर संक्षेप



### हैदराबाद के खिलाफ दिल्ली का मैच आज

**हैदराबाद।** अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स की टीम घरेलू मैदान पर कमजोर प्रदर्शन से उबरकर सोमवार को यहां निचले हाफ में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी। दिल्ली कैपिटल्स को पिछले मैच में अपने घरेलू मैदान अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 14 हार से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने विरोधियों के मैदान पर बेहतर प्रदर्शन की बदौलत प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखी है।

### खलील को गेंद थमाने का फैसला सही था

**बेंगलुरु।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ यहां खेले गए मैच में 19वें ओवर में 33 रन लुटाने के बावजूद तेज गेंदबाज खलील अहमद का भरपूर समर्थन किया।



चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले अंशुल कंबोज का एक ओवर शेष रहने के बावजूद अहमद को गेंदबाजी के लिए बुलाया लेकिन उनका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ क्योंकि रोमारियो शेफर्ड के आक्रामक अंदाज के सामने यह तेज गेंदबाज कमजोर पड़ गया।

### इंग्लैंड दौरे में असरदार होंगे कुलदीप

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व चयनकर्ताओं और कोचों का मानना है कि कुलदीप यादव एक ऐसे मैच विजेता खिलाड़ी हैं जो इंग्लैंड के खिलाफ उसकी धरती पर होने वाली टेस्ट श्रृंखला में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं



तथा कलाई के इस स्पिनर को बल्लेबाजी ऑलराउंडरों पर प्राथमिकता मिलनी चाहिए। जडेजा अपने बेहतर बल्लेबाजी कौशल के कारण पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए पहली पसंद होंगे लेकिन कुलदीप के टीम में शामिल होने से भारत का स्पिन विभाग और मजबूत हो जाएगा।


## आरआर के कप्तान रियान पराग की 95 रन की पारी बेकार

# अंतिम गेंद पर नहीं बने तीन रन, एक रन से जीता कोलकाता, आंद्रे रसेल बने हीरो

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

प्लेऑफ की उम्मीद लेकर इडन गार्डन्स पर उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान को आखिरी गेंद पर एक रन से हराया और अपने को टूर्नामेंट में बनाए रखा है। राजस्थान को आखिरी गेंद पर 3 रन की जरूरत थी, लेकिन केकेआर ने नहीं बनाने दिया। 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही। इस सीजन शतक जड़कर इतिहास रच चुके वैभव सूर्यवंशी मात्र 4 रन बनाकर आउट हो गए।

रायल्स के लिए अपने डेब्यू मैच में कुणाल सिंह राठौर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए, कप्तान रियान पराग और यशस्वी जायसवाल के बीच 31 गेंद पर 58 रन की साझेदारी हुई। मैच में रोमांच तब बढ़ गया, जब जायसवाल 34 रन बनाकर मोईन अली का शिकार बने। इसके बाद वरुण चक्रवर्ती ने तीन गेंद के अंदर ध्रुव जुरेल (0) और वानिंदु हसरंगा (0) का विकेट लेकर केकेआर की तरफ मैच मोड़ दिया।



### रसेल का दिखा दम

रहाणे ने रघुवंशी के साथ मिलाकर 31 गेंद पर 42 रन की साझेदारी की। आंद्रे रसेल को बल्लेबाजी में प्रमोट किया गया और उन्होंने निराश नहीं किया। अंगकृष रघुवंशी (44) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 33 गेंद पर 61 रन की साझेदारी की। इस दौरान रसेल का बल्ला खूब चला। तेज खेलते हुए रसेल ने फिफ्टी पूरी की। रसेल 25 गेंद पर चार चौके और छह छक्को के साथ 57 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, रिंकू सिंह ने आखिरी ओवर में दो सिक्स और एक चौके के साथ 6 गेंद पर नाबाद 19 रन की तेज पारी खेली। राजस्थान के लिए चार अलग-अलग गेंदबाजों ने एक-एक विकेट चटकाए।

### 92 रन की साझेदारी

एक छोर पर खड़े कप्तान रियान पराग ने मोईन अली के एक ओवर में लगातार पांच छक्कों की मदद से 32 रन कूट कर मैच फिर से राजस्थान की तरफ ला दिया। दूसरे छोर से शिमरन हेटमायर ने भी बखूबी साथ दिया, लेकिन 29 रन बनाकर वह हर्षित राणा का शिकार बने। रियान और हेटमायर के बीच 92 रन की साझेदारी हुई। रियान पराग भी 45 गेंद पर 95 रन बनाकर आउट हो गए और मैच फंस गया।

### एक रन से मिली हार

आखिरी ओवर में राजस्थान को जीत के लिए 22 रन चाहिए था। स्ट्राइक पर शुभम दुबे ने दो सिक्स और एक चौका लगाकर मैच जिताने की कोशिश की लेकिन, आखिरी गेंद पर तीन रन नहीं बन सके और राजस्थान एक रन से मैच हार गई। राजस्थान 205 रन ही बना सकी।

### स्पिन का शिकार हुए रहाणे

*इससे पहले टॉस जीतकर पहले केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। केकेआर की शुरुआत खराब रही। 13 के स्कोर पर नरेन 11 रन बनाकर आउट हुए। दूसरे विकेट के लिए 33 गेंद पर कप्तान रहाणे (30) और रहमानुल्लाह गुरबाज (35) के बीच 56 रन की साझेदारी हुई।*

### स्कोर बोर्ड

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| गुरबाज का हेटमायर बो तीक्षणा | 35 | 25 | 4 | 1 |
| सुनील नारायण बो युद्धवीर | 11 | 09 | 1 | 1 |
| अजिंक्य रहाणे का जुरेल बो पराग | 30 | 24 | 1 | 2 |
| रघुवंशी का स्था (ए शर्मा) बो आर्चर | 44 | 31 | 5 | 0 |
| आंद्रे रसेल नाबाद | 57 | 25 | 4 | 6 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 19 | 06 | 1 | 2 |

अतिरिक्त : 10, कुल : 20 ओवर में 206/4
गेंदबाजी : आर्चर 4-0-30-1, युद्धवीर 2-0-26-1, तीक्षणा 4-0-41-1, मधवाल 3-0-50-0, हसरंगा 4-0-35-0, पराग 3-0-21-1.

| राजस्थान रॉयल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का रिंकू बो मोईन | 34 | 21 | 5 | 1 |
| सूर्यवंशी का रहाणे बो अरोड़ा | 04 | 02 | 1 | 0 |
| राठौड़ का रसेल बो मोईन | 00 | 05 | 0 | 0 |
| पराग का अरोड़ा बो हर्षित | 95 | 45 | 6 | 8 |
| वानिंदु हसरंगा बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल बो चक्रवर्ती | 00 | 02 | 0 | 0 |
| हेटमायर का नारायण बो हर्षित | 29 | 23 | 1 | 1 |
| शुभम दुबे नाबाद | 25 | 14 | 1 | 2 |
| आर्चर रन आउट (रिंकू/ अरोड़ा) | 12 | 08 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त** : 06, कुल : 20 ओवर में 205/8
**गेंदबाजी** : अरोड़ा 4-0-50-1, मोईन 3-0-43-2, हर्षित 4-0-41-2, चक्रवर्ती 4-0-32-2, नारायण 4-0-27-0, रसेल 1-0-11-0.



# पंजाब जीतकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा

लखनऊ को 37 रन से हराया | प्रभसिमरन ने 91 रन की पारी खेली, अर्शदीप को तीन विकेट

एजेंसी ▸▸ धर्मशाला

पंजाब किंग्स ने युवा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह (91 रन) के अर्धशतक के बाद अर्शदीप सिंह के तीन विकेट की बदौलत रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अहम मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 37 रन से हराकर अपनी प्लेऑफ की दावेदारी मजबूत की। पंजाब किंग्स सात जीत से 15 अंक लेकर तालिका में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (16 रन) से पीछे दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वहीं एलएसजी 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है। छोटे कद के बल्लेबाज प्रभसिमरन की छह चौके और सात छक्के जड़ित 48 गेंद की पारी से पंजाब किंग्स ने पांच विकेट पर 236 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसमें कप्तान श्रेयस अय्यर ने 45 रन और जोश इंग्लिस ने 30 रन का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलएसजी का शीर्ष क्रम विफल रहा जिसमें अर्शदीप (16 रन देकर तीन विकेट) की भूमिका अहम रही जिन्होंने पावरप्ले में तीन विकेट झटके। आयुष बदोनी (74 रन, 40 गेंद, पांच चौके, पांच छक्के) और अब्दुल समद (45 रन, 24 गेंद, दो चौके, चार छक्के) ने छठे विकेट के लिए 81 रन की भागीदारी निभाकर टीम को उबारने की कोशिश की। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और 20 ओवर में सात विकेट पर 199 रन ही बना सकी। बदोनी ने अकेले दम पर मोर्चा संभाले रखा।

आरआर के लिए किया डेब्यू

# कुणाल 8 वर्ष की उम्र से खेल रहे क्रिकेट, हैडिन हैं आदर्श



एजेंसी ▸▸ कोलकाता

राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबले में कुणाल सिंह राठौर को डेब्यू का मौका दिया युवा विकेटकीपर बल्लेबाज को टीम ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में खरीदा था। राजस्थान पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, जबकि केकेआर की उम्मीदें फिलहाल जीवंत हैं।

कोटा में नौ अक्टूबर, 2002 को जन्में कुणाल आठ वर्ष की आयु से क्रिकेट खेल रहे हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के महान विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रैड हैडिन को अपना आदर्श मानते हैं। राजस्थान ने उन्हें मेगा नीलामी में 30 लाख रुपये के आधार मूल्य पर टीम का हिस्सा बनाया था। अब वह आईपीएल में धमाल मचाने के लिए तैयार हैं।

कुणाल राजस्थान के लिए घरेलू क्रिकेट खेलते हैं। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और विकेटकीपिंग में माहिर हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2022-23 के जरिए टी20 में डेब्यू किया था। इस दौरान उन्होंने 128.94 के स्ट्राइक रेट से 147 रन बनाए थे। अगले सत्र में कुणाल ने सिर्फ 107 रन बनाए। हालांकि, उनका स्ट्राइक रेट 152.85 का हो गया। कुणाल के नाम 12 टी20 मैचों में 254 रन दर्ज हैं। इसमें एर अर्धशतक शामिल है। वहीं, 13 फर्स्ट क्लास और 16 लिस्ट ए मैचों में युवा बल्लेबाज ने क्रमशः 580 और 404 रन बनाए हैं।

### लाहिड़ी 45वें स्थान पर रहे, डेचैम्ब्यू बने विजेता

*इंचियोन। भारतीय खिलाड़ी अनिर्बान लाहिड़ी ने रविवार को यहां अंतिम दौर में इवन पार 72 का स्कोर बनाया और इस तरह से वह लिव गोल्फ कोरिया में संयुक्त 45वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी का कुल स्कोर तीन ओवर का रहा। उन्होंने तीन दौर के इस टूर्नामेंट में 68, 79 और 72 का कार्ड खेला। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि उस टीम क्रशर्स का हिस्सा था, जिसने टीम चैंपियनशिप जीती। इस टीम का नेतृत्व अमेरिका के ब्रायसन डीचैम्ब्यू ने किया था जो व्यक्तिगत खिताब भी जीतने में सफल रहे। डेचैम्ब्यू ने अंतिम दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ करते हुए दोहरी सफलता हासिल की। उन्होंने तीन दिन में 65, 66 और 66 का कार्ड खेला।*

# केदारलिंग को पुरुषों की एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक

**भोपाल।** सेना के निशानेबाज केदारलिंग बालकृष्ण उचागांवे ने शनिवार को यहां 23वीं कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके साथी अजय कुमार अंबावत ने रजत पदक हासिल किया।

नौसेना के उज्जवल मलिक ने कांस्य पदक जीता। केदारलिंग और अजय दोनों 24 शॉट के फ़ाइनल के अंतिम दो शॉट से पहले 223.6 से बराबरी पर थे। अजय ने हालांकि अपने 23वें शॉट में 10.9 का परफेक्ट स्कोर बनाया जिससे वह 0.7 से आगे हो गए।

अजय ने अंतिम निशाने में केवल 9.6 अंक बनाए जबकि केदारलिंग ने दबाव में 10.6 (244.4) के मजबूत स्कोर के साथ 0.3 से जीत हासिल की। इस स्पर्धा का जूनियर वर्ग का खिताब चंडीगढ़ के धैर्य पराशर ने जीता जिन्होंने फाइनल में 241.6 का स्कोर किया।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया

एजेंसी ▸▸ पर्थ

भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एक रोमांचक मैच में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर एकमात्र जीत दर्ज करते हुए दौरे का समापन किया। स्ट्राइकर नवनीत कौर ने पर्थ हॉकी स्टेडियम में 21वें मिनट में मैच विजयी गोल किया। भारत को इससे पहले ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम से 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था और फिर टीम एक मई और तीन मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से 0-2 और 2-3 से पराजित हो गई थी। मेहमान टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के पांचवें और अंतिम मैच में बेहतरीन हॉकी खेली और मेजबान टीम को करीबी मुकाबले में शिकस्त दी। पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने दबदबा बनाया और दो पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किए,



लेकिन भारत के मजबूत डिफेंस ने उन्हें पहला गोल करने से रोक दिया। दूसरे क्वार्टर में छह मिनट बाद भारत ने उप-कप्तान नवनीत कौर के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली। नवनीत ने शनिवार को भारत की 2-3 की हार में भी गोल किया था। दूसरा हाफ में दोनों टीमें गोल करने के लिए बेताब थीं लेकिन भारत ने संयम बनाए रखा और बढ़त को सफलतापूर्वक बचाव किया।

### श्रीलंका ने भारत को तीन विकेट से दी मात

**कोलंबो।** श्रीलंका ने रविवार को यहां महिला त्रिकोणीय श्रृंखला में भारत को तीन विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने नौ विकेट पर 275 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। मेहमान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रिचा घोष की 48 गेंद पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत कौर (30), प्रतीका रावल (35) और जेमिमा रोड्रिग्स (37) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इसके जवाब में श्रीलंका ने 49.1 ओवर में सात विकेट पर 278 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। निलाक्षिका सिल्वा ने 56 रन बनाए।


टीम इंडिया की बढ़ी टेंशन, पांच मैचों की खेलनी है टेस्ट श्रृंखला

# इंग्लैंड दौरे से पहले फॉर्म में नहीं शमी, हो रही कुटाई

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टीम को आईपीएल की समाप्ति के बाद इंग्लैंड दौरे पर जाना है। इंग्लैंड दौरे पर भारत को मेजबान टीम के खिलाफ पांच टेस्ट मैच खेलने हैं। इस दौरे के लिए भारतीय टीम के सेलेक्शन पर सबकी निगाहें हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इंग्लैंड दौरे पर भी रोहित शर्मा ही कप्तान होंगे। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भी अरसे बाद टेस्ट टीम में जगह मिल सकती है। शमी इंजरी के चलते काफी समय तक क्रिकेटिंग एक्शन से दूर रहे थे।

मोहम्मद शमी फिलहाल आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए भाग ले रहे हैं। हालांकि उनका प्रदर्शन आईपीएल 2025 में कुछ अच्छा नहीं रहा है। यह इंग्लैंड दौरे के मद्देनजर भारतीय टीम के लिए चिंता का विषय है। शमी ने मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक 9 मैचों में 56.16 के एवरेज और 11.23 की खराब इकोनॉमी रेट से केवल 6 विकेट चटकाए हैं। शमी की लेंथ और लाइन बिगड़ी दिखी है, जिसके चलते वो महंगे साबित हो रहे हैं।



### बुमराह की वापसी तय

*उधर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी इंग्लैंड सीरीज के लिए टीम में वापसी तय मानी जा रही है। बुमराह को इस साल जनवरी में सिडनी टेस्ट के दौरान बैक इंजरी हो गई थी। इसके चलते बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल पाए थे। हालांकि उन्होंने फिट होकर जबरदस्त वापसी की है। बुमराह ने मौजूदा आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियंस के लिए अब तक 7 मैचों में 11 विकेट झटके हैं।*

### पूर्व क्रिकेटर चोपड़ा चिंतित

टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा भी शमी के मौजूदा फॉर्म से चिंतित हैं। चोपड़ा ने ईएसपीएन क्रिकइंफो से कहा, 'वह अच्छा नहीं लग रहे हैं। ऐसा नहीं है कि वह पिछले हफ्ते या पिछले महीने चोट से वापस आए हैं। उन्होंने पिछले साल घरेलू क्रिकेट खेलना शुरू किया और अब मई शुरू हो चुका है। उन्होंने इसी बीच एक आईसीसी इवेंट खेला है। उन्होंने बहुत सारे मुकाबले खेले हैं।अगर शमी अभी भी अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं और इसका कुछ संबंध चोट से है, तो आगे क्या होगा। हम सभी इस बात पर जोर दे रहे थे कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह अकेले थे, शमी नहीं थे। अगर शमी होते तो चीजें काफी अलग होतीं। लेकिन सवाल यह है कि क्या शमी इंग्लैंड में होंगे।'

## सिंगापुर आम चुनाव में सत्तारूढ़ पीपीपी को मिली बड़ी जीत

# 97 में से 87 सीटों पर जीते, वोंग फिर बनेंगे पीएम, 50 साल से सत्ता पर काबिज पार्टी, पीएम मोदी ने दी बधाई

सिंगापुर के चुनाव आयोग के मुताबिक 27,58,846 पंजीकृत मतदाताओं ने 1,240 मतदान केंद्रों पर वोट डाले। चुनाव में कुल 97 सीटों में से 92 पर मतदान हुआ। पीएपी ने सभी 92 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सिंगापुर में हुए आम चुनाव में सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने एक बार फिर बड़ी जीत हासिल की है। पीएम लॉरेंस वोंग की पार्टी ने 97 में से 87 सीटें जीत ली हैं। यह लगातार 14वां मौका है जब पीएपी को चुनाव में बहुमत मिला है। अब यह साफ हो गया है कि लॉरेंस वोंग दोबारा सिंगापुर के पीएम बनेंगे। चुनाव में मुख्य मुकाबला 1965 से सत्ता पर काबिज पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) और प्रमुख विपक्षी दल वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) के बीच था। इनके अलावा कई अन्य छोटे दल भी चुनावी मैदान में थे।

सिंगापुर के चुनाव आयोग के मुताबिक 27,58,846 पंजीकृत मतदाताओं ने 1,240 मतदान केंद्रों पर वोट डाले। चुनाव में कुल 97 सीटों में से 92 पर मतदान हुआ। पीएपी ने सभी 92 सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े किए थे। लॉरेंस वोंग पिछले साल मई 2024 में पूर्व पीएम ली ह्सियन लूंग के पद छोड़ने के बाद पीएम बने थे। अब उन्हें फिर से जनता का समर्थन मिल गया है। जीत के बाद पीएम वोंग ने कहा कि हम मजबूत जनादेश के लिए आभारी हैं।

### खास बातें

- सिंगापुर की आजादी के बाद से यानी 1965 से ही पीएपी सत्ता में
- वोंग ने जनता से नया जनादेश मांगा जिसमें भारी समर्थन मिला



### दो हिस्सों में बंटी हुई है संसदीय सीटें

दरअसल, सिंगापुर की संसदीय सीटें सिंगल मेंबर कॉन्स्टिट्यूएंसी (एसएमसी) और ग्रुप रिप्रेजेंटेशन कॉन्स्टिट्यूएंसी (जीआरसी) के दो हिस्सों में बंटी हैं। जीआरसी में 4-5 उम्मीदवारों की टीम चुनाव लड़ती है, जिसमें कम से कम एक अल्पसंख्यक समुदाय (मलय, भारतीय, या अन्य) का उम्मीदवार होना जरूरी होता है। ऐसी ही एक सीट पीएपी निर्विरोध जीत चुकी थी।

### आजादी के बाद से सत्ता में पीएपी

*सिंगापुर की आजादी के बाद से यानी 1965 से ही पीएपी सत्ता में है। पार्टी को 2020 के चुनाव में 83 सीटें मिली थीं। उस समय उसे 61.24% वोट मिले थे, जबकि 2015 में यह आंकड़ा 69.86% था। विपक्ष की वर्कर्स पार्टी ने 2015 में 6 सीटें और 2020 में 10 सीटें जीती थीं। 1948 में पहले आम चुनाव के बाद से यह सिंगापुर का 19वां और 1965 में स्वतंत्रता के बाद से 14वां चुनाव था। पीएम वोंग ने पिछले मई में ली सीन लूंग के करीब 20 साल बाद पद छोड़ने पर नए पीएम के रूप में शपथ ली थी। इस बार के चुनाव में वोंग और उनकी पार्टी ने अमेरिका द्वारा लगाए गए व्यापारिक टैक्स और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच जनता से नया जनादेश मांगा था- जिसमें उन्हें भारी समर्थन मिला।*

**ऑस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित पीएम अल्बनीज**

### जनता ने विभाजन के बजाए एकता को चुना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के फिर से पीएम चुने गए एंथनी अल्बनीज ने रविवार को सिडनी के एक कैफे में लोगों से बधाई प्राप्त करने के बाद कहा कि देश के लोगों ने विभाजन के बजाय एकता को चुना है। शनिवार को हुए चुनाव में अल्बनीज की लेबर पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की। अल्बनीज ने सिडनी के लीचार्ट स्थित एक व्यस्त कैफे में संवाददाताओं से कहा कि ऑस्ट्रेलियाई जनता ने विभाजन के बजाय एकता को चुना। उन्होंने कहा कि हम अपने दूसरे कार्यकाल में भी पहले कार्यकाल की तरह अनुशासित एवं व्यवस्थित तरीके से सरकार चलाएंगे। उन्होंने और उनकी मंगेतर जोडी हेडन ने अपने सहयोगियों और समर्थकों के साथ कैफे में कॉफी का आनंद लिया।



### सिंगापुर के साथ रिश्ते बहुआयामी



पीएम नरेंद्र मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर वोंग को जीत की बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि चुनाव में शानदार जीत पर हार्दिक बधाई लॉरेंस वोंग। भारत और सिंगापुर के रिश्ते मजबूत और बहुआयामी हैं। मैं आपके साथ मिलकर इन संबंधों को और गहरा करने के लिए काम करने को उत्साहित हूं।

---

## खबर संक्षेप

### ब्रिटेन में आतंकी हमले की साजिश में 8 गिरफ्तार



**लंदन।** ब्रिटेन के आतंकवाद-रोधी अधिकारियों ने लंदन में हमले की कथित साजिश रचने के आरोप में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से सात ईरानी नागरिक हैं। महानगर पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार को इंग्लैंड के विभिन्न हिस्सों से 29 से 46 वर्ष की आयु के पांच लोगों को 'आतंकवादी कृत्य' की तैयारी के संदेह में हिरासत में लिया गया। उसने बताया कि पांच गिरफ्तार संदिग्धों में चार ईरानी नागरिक हैं जबकि पांचवें की राष्ट्रीयता की पुष्टि अभी की जा रही है।

### ह्यूस्टन में गोलाबारी में एक की मौत, कई घायल



**ह्यूस्टन।** अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में शनिवार देर रात एक समारोह के दौरान हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और लगभग 14 लोग घायल हो गए। सहायक पुलिस प्रमुख पैट्रिशिया कांटू ने बताया कि स्थानीय समय अनुसार रात करीब 12 बजकर 50 मिनट पर साउथईस्ट ह्यूस्टन के चेरी हिल इलाके में गोलीबारी की सूचना मिली। पुलिस का कहना है कि यह एक पारिवारिक कार्यक्रम था, जिसमें एक अनजान व्यक्ति बिना बुलाए पहुंच गया था। जब उसे वहां से जाने को कहा गया, तो उसने गोली चलाना शुरू कर दिया।

### 375 ग्राम मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार



**पालनपुर।** गुजरात पुलिस ने राजस्थान सीमा पर एक संदिग्ध तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 37.50 लाख रुपए मूल्य की मेफेड्रोन (एमडी) जब्त की है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) एसएम वरोतरिया ने बताया कि शनिवार को बनासकांठा जिले के थराद कस्बे के पास गुजरात-राजस्थान सीमा पर एक चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच के दौरान राकेश बिश्नोई को गिरफ्तार कर उसके पास से 375 ग्राम मेफेड्रोन बरामद किया गया।

---

**मिसाइल अटैक के बाद लिया फैसला**

## तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट अबू धाबी की ओर डायवर्ट



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली से इजराइल की राजधानी तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को अबू धाबी डायवर्ट किया गया है। यह फैसला तेलअवीव बेन गुरियन एयरपोर्ट पर मिसाइल अटैक के बाद लिया गया। यमन के हूती विद्रोहियों ने बेन गुरियन एयरपोर्ट पर मिसाइल अटैक किया।

मिसाइल अटैक के कारण धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया और यात्रियों में दहशत फैल गई। इसके बाद कई फ्लाइट्स को डायवर्ट करना पड़ा। इनमें एयर इंडिया की फ्लाइट एआई39 भी शामिल है। एयर इंडिया की ओर से इस संबंध में जारी एक बयान में कहा गया कि 3 मई 2025 को दिल्ली से तेल अवीव जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई139 को रविवार सुबह बेन गुरियन एयरपोर्ट पर हुई घटना के बाद अबू धाबी की ओर डायवर्ट कर दिया गया।

### 6 मई तक फ्लाइट्स सस्पेंड

बयान में तेल अवीव जाने वाली फ्लाइट्स को सस्पेंड करने का फैसला लिया गया। बयान में कहा गया-हम अपने यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तेल अवीव से आने-जाने वाली उड़ानें 6 मई 2025 तक तत्काल प्रभाव से निलंबित रहेंगी। ग्राउंड पर हमारा स्टाफ ग्राहकों की सहायता कर रहा है और उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था करने में मदद कर रहा है। एयरलाइन ने कहा कि 4 से 6 मई 2025 के बीच वैध टिकट के साथ हमारी फ्लाइट बुक करने वाले कस्टमरों को यात्रा पुनर्निर्धारण पर एक बार की छूट या कैंसिलेशन पर फुल रिफंड की पेशकश की जाएगी। हम दोहराना चाहेंगे कि एयर इंडिया में हमारे ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### यमन से दागी मिसाइल से 4 घायल

बेन गुरियन एयरपोर्ट के मुख्य टर्मिनल के पास यमन से दागी गई मिसाइल के गिरने से चार लोग घायल हो गए। मिसाइल हमले ने एयरपोर्ट पर परिचालन को कुछ समय के लिए रोक दिया। अधिकारियों ने बाद में कहा कि परिचालन फिर से शुरू हो गया है। हूती सैन्य प्रवक याह्या सारी ने कहा कि बेन गुरियन एयरपोर्ट एयर ट्रैवल के लिए अब अब सुरक्षित नहीं है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कैट्ज ने जोरदार जवाब देने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि कोई भी हमें मारेगा, हम उन्हें सात गुना अधिक ताकत से मारेंगे।

---

**एक मीडिया रिपोर्ट में बड़ा खुलासा: पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के पास नहीं बचा गोला-बारूद**

# युद्ध हुआ तो सिर्फ 4 दिन में घुटनों पर होगा पाक, ज्यादा देर तक नहीं टिक पाएगी सेना

इस संकट की एक बड़ी वजह पाकिस्तान द्वारा हाल ही में यूक्रेन को भेजा गया हथियारों का जखीरा है। खास तौर पर 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की भारी मात्रा में आपूर्ति से पाकिस्तान के पास अपने भंडार खत्म हो गए हैं।

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली


पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के चौरतफा दबाव से घिरे पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ, उनके मंत्री और सैन्य अधिकारी भले ही युद्ध की धमकी दे रहे हों लेकिन हकीकत कुछ ओर ही बयां करती है। दरअसल, पाकिस्तान की सेना इन दिनों एक गंभीर गोला-बारूद संकट से जूझ रही है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सेना के पास सिर्फ 96 घंटे तक युद्ध लड़ने के लिए जरूरी गोला-बारूद बचा है।

इसका मतलब है कि अगर कोई भी उच्च तीव्रता वाला युद्ध शुरू हो जाए, तो पाकिस्तान की सेना ज्यादा देर तक टिक नहीं पाएगी। इस संकट की एक बड़ी वजह पाकिस्तान द्वारा हाल ही में यूक्रेन को भेजा गया हथियारों का जखीरा है। खास तौर पर 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की भारी मात्रा में आपूर्ति से पाकिस्तान के पास अपने भंडार खत्म हो गए हैं। ये गोले पाकिस्तान की आर्टिलरी-आधारित युद्ध नीति के लिए बेहद जरूरी हैं, जो अब सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। पाकिस्तान की हथियार निर्माण कंपनी पाकिस्तान ऑर्डनेंस फैक्ट्री (पीओएफ), जो सेना को गोला-बारूद उपलब्ध कराती है वो अब पुराने उपकरणों और सीमित उत्पादन क्षमता के कारण घरेलू मांग पूरी नहीं कर पा रही है। पीओएफ का दावा है कि उसकी प्राथमिकता घरेलू जरूरतें हैं, लेकिन वर्तमान हालात में वो असफल रही है।

### 155एमएम आर्टिलरी शेल्स की आपूर्ति से भंडार खत्म



### पीओएफ द्वारा गोला-बारूद निर्माण की सीमित क्षमता



### डिपो में गोला-बारूद नहीं

बढ़ते खतरे को देखते हुए पाकिस्तान ने भारत सीमा के पास नए गोला-बारूद डिपो बनाना शुरू किया है। लेकिन जानकारों का कहना है कि जब भरने के लिए गोला-बारूद ही नहीं है, तो इन डिपो का कोई रणनीतिक फायदा नहीं होगा। एक रक्षा विशेषज्ञ ने बताया कि पाकिस्तान ने अपने गोले दूसरे देशों के युद्ध में भेज दिए और खुद खाली हाथ रह गया। यह एक आर्थिक लाभ के लिए उठाया गया कदम था, जिसने दीर्घकालिक रणनीतिक नुकसान पहुंचाया है।

### सैटेलाइट इमेज से हुई ना'पाक' करतूत बेनकाब

*पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षण शिविर की तस्वीर सामने आई है। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को पीओके में मौजूद लश्कर के इस शिविर की सैटेलाइट इमेज मिली है।इस शिविर का नाम 'जंगल मंगल शिविर' है और यह पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के मनसेहरा जिले के अतर सीसा कस्बे में स्थित है।*




**पीओके में दिखा लश्कर-ए-तैयबा का प्रशिक्षण**

लश्कर के प्रशिक्षण शिविर के पास मिलिट्री एस्टेब्लिशमेंट बिल्डिंग और एक मस्जिद भी मौजूद है। प्रशिक्षण शिविर में एक लिविंग एरिया, गेस्ट मीटिंग हॉल है। हथियारों की प्रैक्टिस के लिए एक बड़ा ग्राउंड एरिया भी मौजूद है। शिविर में विदेशी आतंकियों को प्रशिक्षित करने की अलग से व्यवस्था है। पीओके में मौजूद इस जंगल मंगल आतंकी प्रशिक्षण शिविर के फगला बीआर लोकेशन पर आतंकियों और आईएसआई के बड़े कमांडरों की बैठकें होती हैं।

### सेना के शीर्ष अधिकारियों की बैठक में उठा मुद्दा

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 2 मई को हुई कोर कमांडर्स की विशेष बैठक में इस गंभीर स्थिति पर चर्चा हुई। सेना के वरिष्ठ अधिकारी इस हालात को लेकर बेहद चिंतित हैं और कई हद तक असहज महसूस कर रहे हैं। पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पहले ही पाकिस्तान की सीमित युद्ध क्षमता को लेकर चेतावनी दे चुके थे। उन्होंने आर्थिक और लॉजिस्टिक समस्याओं को प्रमुख वजह बताया था। पाकिस्तान की वर्तमान आर्थिक स्थिति, जिसमें महंगाई चरम पर है, कर्ज लगातार बढ़ रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार गिर रहा है।

---

**पीयूष गोयल ने सस्टेनेबिलिटी पहल को सराहा**

## भारत-यूके के बीच व्यापार समझौते पर तेजी से आगे बढ़ रही है बातचीत

एजेंस ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल लंदन दौरे पर भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच चल रही मुक्त व्यापार समझौता बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से मुलाकातें कर रहे हैं। उन्होंने इंटरनेशनल सेंटर फॉर सस्टेनेबिलिटी का दौरा किया और भारत के पर्यावरण और सतत विकास के प्रयासों की सराहना की। गोयल ने सेंटर के संस्थापक ट्रस्टी सचिन नंदा से मुलाकात की और सेंटर द्वारा भारत-यूके सहयोग और भारत के सस्टेनेबिलिटी पहल को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के प्रयासों को सराहा।

### भारतीय संगठनों के प्रतिनिधियों से की मुलाकात



गोयल ने यूके में मौजूद भारतीय संगठनों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की और उनके सांस्कृतिक और आर्थिक योगदान की सराहना की। उन्होंने लिखा कि ये संगठन भारत और यूके के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रिश्तों को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। गोयल ने लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम से भी बातचीत की।

### यूके के साथ निवेश, व्यापार को बढ़ावा देने पर

गोयल ने यूके के बिजनेस एंड ट्रेड सेक्रेटरी जोनाथन रेनॉल्ड्स से मुलाकात की और भारत-यूके एफटीए को जल्द पूरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने इस व्यापार समझौते के जरिए निवेश, व्यापार और इनोवेशन को बढ़ावा देने पर सहमति जताई।

---

**रूसी राष्ट्रपति पुतिन का बड़ा बयान, कहा-**

## यूक्रेन से युद्ध जीतने के लिए नहीं पड़ेगी परमाणु हथियारों की जरूरत

एजेंसी ▸▸ मॉस्को




अक्सर यूक्रेन पर परमाणु हमले की धमकी देने वाले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बड़ा बयान दिया है। पुतिन का कहना है कि यूक्रेन से युद्ध जीतने के लिए रूस को परमाणु हथियारों की जरूरत नहीं पड़ेगी।

पुतिन के इस बयान से सिर्फ यूक्रेन ही नहीं, बल्कि अमेरिका समेत यूरोपीय देश भी राहत की सांस ले सकते हैं। जबकि इससे पहले पुतिन कई बार यूक्रेन पर परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की चेतावनी दे चुके हैं। पुतिन ने रविवार को प्रसारित एक संदेश में कहा कि यूक्रेन में परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आवश्यकता नहीं पड़ी है और उम्मीद करता हूं कि आगे भी ऐसी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। पुतिन ने कहा कि हमारे पास पर्याप्त शक्ति और साधन हैं, जिससे 2022 में जो शुरू किया गया था, उसे रूस की अपेक्षाओं के अनुरूप तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाया जा सके।

---

**मैक्सिको में अमेरिकी सेना तैनाती मामला**

## ट्रंप के प्रस्ताव को राष्ट्रपति शिनबाम ने सिरे से नकारा



एजेंसी ▸▸ मैक्सिको सिटी

मैक्सिको से मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सेना को तैनात करने का प्रस्ताव दिया। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने इसे सिरे से नकार दिया है। शिनबाम ने कहा कि कॉल पर ट्रंप ने कहा था कि नशीले पदार्थों की तस्करी से लड़ने में सेना आकर आपकी मदद करेगी।

### संप्रभुता बिक्री के लिए नहीं है

*उन्होंने ट्रंप से कहा कि संप्रभुता बिक्री के लिए नहीं है। संप्रभुता को प्यार किया जाता है और उसकी रक्षा की जाती है। शनिवार को शिनबाम के सख्त रुख ने संकेत दिया कि एकतरफा सैन्य हस्तक्षेप के लिए अमेरिकी दबाव आव्रजन और व्यापार पर सहयोग के बाद उन्हें और ट्रंप को टकराव के रास्ते पर ले जाएगा। शिनबाम ने कहा कि हम साथ मिलकर काम कर सकते हैं, लेकिन आप अपने क्षेत्र में और हम अपने क्षेत्र में। हम अपने क्षेत्र में अमेरिका की सेना की उपस्थिति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे।*

---

**बांग्लादेश में भड़के कट्टरपंथी**

## कहा- पश्चिमी कानून हमारे ऊपर मत थोपो, ये इस्लामिक आस्था के खिलाफ



एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शनिवार को एक कट्टरपंथी इस्लामी ग्रुप हिफाजत-ए-इस्लाम से जुड़े 20 हजार लोगों ने रैली निकाली। इसमें सरकार से महिला सुधार आयोग को खत्म करने की मांग की गई। रैली में आए लोगों ने महिला सुधार आयोग को इस्लामी आस्था

### आयोग के सदस्यों के लिए सजा की मांग की

हिफाजत-ए-इस्लाम से जुड़े एक नेता मामुनुल हक ने महिला सुधार आयोग के सदस्यों के लिए सजा की भी मांग की। आयोग ने देश के बहुसंख्यक लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। महिला मदरसा के शिक्षक मोहम्मद शिहाब उद्दीन ने रैली में कहा कि पुरुष और महिला कभी समान नहीं हो सकते। कुरान में महिलाओं और पुरुषों के लिए जीवन जीने के खास नियम बताए गए हैं।

---

**पाक की गीदड़भभकी के बीच 'दोस्त' रूस का मिला साथ, भारतीय सेना की बढ़ी ताकत**

# केमलिन से भारत को मिली इग्ला-एस मिसाइल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरण पर है। इस बीच रूस ने भारतीय सेना को इग्ला-एस मिसाइलों की नई आपूर्ति प्रदान की है। बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरएडीएस- वीशोरेड्स) भारतीय सेना की वायु रक्षा सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इग्ला-एस मिसाइलों की नई आपूर्ति केंद्र द्वारा बलों को दी गई आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत किए गए अनुबंध के हिस्से के रूप में प्राप्त हुई है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इग्ला-एस वायु रक्षा मिसाइलों की नई आपूर्ति कुछ हफ्ते पहले भारतीय सेना को मिली हैं। इससे सीमाओं पर दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलिकॉप्टरों और



ड्रोन से खतरे का ख्याल रखने के लिए अग्रिम संरचनाओं को प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करीब 260 करोड़ रुपए के इस अनुबंध से अग्रिम क्षेत्रों, खासकर पश्चिमी क्षेत्र में वायु रक्षा सैनिकों की ताकत बढ़ने की उम्मीद है।

### मारक क्षमता 6 किलोमीटर तक



इग्ला-एस मिसाइलें इंफ्रारेड टेक्नोलॉजी पर आधारित हैं। सेना पहले से ही इस प्रणाली के पुराने वर्जन का इस्तेमाल कर रही थी। अब नए संस्करण से हवाई खतरों से निपटने की क्षमता कई गुना बढ़ेगी। इग्ला-एस इन्फ्रारेड (आईआर) सीकर पर आधारित है, यानी यह दुश्मन के एयरक्राफ्ट के इंजन की गर्मी को ट्रैक करके निशाना बनाती है, जिससे इसे रडार से पकड़ना कठिन होता है। इसकी रेंज करीब 6 किलोमीटर तक है, यानी यह कम ऊंचाई पर 6 किमी दूर तक किसी भी लक्ष्य को गिरा सकती है।

### चलाने में आसान और हल्का

*यह कंधे पर ले जाने योग्य सिस्टम है, जिसे कठिन इलाकों में आसानी से ले जाया जा सकता है और कुछ सेकंड में ऑपरेशन के लिए तैयार किया जा सकता है। इग्ला-एस में प्रॉक्सीमिटी फ्यूज भी होता है, जो टारगेट से सीधे न टकराने पर भी उसे निष्क्रिय करने में सक्षम होता है। यह प्रणाली खासकर ड्रोन व यूएवी से निपटने में बेहद असरदार मानी जाती है, जो कि आधुनिक युद्ध की सबसे बड़ी चुनौती बन चुके हैं। इसके रख-रखाव और तैनाती की लागत अपेक्षाकृत कम है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109